ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 14 जून 2024
वर्ष 34, अंक 138, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



करण की किल का ट्रेलर रिलीज 14

विंबलडन में नहीं खेलूंगा : राफेल नडाल 13




## अजीत डोभाल एनएसए, मिश्रा बने रहेंगे मोदी के प्रधान सचिव

- 10 जून से ही प्रभावी होगी दोनों की नियुक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी



अजीत डोभाल



डॉ. पीके मिश्रा

भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी अजीत डोभाल को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त किया गया है और डॉ. पीके मिश्रा को दोबारा प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव बनाया गया है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति के मामलों की समिति ने इन दोनों अधिकारियों की नियुक्ति को गुरुवार को मंजूरी दे दी। समिति ने सेवानिवृत आईएएस अधिकारियों अमित खरे और तरुण कपूर को भी प्रधानमंत्री कार्यालय में सलाहकार नियुक्त किया है। केन्द्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने गुरुवार को बताया कि डोभाल और डॉ. मिश्रा की नियुक्ति 10 जून से प्रभावी होगी और प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल या अगले आदेश जो भी पहले हो तब तक रहेगी।

# कश्मीर से आतंकवाद के खात्मे को लगाएं पूरी ताकत

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई आतंकी घटनाओं के बाद की जम्मू-कश्मीर में स्थिति की समीक्षा, दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी



- आतंकी घटनाओं के बाबत गृहमंत्री शाह, एनएसए डोभाल से की वार्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस पर हमले सहित जम्मू एवं कश्मीर में हाल के दिनों में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के बाद गुरुवार को वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को 'आतंकवाद रोधी क्षमताओं का पूर्ण इस्तेमाल' करने का निर्देश दिया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य अधिकारी मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की गई और सुरक्षा बलों की तैनाती और आतंकवाद विरोधी अभियानों पर चर्चा की गई।

सूत्रों ने बताया कि मोदी ने जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और केंद्र शासित प्रदेश में स्थिति का जायजा लिया। सिन्हा ने उन्हें स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में प्रधानमंत्री को क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी स्थिति और वहां चलाए जा रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों से अवगत कराया गया। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उनसे आतंकवाद से निपटने की हमारी क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल करने को कहा। पिछले चार दिनों में जम्मू एवं कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर आतंकवादियों के हमले में नौ तीर्थयात्री मारे गए तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया। इन हमलों में सात सुरक्षाकर्मी तथा कई अन्य घायल हो गए।

### जम्मू-कश्मीर के सभी स्कूलों में राष्ट्रगान अनिवार्य, जारी किए गए आदेश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्र शासित प्रदेश के सभी स्कूलों में सुबह राष्ट्रगान अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने एक परिपत्र जारी करते हुए सभी स्कूलों को निर्देश दिया कि वे पूरे केंद्र शासित प्रदेश में सुबह की कक्षाओं को एक समान बनाएं और इसकी शुरूआत राष्ट्रगान से करें। बुधवार को जारी परिपत्र में कहा गया कि मानक शिष्टाचार के अनुसार सुबह अध्ययन की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ ही होनी चाहिए। विभाग ने कहा कि सुबह की कक्षाएं छात्रों में एकता और अनुशासन की भावना पैदा करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई हैं। जारी किए गए परिपत्र में स्कूलों के लिए 16 कदम सुझाए गए हैं, जिनमें कहा गया है कि कक्षाएं नैतिक अखंडता, साझा समुदाय और मानसिक शांति के मूल्यों को पोषित करने के लिए मंच के रूप में काम करती हैं। हालांकि, इस परंपरा का जम्मू-कश्मीर के स्कूलों में समान रूप से निर्वाह नहीं किया जा रहा है।

## एक नजर

### पराग दूध आज शाम से दो रुपये प्रति लीटर महंगा

**लखनऊ।** लखनऊ दुग्ध संघ ने 14 जून की शाम से पराग दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। कीमतों में वृद्धि सभी वैरायटी में की गई है। इनमें पराग गोल्ड, टोंड समेत सभी तरह के दूध हैं। लखनऊ कार्यक्षेत्र से जुड़े क्षेत्रों में दूध की ये नई दरें शुक्रवार शाम से प्रभावी हो जाएंगी। कंपनी के महाप्रबंधक विकास बालियान ने बताया कि एक लीटर पराग गोल्ड की नई कीमत अब 68 रुपये होगी। पहले यह 66 रुपये लीटर था। 54 रुपये में मिलने वाला टोंड मिल्क 56 रुपये लीटर मिलेगा। लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में बिक रहे दूध पर नई कीमतें प्रभावी होंगी।

### चालू वित्त वर्ष में विकास दर 8% रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** प्रमुख उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 8% की दर से बढ़ने का अनुमान है] लेकिन इसके लिए अगली पीढ़ी के सुधारों को मिशन मोड में आगे बढ़ाने की जरूरत है। सीआईआई के नव-निर्वाचित अध्यक्ष संजीव पुरी ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान विकास दर 8% को छूने के लिए तैयार है, जो चौथे वर्ष 7% से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। यह विकास अन्य अनुमानों से अधिक है लेकिन पिछले वर्षों में भारत ने शुरुआती अनुमानों से काफी बेहतर प्रदर्शन किया है।

### जीएसटी परिषद की बैठक 22 जून को

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक 22 जून को होगी। इसमें ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र पर 28 प्रतिशत जीएसटी के कार्यान्वयन की समीक्षा की जा सकती है। जीएसटी परिषद सचिवालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून, 2024 को नई दिल्ली में होगी।

# नीट-यूजी: ग्रेस मार्क्स रद, दोबारा होगी 1563 अभ्यर्थियों की परीक्षा

## छात्रों को विकल्प देने के केंद्र सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट की स्वीकृति

नई दिल्ली, एजेंसी



- 23 जून को आयोजित होगी परीक्षा 30 जून को घोषित होंगे परिणाम

मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित की गई विवादित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दौरान देर से प्रश्नपत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया गया है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की सुप्रीम कोर्ट की अवकाशकालीन पीठ ने शिक्षक अलख पांडे और अन्य की याचिकाओं पर पुनः परीक्षा कराने के फैसले से संबंधित केंद्र सरकार के हलफनामे पर विचार के बाद गुरुवार को यह अनुमति दी। नीट-यूजी 202 विवाद मामले में एनटीए ने सुनवाई शुरू होते ही पीठ के समक्ष कहा कि जिन 1563 विद्यार्थियों को देर से प्रश्न पत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) दिए गए थे, उनके प्राप्तांक (स्कोर-कार्ड) रद करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही उन्हें दोबारा परीक्षा देने का विकल्प देने का फैसला किया गया है। अदालत के समक्ष एनटीए ने यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले 1563 विद्यार्थियों में जो दोबारा परीक्षा में शामिल होने का विकल्प अपनाएंगे, उन्हें इस परीक्षा में प्राप्त अंक वाले अंक पत्र जारी किए जाएंगे। यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले जो विद्यार्थी दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे, उन्हें पहले दिए गए क्षतिपूर्ति अंक काटकर अंक पत्र जारी किए जाएंगे। न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की दलीलों पर विचार के बाद दोबारा परीक्षा आयोजित कर परिणाम घोषित करने की अनुमति दी, लेकिन स्पष्ट किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया जारी रहेगी। शीर्ष अदालत के समक्ष एनटीए ने कहा कि केवल 1563 उम्मीदवारों के लिए पुनः परीक्षा 23 जून और परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। काउंसलिंग 6 जुलाई से शुरू की जाएगी। केंद्र की ओर से पेश अधिवक्ता कनु अग्रवाल ने कहा कि दोबारा परीक्षा का निर्णय एक समिति की सिफारिश पर लिया गया है। कोर्ट ने कहा कि नकल की शिकायतों से संबंधी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई की जाएगी।

### प्रश्नपत्र लीक होने का कोई प्रमाण नहीं : प्रधान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) में प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि इन दावों की पुष्टि के लिए कोई सबूत नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी छात्र का नुकसान नहीं हो। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने चार जून को नीट-यूजी के परिणाम घोषित किए। प्रधान ने दूसरी बार केंद्रीय शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद संवाददाताओं से कहा कि नीट-यूजी में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं है। एनटीए में भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद हैं।

### कांग्रेस संसद में उठाएगी नीट में धांधली का मुद्दा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने नीट-यूजी, 2024 में कथित धांधली को लेकर केंद्र सरकार पर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया और कहा कि 24 जून से आरंभ हो रहे संसद के सत्र के दौरान इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। कांग्रेस इस मामले में सीबीआई जांच चाहती है, लेकिन अगर सरकार इसके लिए तैयार नहीं है तो फिर उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए। कांग्रेस ने यह मांग भी की है कि एनटी के महानिदेशक को उनके पद से हटाया जाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि इस सरकार में 'पैसे दो, पेपर लो' का खेल खेला जा रहा है। खरगे ने एक्स' पर पोस्ट किया कि नीट में केवल कृपांक की समस्या नहीं थी। धांधली हुई है, पेपर लीक हुए हैं, भ्रष्टाचार हुआ है।

# कानपुर में पांचवीं मंजिल से गिरकर महिला डॉक्टर की मौत

## बुधवार देर रात मेडिकल कॉलेज में परीक्षा भवन की 5वीं मंजिल से डक्ट में गिरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छत पर दो बैचमेट डॉक्टरों के साथ चल रही थी पार्टी, बैचमेट पर हत्या का आरोप
- सुरेश शर्मा नगर बरेली की थी निवासी, मेरठ मेडिकल कॉलेज में 25 को थी ज्वाइनिंग
- डॉक्टर के शरीर पर 36 से ज्यादा चोटें मिलीं, पेट में अल्कोहल भी पाया गया

**अमृत विचार :** स्वरूप नगर थाना क्षेत्र में स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (जीएसवीएम) में बने परीक्षा भवन की पांचवीं मंजिल से बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में गिरने से महिला एमबीबीएस डॉक्टर की मौत हो गई। बरेली निवासी महिला डॉक्टर अपने दो साथी पुरुष डॉक्टरों के साथ पांचवीं मंजिल पर पार्टी कर रही थी। पुलिस ने दोनों साथी डॉक्टरों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। परिजनों ने दोनों डॉक्टरों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम में महिला डॉक्टर के शरीर पर 36 से ज्यादा चोटों का पता चला है। पेट में अल्कोहल भी मिला है। आंतरिक रक्तस्राव से मौत की पुष्टि हुई है।

मूलरूप से जसवंत नगर इटावा के ग्राम अजनौरा के रहने वाले रघुवीर तिवारी सेना में मेजर के पद पर बरेली में तैनात रहे। इस दौरान उन्होंने वहां बरेली के थाना बारादरी के सुरेश शर्मा नगर में मकान बनवा लिया था। उनके निधन के बाद से प्रिंटिंग प्रेस का कारोबार करने वाले



उनके बड़े बेटे प्रदीप तिवारी अपनी पत्नी अनीता, पुणे में इंजीनियर बेटे मयंक तिवारी और इकलौती बेटी दीक्षा तिवारी (24) के साथ रह रहे हैं। पिता के अनुसार बेटी दीक्षा ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर से एमबीबीएस किया था। उसकी मेरठ मेडिकल कॉलेज में नौकरी लग गई थी। वह तीन दिन पूर्व मेरठ गई थी। 25 जून से उसे नौकरी पर रेगुलर होना था। वह अपना सामान लेने कानपुर गई थी। पुलिस ने बताया कि दीक्षा आर्यनगर में किराए पर कमरा लेकर रह रही थीं। वह एक डॉक्टर के रिलेशनशिप में थीं। मेरठ जाने से पहले उनके बैचमेट डॉक्टर मयंक और डॉक्टर हिमांशु ने आर्य नगर में एक रेस्टोरेंट में पार्टी की। इसके बाद बुधवार देर रात करीब 1 बजे वह लोग मेडिकल कॉलेज कैंपस में परीक्षा भवन में गए और पांचवीं मंजिल पर फिर से पार्टी शुरू की। तीनों डॉक्टर डक्ट की पांच फुट ऊंची दीवार पर चढ़कर बैठ गए। पुलिस ने बताया कि दीक्षा बीच में बैठी थी और दोनों डॉक्टर अगल-बगल बैठे थे। तभी दीक्षा डक्ट की ऊपरी सतह की स्लैब तोड़ते हुए डक्ट में नीचे जा गिरी। दोनों डॉक्टरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और लहूलुहान अवस्था में दीक्षा को लेकर हैलट अस्पताल पहुंची। इमरजेंसी में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसीपी शिखर और डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम पहुंचे और दोनों डॉक्टरों को हिरासत में लिया। पिता प्रदीप तिवारी, अजीतमल निवासी मौसा अरुण दुबे, फुफेरे भाई गौरव ने आरोप लगाया कि दोनों साथी डॉक्टरों ने पार्टी के बाद उसकी हत्या करके डक्ट में फेंक दिया। आरोप है कि पुलिस की कहानी फिल्मी है।

# पीड़ितों की सहायता के लिए कुवैत पहुंचे विदेश राज्यमंत्री



कुवैत के जाबेर अस्पताल में एक घायल का हाल लेते विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह।

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

### मंगाफ अग्निकांड

- शवों का हो रहा डीएनए परीक्षण वायुसेना का विमान तैयार
- छह मंजिला इमारत में आग लगने से मारे गए थे 40 भारतीय

कुवैत में एक इमारत में लगी भीषण आग में घायल हुए लोगों की सहायता के लिए किए जा रहे कार्यों की निगरानी करने और इस घटना में मारे गए भारतीयों के शवों को शीघ्र भारत भेजने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह गुरुवार को कुवैत पहुंचे। कुवैत के दक्षिणी शहर मंगाफ में छह मंजिला एक इमारत में बुधवार को भीषण आग लग गई थी जिसमें 195 प्रवासी श्रमिक रहते थे। इस घटना में 49 विदेशी कामगारों की मौत हो गई और 50 घायल हो गए थे। कुवैत के प्रथम उपप्रधानमंत्री शेख फहद के मुताबिक 48 शवों की पहचान कर ली गई है जिसमें 45 भारतीय और 3 फिलीपीन के हैं। एक शव की पहचान के प्रयास जारी है।

कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह आग हादसे में घायल हुए लोगों की सहायता के प्रयासों और हादसे में मारे गए लोगों के पार्थिव शरीरों की शीघ्र वतन वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए कुवैत पहुंचे हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा कि कुवैत के अधिकारी दक्षिणी कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में आग की घटना में मारे गए लोगों के शवों का डीएनए परीक्षण करा रहे हैं। भारतीयों के पार्थिव शरीर वापस लाने के लिए भारतीय वायुसेना का एक विमान तैयार रखा गया है।

### मृतकों में तीन उप्र. के

**लखनऊ।** कुवैत में आग की घटना में मरने वाले 45 भारतीयों में तीन उत्तर प्रदेश के हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य के आलाधिकारी विदेश मंत्रालय और कुवैत स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं। मृतकों में प्रवीण माधव सिंह (वाराणसी), जयराम गुप्ता और अंगद गुप्ता (गोरखपुर) के हैं।

# दिल्ली को पानी देने से मुकरा हिमाचल प्रदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट में कहा-उसके पास नहीं है अतिरिक्त पानी
- कोर्ट ने दिल्ली सरकार को यमुना नदी बोर्ड जाने को कहा

हिमाचल प्रदेश ने सुप्रीम कोर्ट में अपने पिछले बयान से पलटते हुए कहा कि उसके पास अतिरिक्त पानी नहीं है, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने गुरुवार को दिल्ली सरकार को जल आपूर्ति के लिए अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) का दरवाजा खटखटाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार को शाम पांच बजे तक अपर यमुना रिवर बोर्ड को मानवीय आधार पर पानी की आपूर्ति के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया। हिमाचल सरकार ने पिछला बयान वापस लेते हुए सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उसके पास 136 क्यूसेक अतिरिक्त पानी नहीं है। पीठ ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल बंटवारे का मुद्दा जटिल है और अदालत के पास अंतरिम आधार पर इसका फैसला करने की तकनीकी विशेषज्ञता नहीं है। पीठ ने कहा कि इस मुद्दे को 1994 के समझौता ज्ञापन में पक्षों की सहमति से गठित निकाय के विचारार्थ छोड़ दिया जाना चाहिए।

# येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो केस में गैर जमानती वारंट जारी

बेंगलुरु, एजेंसी



- भाजपा नेता पर लगा है नाबालिग के यौन उत्पीड़न का आरोप
- कर्नाटक के पूर्व सीएम ने खुद पर लगे आरोपों को किया खारिज

बेंगलुरु की अदालत ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट (एनवीडब्ल्यू) जारी किया है। येदियुरप्पा के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) के मामले की जांच कर रहे सीआईडी ने पहले पूछताछ को बुलाया था। येदियुरप्पा ने जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए समय मांगा था। येदियुरप्पा के करीबी सूत्रों के अनुसार भाजपा नेता फिलहाल दिल्ली में हैं और उनके लौटने के बाद जांच में शामिल होने की संभावना है।

पुलिस के अनुसार येदियुरप्पा पर 17 वर्षीया किशोरी की मां की शिकायत के आधार पर पॉक्सो अधिनियम और आईपीसी की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। किशोरी की मां ने येदियुरप्पा पर आरोप लगाया है कि उन्होंने इस साल दो फरवरी को डॉलर्स कॉलोनी स्थित अपने आवास पर बैठक के दौरान उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया। सदाशिवनगर पुलिस की ओर से 14 मार्च को मामला दर्ज किए जाने के कुछ ही घंटों बाद कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन ने मामले को जांच के लिए सीआईडी को स्थानांतरित कर दिया था। येदियुरप्पा (81) ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि वह इस मामले से कानून का सहारा लेंगे।

# ऑनलाइन मंगाई आइस्क्रीम निकला मांस का टुकड़ा

- पुलिस ने फोरेंसिक जांच के लिए भेजा सैंपल

**मुंबई।** मुंबई के मलाड इलाके में एक व्यक्ति ने ऑनलाइन कोन आइस्क्रीम मंगाई और उसे कोन में नाखून के साथ मांस का टुकड़ा मिला। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि संदेह है कि मांस का टुकड़ा मनुष्य की कटी अंगुली है, इसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि मलाड पश्चिम में रहने वाले एक डॉक्टर ने यम्मो कंपनी की बटरस्कॉच कोन आइसक्रीम ऑनलाइन मंगाया था। खाने को खोला तो कोन से आधे इंच का एक मांस का टुकड़ा निकला, जिसमें नाखून भी था। एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे डाक्टर ने आइसक्रीम कंपनी के इंस्टाग्राम पेज पर इसकी शिकायत की। लेकिन कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने मांस के टुकड़े को बर्फ की थैली में रखा और मलाड पुलिस थाने में शिकायत की। कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव 26 को

**नई दिल्ली।** लोकसभा 26 जून को अपने नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। सचिवालय ने गुरुवार को बताया कि लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा। लोकसभा से जारी बुलेटिन के अनुसार अध्यक्ष के चुनाव के लिए तय तिथि से एक दिन पहले दोपहर 12 बजे से पहले कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य सदस्य के समर्थन में प्रस्ताव के लिए महासचिव को नोटिस दे सकते हैं। अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव के वास्ते नोटिस 25 जून दोपहर 12 बजे से पहले दिए जा सकते हैं।

# 25 प्रतिशत तक कम होंगी फ्लैट्स की कीमतें

## उप्र. के विभिन्न शहरों में विकास प्राधिकरणों के मकानों के लिए नई कास्टिंग गाइडलाइन तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- कमेटी की तैयार रिपोर्ट शासन के पाले में, कैबिनेट से मंजूरी के बाद लागू किया जाएगा

> मुख्यमंत्री की मंशानुरुप जनहित से जुड़ी तमाम योजनाओं को लेकर दिए सुझाव व्यापक अर्थों में हैं। कैबिनेट से पास हो जाने पर आगे इसे लागू करने पर अमल किया जाएगा। – **नितिन रमेश गोकर्ण**, अपर मुख्य सचिव आवास

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में अलग-अलग आय समूहों के लिए तैयार प्राधिकरणों के फ्लैट्स की कीमतें 15 से 25 प्रतिशत तक कम हो सकतीं हैं। कीमतें कम करने के मद्देनजर कम्पाऊंड चार्ज कम करने के सुझाव के साथ एक कास्टिंग गाइड लाइन तैयार कर शासन को भेजी गई है।

मार्च में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने भी ओवरहेड और कंटीजेंसी चार्ज कम कर 1000 फ्लैट बेचने की योजना बनाई थी, आने वाले समय में पूरे राज्य में यह प्रयोग लागू हो सकता है। दरअसल, राज्य में फिलहाल सम्पत्तियों की कीमतों की गणना साल 1999 में बनी कास्टिंग गाइडलाइन पर आधरित है। इसमें कई ऐसे चार्ज जुड़े हैं जिससे सम्पत्तियों की कीमतें बढ़ जाती हैं। अलग-अलग आय समूहों के लिए बने फ्लैट्स के बेसिक मूल्य पर कंटीजेंसी और ओवरहेड चार्ज लिया जाता हैं। एलडीए उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने कास्टिंग गाइड लाइन में बड़ा सुधार करने का सुझाव दिया है। प्रस्ताव शासन के पाले में है, अगर इस पर मुख्यमंत्री की सहमति मिली और बाद में इस प्रस्ताव को कैबिनेट से पारित करा लिया गया तो फलैट्स की कीमतें दो से पांच लाख रुपये तक कम हो सकतीं हैं।

अगर कैबिनेट से प्रस्ताव पारित हो गया तो एचआईजी, एमआईजी और एमएमआईजी श्रेणी के मकानों के कंटीजेंसी शुल्क में 8 जबकि ओवरहेड चार्ज में 7.50 फीसद की कमी हो जाएगी। इतना ही नहीं, भूखण्डों पर लगने वाली ब्याज दरों में भी कमी होगी। इस कड़ी में शासन को भेजी गई गाइडलाइन में ईडब्ल्यूएस व एलआईजी पर सात, एमआईजी पर आठ, एचआईजी पर 9 जबकि व्यावसायिक भवन भूखण्ड होने पर 11 फीसद ब्याज लेने का सुझाव दिया गया है। विलम्ब से भुगतान करने पर 2 फीसद अतिरिक्त ब्याज देना होगा।

इसी तरह लीज होल्ड भवनों में भूमि के अतिरिक्त भवनों के निर्माण लागत पर फ्री होल्ड चार्ज न लेने का सुझाव दिया गया है। वहीं, आवंटी को 45 दिन में एकमुश्त भुगतान पर छह, 60 दिन में पूरे पैसे जमा करने पर पांच फीसद छूट जैसी सुविधा भी दी जाएगी।

## एक नजर

### चोर दरवाजे से दरें बढ़ाने की कोशिश कर रहा कॉरपोरेशन

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि पावर कॉरपोरेशन 'चोर दरवाजे' से दरें बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, पर किसी तरह दरों में बढ़ोतरी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के पक्ष में निकल रहे 33,122 करोड़ के एवज में अगले पांच सालों तक बिजली दरों में आठ प्रतिशत की कमी किए जाने की मांग की। मालूम हो की नोएडा पावर कंपनी की ओर से पिछले दो साल से उपभोक्ताओं को दस प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

# बिजली दरों पर पावर कॉरपोरेशन ने आयोग में पेश नहीं किया प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कहा, दरों पर आयोग स्वयं ले निर्णय

**अमृत विचार :** प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर इस बार उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने राज्य विद्युत नियामक आयोग में उपभोक्ता श्रेणीवार विस्तृत प्रस्ताव पेश नहीं किया। कॉरपोरेशन ने वार्षिक राजस्व आवश्यकता का उल्लेख करते हुए आयोग से स्वतः दरों के निर्धारण की मांग की है।

आयोग के निर्देश पर पावर कॉरपोरेशन समेत प्रदेश की बिजली कंपनियों ने वार्षिक राजस्व आवश्यकता से संबंधित आंकडे समाचार पत्रों में प्रकाशित कराये, पर बिजली दरों में न तो बढोतरी का और न ही कमी का कोई उल्लेख किया गया। बिजली कंपनियों ने आयोग में प्रस्ताव दाखिल कर बिजली लागत व खर्च के बीच अंतर को देखते हुए बिजली दर पर स्वतः उचित फैसला लेने की मांग की।

यह पहला मौका है कि जब आयोग के निर्देश के बाद भी कॉरपोरेशन ने उपभोक्ता श्रेणीवार प्रस्ताव पेश नहीं किया। हर साल कॉरपोरेशन अपने विस्तृत प्रस्ताव में घरेलू, वाणिज्यिक, उद्योग समेत विभिन्न श्रेणी की नई बिजली दरों का प्रस्ताव पेश करता रहा है। साथ ही, कॉरपोरेशन की ओर से बिजली दरों में बढ़ोतरी की मांग की जाती रही है। हालांकि, उपभोक्ताओं के विरोध के कारण दरें नहीं बढ़ सकी हैं।

# खुर्जा व बुलंदशहर को मिलाकर गठित होगा नया प्राधिकरण

## मुख्यमंत्री ने कहा, सभी नगरों में इनर रिंग रोड का विकास करना आवश्यक, तैयार करें कार्ययोजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** खुर्जा और बुलंदशहर विकास प्राधिकरणों को मिलाकर नया प्राधिकरण गठित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सरकारी आवास पर हुई उच्च स्तरीय बैठक में खुर्जा, बुलंदशहर व मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों की जीआईएस आधारित महायोजना-2031 के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया और सुनियोजित विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खुर्जा और बुलंदशहर दो अलग-अलग विकास प्राधिकरण के रूप में गठित हैं, जबकि दोनों ही विकास प्राधिकारणों में आर्थिक, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरूपता है। पूरा क्षेत्र एक ही जिले बुलंदशहर के अंतर्गत आता है। विकास के लिए दीर्घकालिक योजनाओं को बनाने व उनके सुगम क्रियान्वयन के लिए यह आवश्यक है कि दोनों प्राधिकरणों को मिलाकर एक बड़े विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए।

उन्होंने कहा कि सभी नगरों में इनर रिंग रोड का विकास करना जरूरी है, इसके लिए कार्ययोजना तैयार करें। सीमा विस्तार में शामिल नए गांवों को महायोजना में आबादी के रूप में ही दर्ज करें, ग्रीन बेल्ट के रूप में दर्ज न किया जाय। नदियों, पोखरों व अन्य जलाशयों पर अतिक्रमण न होने दिया जाय। लखनऊ की कुकरैल नदी की तर्ज पर कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि महायोजना में मेडिसिटी, स्पोर्ट्स सिटी, एजुकेशन सिटी, कन्वेशन सेंटर आदि के लिए स्पष्ट क्षेत्र चिन्हित किये जायं। जनसमस्याओं के निस्तारण में तेजी लाएं व नक्शा पास कराने जैसी सामान्य कार्यों में अनावश्यक विलम्ब न हो।



सरकारी आवास पर आवास विभाग की लंबित महायोजनाओं के प्रस्तुतीकरण की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी।

▸▸ खुर्जा, बुलंदशहर व मुरादाबाद के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने किया महायोजना पर विचार

### सिरेमिक हाट का निर्माण कराएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि खुर्जा का सिरेमिक उद्योग देश-विदेश में विशेष पहचान रखता है। वर्ष 2021 में 23 मिलियन यूएस डॉलर मूल्य के सिरेमिक उत्पाद निर्यात किए गए। इस सेक्टर में अभी बहुत संभावना है। आवश्यकता है कि इससे जुड़े उद्यमियों, शिल्पियों की अपेक्षाओं के अनुसार सुविधाओं का विस्तार किया जाए। उन्हें मार्केट उपलब्ध कराएं। सिरेमिक हाट का निर्माण कराएं।

# भीषण गर्मी में टूटा रिकॉर्ड, बिजली की मांग 30 हजार मेगावाट के पार

## ओबरा की दो इकाइयां ठप, बिजली संकट बढ़ा, अन्य स्रोतों से पूरी की गई मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड फिर टूट गया। गुरुवार को बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई। भीषण गर्मी को देखते हुए मांग के 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इस बीच, ओबरा बिजलीघर की दो इकाइयां ठप हो गईं। इससे उत्पादन इकाइयों में बिजली संकट बढ़ गया और एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली की मांग पूरी की गई।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, ओबरा की 660 मेगावाट व 200 मेगावाट की एक-एक इकाई ठप हो गई, जबकि पारीछा की 210 मेगावाट क्षमता की बंद चल रही इकाई चालू नहीं हो सकी। ओबरा की 200 मेगावाट की इकाई के गुरुवार की देर रात तक व बाकी इकाइयों के 14 जून तक चालू होने की उम्मीद जताई गई।



▸▸ 30 हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली आपूर्ति देने वाला पहला राज्य बना प्रदेश

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश देश का पहला राज्य है। जिसने 30 हजार मेगावाट से ज्यादा मांग के अनुरूप बिजली आपूर्ति करने का रिकॉर्ड बनाया। गुरुवार को अधिकतम मांग 30,240 मेगावाट दर्ज हुई। कॉरपोरेशन ने अधिकतम बिजली खपत 653.526 मिलियन यूनिट का नया रिकॉर्ड बनाया।

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा है कि प्रदेश में पहली बार गर्मी में उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। अत्यधिक तापमान और गर्मी के कारण बिजली मांग प्रतिदिन नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। बिजली कर्मियों की कर्मठता से आपूर्ति के रिकॉर्ड भी बन रहे हैं। सभी कार्मिक इस चुनौती पूर्ण समय में पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। उपभोक्ताओं के फोन उठाएं, क्षेत्र में 'पेट्रोलिंग' करें, साथ ही, टोल फ्री नंबर 1912 पर आने वाली सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई करें।

**संभल के अधीक्षण अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि :** पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने बिजली आपूर्ति में उदासीनता बरते जाने पर मुरादाबाद जोन के संभल में तैनात अधीक्षण अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए हैं। मुरादाबाद जोन की समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने बिलिंग व राजस्व वसूली के कार्यों की प्रगति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया।

### संकट केवल स्थानीय खराबी से

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा कि सिस्टम की क्षमता के कारण कहीं भी बिजली कटौती नहीं हो रही है। स्थानीय खराबी के कारण बिजली आपूर्ति के बाधित होने की स्थिति में बिजली कर्मी कम से कम समय में उसे ठीक कर आपूर्ति बहाल करने के लिए प्रयासरत हैं।

### कुछ समय का कीर्तिमान, बाकी समय बदहाली

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन बिजली आपूर्ति का रोज नया रिकॉर्ड बना रहा है, पर प्रदेश के उपभोक्ताओं को बिजली संकट की वजह से गर्मी में पसीना बहाते बीत रहा है। उन्होंने कहा कि बीती रात 10 बजे से रात 11 बजे के बीच केवल 35 मिनट के लिए 30 हजार मेगावाट के ऊपर बिजली की अधिकतम मांग रही। उन्होंने कहा कि 'ब्रेकडाउन' को जोड़ लिया जाए तो बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट के ऊपर जा रही है। उन्होंने स्थानीय खराबी के कारण उत्पन्न बिजली संकट दूर कर लोगों को पर्याप्त बिजली मुहैया कराने की मांग की।

# डीएसपी और महिला डॉक्टर विवाद प्रकरण की जांच शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** बस्ती में महिला मित्र विवाद में फंसे डिप्टी एसपी के प्रकरण को लेकर जांच शुरू हो गई है। महिला मित्र की ओर से दर्ज करायी गयी एफआईआर की जांच के लिए सभी पक्षों को बयान के लिए नोटिस जारी किया गया है।

बता दें कि डिप्टी एसपी विनय सिंह चौहान व उनकी पत्नी और बेटी के खिलाफ जयपुर की एक महिला डॉक्टर ने मारपीट का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करायी। आरोप है कि वह विनय सिंह चौहान से पांच वर्षों से जुड़ी हुई हैं। वह विनय से मिलने के लिए बस्ती उनके सरकारी आवास पर पहुंची थीं। इस दौरान अचानक विनय की पत्नी और बेटी आवास पर पहुंच गईं और उसे लाठी डंडों से पीटा, जिससे वह घायल हो गई। मारपीट में विनय ने भी पत्नी और बेटी की मदद की थी। महिला थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। अब मामले की जांच शुरू हो गई है। सभी पक्षों को बयान देने के लिए बुलाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि उन महिला कांस्टेबल को भी बयान लेने के लिए बुलाया गया, जिसने महिला डॉक्टर को गिरफ्तार किया था। साथ में महिला डॉक्टर को भी नोटिस भेजा गया है।

# कोऑपरेटिव सेल के विलय से सीबीसीआईडी का बढ़ा कद

डीपी शुक्ल, लखनऊ

**अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर पिछले वर्ष नवंबर माह में कोऑपरेटिव सेल का विलय सीबीसीआईडी में हो गया। इससे इसकी साख व धाक में वृद्धि हुई है। इतना ही नहीं, योगी सरकार ने पुलिस विभाग की प्रमुख जांच एजेंसी आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा ईओडब्ल्यू से करीब 260 मामलों की विवेचना सीबीसीआईडी को स्थानांतरित की है।

दो जोनल अफसरों की देख-रेख में प्रदेश में कुल नौ खंड बनाए गए हैं, जिसमें मेरठ, आगरा, बरेली, लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, कानपुर नगर, वाराणसी व जौनपुर शामिल है। यहां प्रत्येक खंड में खंडाधिकारी नियुक्त हैं।

सीबीसीआईडी में तैनात एडीजी के. सत्यनारायण और आईजी राजेश डी. मोदक की देख-रेख में मामलों की विवेचना होती है। कोऑपरेटिव सेल से सीबीसीआर्डडी में इस वर्ष कुल 40 मामलों की विवेचना की जा रही है। वर्तमान में 350 मामले विवेचनाधीन हैं। एक अधिकारी का कहना है कि हर विवेचक को समय रहते हुए निष्पक्ष विवेचना करने के निर्देश है।

सूत्रों के अनुसार, 14 बार विवेचना बदले जाने वाले गोंडा के चर्चित मामले की विवेचना लखनऊ खंडाधिकारी के पर्यवेक्षण में हो रही है, जबकि एक एएसपी पर लगे शारीरिक शोषण की विवेचना कानपुर के खंडाधिकारी को सौंपी गयी है। इसी तरह आगरा के चर्चित अधिवक्ता हत्याकांड की भी विवेचना करने की जिम्मेदारी सीबीसीआईडी को मिली है।



> सीबीसीआईडी में कुल 350 मामले विवेचना के लिए लंबित हैं। सभी विवेचकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह स्वतंत्र होकर गुणवत्तापरक, निष्पक्ष और समय रहते विवेचना कर मामलों का निस्तारण करें।
>
> –एसएन साबत, पुलिस महानिदेशक, सीबीसीआईडी

### प्रमुख विवेचनाधीन मामले

- ▸▸ लखनऊ के एएसपी पर लगा शोषण का आरोप
- ▸▸ गोंडा के तरबगंज का चर्चित दलित हत्याकांड
- ▸▸ आगरा का चर्चित अधिवक्ता हत्याकांड

### निवेश मित्र पोर्टल पर आज से दो दिन नहीं मिल सकेंगे बिजली कनेक्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में निवेश मित्र पोर्टल के जरिये 14 जून से अगले दो दिनों तक बिजली कनेक्शन नहीं मिल सकेंगे। तकनीकी कार्य के लिए दो दिनों के लिए यह सेवा बंद की गई है। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि कॉरपोरशन व सहयोगी वितरण निगमों में निवेश मित्र पोर्टल पर नये बिजली कनेक्शन व बिजली भार में वृद्धि के लिए आवेदन सम्बन्धित कार्य 14 जून को शाम छह बजे से 15 जून को मध्य रात्रि डेढ़ बजे तक बंद रहेगा। उपभोक्ताओ को किसी भी सहायता के लिए 1912 कॉल करने की सलाह दी गई है।

# सास, बेटा, बहू सम्मेलन कराएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का दूसरा चरण 27 जून से शुरू होगा, जो 10 जुलाई तक चलेगा। राज्य सरकार की ओर से आमजन को परिवार नियोजन के महत्त्व के प्रति जागरूक करने के लिए तमाम गतिविधियों जैसे, सारथी वाहन और सास-बेटा-बहू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वहीं पखवाड़े का तीसरा चरण सेवा प्रदायगी 11 से 24 जुलाई तक मनाया जाएगा।

इस दौरान सभी स्वास्थ्य इकाईयों में परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों के बारे में परामर्श दिया जाएगा और योग्य एवं इच्छुक लाभार्थियों के लिए को यह साधन उपलब्ध भी कराए जाएंगे। जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए हर साल 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है।



▸▸ 27 से शुरू होगा विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का दूसरा चरण

▸▸ इस वर्ष का नारा, विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपत्ति की शान

इस संबंध में प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि राज्य में सकल प्रजनन दर (टीएफआर) में कमी आई है, जो हमें राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण से स्पष्ट होती है। इस वर्ष जनसंख्या पखवाड़ा का नारा है- 'विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपत्ति की शान। वही इस बार की थीम मां और बच्चे की सेहत के लिए गर्भधारण का सही समय और अंतर रखी गयी है।

परिवार कल्याण कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. सूर्यांश ओझा ने बताया कि कार्यक्रम का पूरा ज़ोर समुदाय को परिवार नियोजन के आधुनिक साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित करने, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने और फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजमेन्ट इनफॉर्मेशन सिस्टम (एफपीएलएमआईएस) पोर्टल को मजबूत करने पर है।

# शून्य सीट पर सिमटी बसपा को गिरते वोट प्रतिशत की चिंता

## संगठन को नए सिरे से व्यवस्थित करने की तैयारी, कई पदाधिकारियों पर गिर सकती है गाज

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में शून्य पर सिमटी बसपा को गिरते मत प्रतिशत ने चिंता में डाल दिया है। पिछले महीने हुए लोकसभा चुनाव में मिले मतों का आंकड़ा बता रहा है कि बसपा का कोर वोटर भी उससे छटककर इंडी गठबंधन के पाले में चला गया।

करारी हार और गिरते वोट प्रतिशत पर पार्टी में समीक्षा का दौर जारी है, संगठन के पदाधिकारी कारण गिना रहें हैं। सूत्रों का कहना है इस मुद्दे पर मायावती बहुत गंभीर हैं और संगठन को नए सिरे से व्यवस्थित करने की तैयारी चल रही है। 23 जून के बाद कई पदाधिकारियों पर गाज गिर सकती है, पार्टी में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भी बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी, हालांकि तब पार्टी को 19.77 प्रतिशत मत मिले थे। वर्ष 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा। तब वोट प्रतिशत तो गिरा लेकिन, सीटों की संख्या शून्य से 10 पहुंच गई। 2019 में बसपा को 19.43 प्रतिशत वोट मिले थे। तब पार्टी में घटे मत प्रतिशत पर चर्चा नहीं हुई थी।

गठबंधन के दौर में बसपा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अकेले उतरी। लेकिन, 18वीं लोकसभा चुनाव में उसे केवल 9.43 प्रतिशत मत ही मिले। सीट तो एक भी नहीं मिल पाई। मतों में करीब 10.04 फीसदी की कमी बसपा प्रमुख मायावती के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। इसके लिए आंतरिक रूप से मंडलवार, विधानसभा क्षेत्रवार और ब्लॉक स्तर पर कोर मतदाताओं से संवाद प्रबंधन कार्य की समीक्षा की जा रही है।

### फैक्ट फाइल



- ▸▸ बसपा को 19.77 प्रतिशत मत मिले थे 2014 के लोकसभा चुनाव में
- ▸▸ 19.43 प्रतिशत वोट मिले थे 2019 के लोकसभा चुनाव में
- ▸▸ 9.43 प्रतिशत मत मिले 2024 के लोकसभा चुनाव में

### ▸▸ इंडी गठबंधन का वोट प्रतिशत बढ़ा

इस चुनाव में सबसे ज्यादा लाभ इंडी गठबंधन को हुआ है। इस चुनाव में सपा की तो पौ बारह हो गई। सपा ने वर्ष 2019 में 18.11 फीसद मत प्राप्त किए थे। वर्ष 2024 के चुनाव में 33.59 प्रतिशत मत प्राप्त कर वह सीटों के लिहाज से राज्य की सबसे बड़ी और देश में तीसरे नंबर की पार्टी बन गई है। सपा के साथ चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने भी 6.36 प्रतिशत मतों की बढ़ोतरी कर ली। प्रदेश में कांग्रेस का मत प्रतिशत 9.46 प्रतिशत और सीटों की संख्या छह पहुंच गई। अनुमान लगाना गलत नहीं होगा कि पीडीए फार्मूले पर चुनाव लड़ने वाले इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में बसपा के कोर मतदाता ने ज्यादा विश्वास किया।

### ▸▸ गठबंधन से बसपा को होता है फायदा

इस चुनाव में गठबंधन न करना मायावती का निर्णय पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हुआ है। सपा के साथ वर्ष 2019 में बसपा ने 10 लोकसभा सीटें जीतीं थी। गठबंधन न होने से इनमें से ज्यादातर सीटें इंडी गठबंधन के पास चली गईं और अन्य सीटों पर दूसरे दलों में बाजी मार ली। बसपा से छिनने वाली सीटों में अंबेडकर नगर, श्रावस्ती, लालगंज, घोसी, जौनपुर और गाजीपुर में सपा ने जबरदस्त जीत हासिल की है। सपा के समर्थन से कांग्रेस प्रत्याशी ने सहारनपुर सीट झटक ली। अकेले चुनाव लड़ी बसपा बिजनौर सीट भी नहीं बचा सकी। यह सीट रालोद ने जीत ली है। नगीना सीट पर बसपा के कोर मतदाताओं पर अपना वर्चस्व स्थापित करते हुए आजाद समाज पार्टी के चंद्र शेखर ने जीत दर्ज की।

> लोकसभा चुनाव की जीत स्थायी नहीं एक्सीडेंटल जीत है। भाजपा को हराने के नाम पर पार्टियों ने मतदाताओं को बरगलाने का काम किया है। इस मुद्दे पर पार्टी गंभीर चिंतन कर रही है और नई रणनीति के तहत 2027 का चुनाव बसपा जीतेगी।
>
> –विश्वनाथ पाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बसपा

## तस्करी

### डीआरआई के निशाने पर बुलियन ट्रेडर्स और बड़े सराफा कारोबारी, पांच शहरों में हैं सबसे ज्यादा खरीदार

# प्रदेश में हर वर्ष पकड़ा जा रहा 200 किलो से ज्यादा तस्करी का सोना

सुनील कुमार मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** हवाई और सड़क मार्ग से तस्करी करके लाया जा रहा ज्यादातर सोना प्रदेश के पांच शहरों में खप रहा है। सोने की तस्करी की रोकथाम करने वाली केंद्रीय एजेंसी राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने तस्करों का नया रूट मैप तैयार किया तो यह जानकारी सामने आई। एजेंसी तस्करी के सोने के खरीदारों की सूची तैयार कर रही है।

डीआरआई के अधिकारियों के मुताबिक, हर वर्ष 200 किलो से ज्यादा का सोना पकड़ा जा रहा है। इसकी मौजूदा बाजार कीमत 144 करोड़ रुपये से ज्यादा है। इस वर्ष चुनाव आचार संहिता की सख्ती के बावजूद अप्रैल तक कस्टम और डीआरआई ने 58 किलो सोना जब्त किया। अधिकारियों के मुताबिक, लखनऊ, कानपुर, बरेली, गोरखपुर व वाराणसी में तस्करी का सोना सबसे ज्यादा खपाया जा रहा है।



डीआरआई की लखनऊ इकाई और कस्टम विभाग ने चार वर्षों में 684 किलो तस्करी का सोना जब्त किया, जिसकी बाजार कीमत 492.48 करोड़ रुपये है। एजेंसी के मुताबिक, यह तस्करी करके लाए जा रहे कुल सोने का महज 2 या 3 फीसदी हिस्सा है। 1 या 2 प्रतिशत सोना भविष्य निधि के रूप में निवेशकों की तिजोरी में रुक रहा है। बाकी का 95 फीसदी सोना बचकर बाजार तक पहुंच रहा है। इतने बड़े पैमाने पर हो रही तस्करी का अध्ययन करने पर पता चला कि उप्र. के रास्ते दिल्ली और जयपुर पहुंचाया जाने वाला सोना अब यही रुक रहा है। 2018 के बाद लखनऊ से दुबई सहित कई देशों के लिए कई सीधी विमान सेवाएं शुरू होने से तस्करों ने यूपी को केंद्र बना लिया है। एयरपोर्ट से बाहर निकलने के बाद सड़क मार्ग से सोने को बहुत दूर ले जाने का तस्कर जोखिम नहीं उठाना चाहते हैं। इसलिए, खरीदारों की मांग के हिसाब से विदेश से सोना उठाते हैं और एयरपोर्ट के बाहर निकलते ही उनके एजेंट को सौंप देते हैं।

**रियल एस्टेट में गिरावट से सोने में बढ़ा निवेश :** एजेंसी के एक बड़े अधिकारी ने बताया कि कोरोना काल में बिजनेस सेक्टर में मंदी आ गई थी। सबसे ज्यादा मुनाफा देने वाला रियल एस्टेट कारोबार तेजी से गिर गया था। इस दौरान निवेशकों का रुझान सोने की तरफ बढ़ गया। विदेश से लाए गए सोने में करीब 18 फीसदी से अधिक मुनाफा है। इसलिए निवेशकों का एक बड़ा समूह सुनहरे सोने के काले कारोबार में उतर गया।

### ▸▸ लखनऊ और कानपुर के ज्वैलर्स हैं ग्राहक

डीआरआई के अधिकारी ने बताया कि जयपुर और दिल्ली के करोलबाग में तस्करी का सोना खपाया जाता था, लेकिन 2018 के बाद से लखनऊ, कानपुर, बरेली, गोरखपुर और वाराणसी के ज्वैलर्स इसके खरीदार बने हैं। इसमें कानपुर और लखनऊ सराफा बाजार में सबसे ज्यादा सोना पहुंच रहा है। कुछ ज्वैलर्स तस्करों से सीधे सोना खरीद रहे हैं, लेकिन ज्यादातर बुलियन ट्रेडर्स के जरिए डील करते हैं। बुलियन ट्रेडर्स बैंक से जितना सोना लेते हैं, उससे अधिक तस्करों से खरीदकर मोटा मुनाफा कमाते हैं।

### ▸▸ सोने की तस्करी से जेवर में भारी छूट

अधिकारियों ने बताया कि कारीगरी पर आने वाला खर्च जोड़कर जेवर की कीमत तय होती है। इसमें ज्वैलर्स अपना मुनाफा भी जोड़ते हैं। इसके बाद शुद्ध सोने की कीमत 12 से 15 फीसद तक बढ़ जाती है। इसी वजह से बड़ी कंपनियां रेट में किसी तरह की छूट नहीं देती हैं, लेकिन तस्करी का सोना करीब 18 फीसदी कम रेट पर मिलता है। इस पर 15 प्रतिशत तक कारीगरी खर्च जोड़ने के बाद जेवर में 33 प्रतिशत तक मुनाफा बढ़ जाता है। इसलिए बड़ी आसानी से ग्राहक को 8 से 10 फीसदी तक छूट देने के बाद भी मोटी कमाई कर रहे हैं।

### ▸▸ कस्टम ड्यूटी और जीएसटी बचने से मुनाफा

अधिकारियों के मुताबिक, यूएई में सोने पर कस्टम ड्यूटी नहीं लगती है। उप्र. में सोने का रेट 72 लाख रुपये प्रति किलो है। तस्करी करके लाए गए सोने में 12% कस्टम ड्यूटी, 3% जीएसटी और 3% सेस चार्ज बच जाता है। इससे प्रति किलो 12 लाख 96 हजार रुपये का मुनाफ हो रहा है। दुबई से सोना लाने में महज 40 से 50 हजार रुपये का खर्च आता है। तस्कर अपने जोखिम पर थोड़ा सा फायदा लेकर सोना असानी से पहुंचा देते हैं। इसलिए निवेशकों को यह कारोबार ज्यादा पसंद आ रहा है।

### ▸▸ डीआरआई ने जब्त किया 515 किलो सोना

- ▸▸ 2020-21 में 129 किलो
- ▸▸ 2021-22 में 154 किलो
- ▸▸ 2022-23 में 222 किलो
- ▸▸ 2023-24 में 10 किलो

### ▸▸ 169 किलो सोना कस्टम ने पकड़ा

- ▸▸ 2020-21 में 51.73 किलो
- ▸▸ 2021-22 में 26.62 किलो
- ▸▸ 2022-23 में 47.67 किलो
- ▸▸ 2023-24 में 43.00 किलो

# मुरादाबाद व गाजियाबाद के तीन अभियंता समेत चार निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ घटिया केबिल के जरिए हो रही थी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति

**अमृत विचार :** बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर मुरादाबाद व गाजियाबाद के तीन अभियंता समेत चार बिजली कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इन कर्मियों पर बिजली आपूर्ति के लिए खराब गुणवत्ता की एलटी केबिल लगाये जाने का आरोप है। कर्मियों पर पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंधन ने कार्रवाई की।

निलंबित कर्मियों में अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय परीक्षण खंड-तृतीय गाजियाबाद शेर सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत भंडार खंड मुरादाबाद रोहताश सिंह जंगपंगी, सहायक अभियंता विद्युत भंडार खंड मुरादाबाद मनोज कुमार व भंडार अधीक्षक विद्युत भंडार खंड मुरादाबाद अमित कुमार शामिल हैं।

मुरादाबाद के विद्युत वितरण उपखंड-तृतीय बिलारी में एलटी केबल क्षतिग्रस्त होने के कारण बिजली आपूर्ति लंबी अवधि के लिए बाधित हुई। इस कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। जांच कराए जाने पर एलटी केबल मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। यह एलटी केबल मेसर्स वी मार्क इंडिया लिमिटेड की ओर से आपूर्ति किया गया था। इसकी गुणवत्ता के सम्बंध में निरीक्षण व परीक्षण अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय परीक्षण खंड-तृतीय गाजियाबाद शेर सिंह ने किया गया। आरोपी अभियंताओं पर कर्तव्यों व दायित्वों का उचित निर्वहन न करने, निगम की छवि धूमिल करने, विभाग को वित्तीय हानि पहुंचाने व घोर लापरवाही बरतने का आरोप है।

**आज का मौसम**

सुबह मौसम में राहत रहेगी लेकिन गर्मी से निजात नही

44.0° अधिकतम तापमान | 33.0° न्यूनतम तापमान

**एक नजर**

### दो घर से नकदी सहित हजारों का सामान चोरी

**महराजगंज, रायबरेली।** मंगलवार की रात कस्बे में हुई करीब आठ लाख की चोरी की घटना को कोतवाली पुलिस सुलझा ही रही थी कि बुधवार रात चोरों ने कस्बे के दो घरों को निशाना बनाकर नगदी सहित हजारों का माल पार कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बीते एक माह से क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना बढ़ रही है। एक सप्ताह में चार घरों में चोरी होने से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। बुधवार की रात चोरों ने कस्बे के पूरे मुंडु (गांधी नगर) निवासी देशराज पुत्र संतू के घर से 20 हजार रुपये उठा ले गए।

दूसरी घटना मौर्या बाग के पास स्थित भगवानदीन पुत्र रामदास के घर चोरों ने नकदी सहित मोबाइल, पायल व सोने की कील उठा ले गए। सुबह उठे परिजनों ने जब देखा तो उनके होश उड़ गए। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि छानबीन को लेकर टीमें बनाई गई है। जल्द ही चोरियों का खुलासा किया जाएगा।

### जिला पंचायत सदस्य पर जानलेवा हमला, जांच शुरू

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** दावत से घर लौट रहे जिला पंचायत सदस्य पर तमंचे से जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। बुधवार देर रात जिला पंचायत सदस्य देशराज यादव थाना क्षेत्र के पूरे गोसाईं आलोक के घर से वापस लौट रहे थे। प्रतापगढ़-जौनपुर हाईवे पर स्थित गन्ना कांटा के निकट जब वह रुककर लघुशंका करने लगा। तभी पीछे से आ रहे चार पहिया वाहन से आए आधा दर्जन लोगों में से किसी ने उसके ऊपर तमंचे से ताबड़तोड़ तीन गोलियां बरसाई और वह किसी तरह जान बचाकर भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है, खुद मौके पर गया था लेकिन किसी ने फायरिंग की आवाज नहीं सुनी है। आरोपित की सीडीआर निकाल कर जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

### मंदिर के स्थापना दिवस पर भंडारा आज

**सरेनी, रायबरेली।** सरेनी गांव में स्थित जय माता दी मंदिर में 14 जून को भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। मंदिर की व्यवस्थापक व समाज सेवी राम चरन सिंह ने बताया कि 14 जून को माता रानी के मंदिर का स्थापना दिवस है। इस दिन सुबह 10 बजे से देर रात तक भंडारा चलता रहेगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से भारी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# हैंडपंप खराब होने से पानी का संकट, ग्रामीण परेशान

संवाददाता,शिवगढ़

**रायबरेली,अमृत विचार।** भीषण गर्मी में नगर पंचायत के श्री बरखण्डीनाथ के रहने वाले नगर पंचायतवासी एवं राहगीर बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। जिसको लेकर लोगों में गहरा रोष व्याप्त है।

नगर पंचायत के रहने वाले विजेंद्र गिरि, गुड्डी, शत्रोहन, दिलीप आदि लोगों ने प्रदर्शन करते हुए पिछले 6 माह से खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपम्प को बनवाने की मांग की है।



इंडिया मार्का हैंडपम्प खराब होने से प्रदर्शन करते ग्रामीण।

लोगों को पेयजल संकट से बचाने के लिए जहां एक ओर शासन द्वारा सख्त निर्देश दिए गए हैं। वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते नगर पंचायत के निवासी पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपम्प की जल्द मरम्मत न होने पर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने जिलाधिकारी से शिकायत करने की बात कही है। नगर पंचायतवासियों ने बताया कि हर सोमवार को श्री बरखण्डीनाथ मंदिर में दूर-दूर से लोग जलाभिषेक के लिए आते हैं। वहीं हैंडपम्प रोड के किनारे स्थित होने के कारण राहगीर भी इसमें पानी पीते थे हैंडपम्प खराब होने के चलते नगर पंचायत वासी, राहगीर एवं श्रद्धालु पेयजल संकट से जूझ रहे है।

> मौखिक शिकायत का कोई मतलब नहीं है। स्थानीय नगर पंचायत वासी अथवा जनप्रतिनिधि नगर पंचायत कार्यालय में प्रार्थना पत्र दे दें। 24 घण्टे के अंदर खराब पड़ा इंडिया मार्का हैंडपम्प सही कर दिया जाएगा।
>
> **-चंद्रभान शुक्ला,** अधिशासी अधिकारी,नगर पंचायत कार्यालय शिवगढ़

# 18 को किसानों के खाते में आएगी 17वीं किस्त

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जनपद वाराणसी में 18 जून 2024 को जैविक कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। वहां से प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त भी जारी की जायेगी। उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया है कि 17वीं किस्त में अब तक 3 लाख 85 हजार 908 किसानों को 77.18 करोड़ का भुगतान के लिए डाटा का परीक्षण करके भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि 17 जून तक जितने और किसानों का डाटा उपलब्ध हो जाएगा उसे भी भुगतान में सम्मिलित करने के लिए भारत सरकार को भेज दिया जायेगा। अब तक लॉक्ड डाटा के अनुसार 17वीं किस्त में 385908 किसानों को रु० 77.18 करोड़ का भुगतान होना अभी तक सुनिश्चित हो गया है।

# पेड़ से भिड़ा ट्रक, कडंक्टर की मौत, चालक गंभीर

## ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना, चालक का सीएचसी में चल रहा इलाज

संवाददाता, महराजगंज

**रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुबना गांव के पास बने मिक्सर प्लांट के सामने हैदरगढ़ की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया, जिससे उसमें सवार कंडक्टर की दबकर मौके पर ही मौत हो गई।

बुधवार की देर रात बिहार से ट्रक रायबरेली की तरह जा रहा था, तभी कुबना गांव के पास एक पेड़ से अनियंत्रित होकर टकरा गया। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि ट्रक का आगे का केबिन चकनाचूर हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक में सवार बाराबंकी के मुड़िया डीह निवासी क्लीनर दीपचंद्र की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक विवेक कुमार निवासी हरखड़ा थाना फतेहपुर जिला बाराबंकी भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद



दुर्घटनास्थल पर खड़ा क्षतिग्रस्त ट्रक।

चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़े और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से मृतक दीपचंद के शव को बाहर निकाल उसे व घायल चालक विवेक को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए विवेक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि घटना में मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### दो हफ्ते से गायब युवक का कुएं में मिला शव

**परशदेपुर, रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र में करीब दो सप्ताह से गायब युवक का शव कुएं में बरामद हुआ है। युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है।परशदेपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम रैधरा निवासी जयकृष्ण तिवारी (35) पुत्र उमा तिवारी करीब दो सप्ताह से गायब था। गुरुवार को उसका शव घर से थोड़ी दूर स्थित कुएं में बरामद मिला।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं,पिता उमा तिवारी के मुताबिक बेटा जयकृष्ण तिवारी मानसिक रूप से विक्षिप्त था और दो सप्ताह से घर से गायब था।

### सपा प्रदेश अध्यक्ष की बैठक आज

**रायबरेली।** सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल शुक्रवार को बछरावां, हरचन्दपुर, रायबरेली एवं ऊंचाहार विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। बछरावां विधानसभा की कार्यकर्ता बैठक 10 बजे कस्बे के एक उत्सव लॉन, हरचंदपुर विधानसभा की कार्यकर्ता बैठक 11 बजे लोधी उत्सव लॉन में और दोपहर 12:30 बजे सपा पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट एवं तीन बजे फकीरे सिंह मार्केट पुराना बस स्टॉप ऊंचाहार में आहूत की जायेगी।

### रक्तदान शिविर आज

**रायबरेली।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला स्काउट मास्टर शिवशरण सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि रक्तदान से किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। रक्तदान करने के बाद शरीर में नई स्फूर्ति और ताज़गी महसूस होती है। असल में 18 से 65 वर्ष की आयु का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति तीन माह के अंतराल पर रक्तदान कर सकता है।

# कोटेदार पर घटतौली व अभद्रता का आरोप, किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता,शिवगढ़

**रायबरेली,अमृत विचार।** शासन ने गरीबों के हित में सार्वजिनक राशन वितरण प्रणाली की दुकानों पर ई-पास मशीन व कनेक्टेड इलेक्ट्रानिक कांटा उपलब्ध कराया है। शासन का निर्देश है कार्ड धारकों को इलेक्ट्रानिक कांटा में तौल कर राशन वितरण किया जाए, ताकि कार्ड धारकों को यूनिट के हिसाब से पूरा राशन मिल सके। इसके बावजूद मनमाने कोटेदार खुलेआम शासन के आदेशों के धज्जियां उड़ा रहे हैं। कोटे की दुकान में कम राशन तौल कर दिये जाने से नाराज कार्ड धारकों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसंतपुर सकतपुर के रहने शाहपुर कोटेदार छेद्दू द्वारा कार्ड धारकों को एक से 2 किलो राशन कम दिए जाने से नाराज कार्डधारकों ने प्रदर्शन किया। कार्डधारक राजपती, राजरानी, मालती, शैलेंद्र, रामदीन ने बताया कि ई-पास मशीन से अटैच इलेक्ट्रॉनिक कांटे पर राशन की तौल किए जाने



कोटेदार के खिलाफ प्रदर्शन करते कार्डधारक। अमृत विचार

के बाद कोटेदार द्वारा उसी राशन को दूसरे कांटे पर तौला जाता है। दूसरे कांटे पर वजन करते समय कार्डधारकों के राशन से एक से 2 किलो राशन काट लिया जाता है। कार्डधारकों ने बताया कि मना करने पर कोटेदार गाली-गलौज पर अमादा हो जाता है और कहता है कि जिससे शिकायत करनी है कर दो जब ऊपर से ही राशन कम आता है तो हम कहां से पूरा राशन दे देंगे। वहीं राशन लेने आई एक युवती ने कोटेदार पर आरोप लगाते हुये कहा है कि कोटेदार द्वारा हर बार एक से 2 किलो राशन की कटौती कर ली जाती है। जब उसने राशन काटने का विरोध किया तो कोटेदार ने उसे मां-बहन की गंदी-गंदी गाली एवं मारने पीटने की धमकी दी। युवती ने बताया कि करीब एक साल पहले भी एक युवती ने कम राशन देने का विरोध किया था तो कोटेदार के दबंग बेटे ने उसकी पिटाई कर दी थी। मामले में उचित कार्यवाही नहीं हुई थी जिसके चलते कोटेदार के हौसले बुलंद हैं। कार्डधारकों ने कोटेदार पर कम राशन देने एवं अभद्रता करने का आरोप लगाया है। वहीं इस बाबत जब कोटेदार छेद्दू से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सभी आरोप निराधार हैं।

> शाहपुर कोटेदार द्वारा कम राशन दिए जाने का मामला संज्ञान में नहीं है। जांच की कराई जाएगी।
>
> **-अविनाश पाण्डेय, पूर्ति निरीक्षक, महराजगंज**

# दिव्यांगजन दुकान निर्माण के लिए करें आवेदन

संवाददाता,रायबरेली

**अमृत विचार।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से दिव्यांग व्यक्तियों के पुनर्वासन के लिए दुकान निर्माण व संचालन योजना संचालित की जा रही है।

यह जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 10 हजार रुपये जिसमें सात हजार पांच सौ रुपये की राशि 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ऋण के रूप में तथा ढाई हजार रुपये अनुदान में मिलेगी। ऐसे दिव्यांगजन जिनके पास न्यूनतम 40 प्रतिशत का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं 18 वर्ष या 60 वर्ष से अधिक न हो, साथ ही जिनके पास व्यवसाय चलाने के लिए पर्याप्त स्थान एवं संसाधन उपलब्ध हो। वह दुकान निर्माण व संचालन योजना का लाभ लेने के लिए योजना का आवेदन-पत्र ऑनलाइन कर सभी संलग्नकों सहित आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# एसडीएम ने सीएचसी व कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण

संवाददाता, महराजगंज

**रायबरेली, अमृत विचार।** उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय व कान्हा गौशाला का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सम्बंधी योजनाओं व पशुपालकों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराने व सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए हैं। सीएचसी में उपजिलाधिकारी के निरीक्षण से चिकित्सकों व कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया।



सीएचसी में भर्ती मरीज का हाल जानते उपजिलाधिकारी। अमृत विचार



कान्हा गौशाला का निरीक्षण करते एसडीएम। अमृत विचार

उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने पहले पशु चिकित्सालय व नगर पंचायत द्वारा संचालित स्थाई कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पशु-चिकित्सक उमेश चंद्र से गौवंशो को दिए जाने वाले हरे चारे व भूसे की उपलब्धता के साथ बेहतर देखरेख के निर्देश दिए। सीएचसी पहुंच कर उपजिलाधिकारी ने सामान्य व महिला वार्ड सहित जच्चा-बच्चा वार्ड, टीबी वार्ड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सम्बंधी योजनाओं की जानकारी केंद्र पर अंकित कराएं। सीएचसी आने वाले मरीजों को कोई परेशानी न हो तथा मरीजों को अस्पताल से ही दवा मुहैया कराई जाए। उन्होंने कहा कि आशाओं से संचारी रोग के रोकथाम के लिए पहले से ही योजनाबद्ध तैयारी की जाए। किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ टीके श्रीवास्तव व सभी चिकित्सक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रधान व साथियों ने गर्भवती को लाठी-डंडों से पीटा, केस दर्ज

संवाददाता, सलोन

**रायबरेली,अमृत विचार।** प्रधान और उसके साथियों ने पूर्व प्रधान के भाई की पत्नी को जमकर मारा पीटा है। घटना के बाद जिला अस्पताल में महिला का गर्भपात हो गया। आरोप है कि घटना में अभी तक प्रधान और उसके साथियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही पुलिस द्वारा नही की गई है।

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत औनानीस गांव के वर्तमान प्रधान दीपक पटेल और अजय पटेल के बीच चुनावी रंजिश चली आ रही है। दो दिन पूर्व ग्राम प्रधान दीपक पटेल और उसके साथियों ने पूर्व प्रधान अजय पटेल की गर्भवती भाभी कुसुम देवी के ऊपर लाठी डंडो से हमला कर दिया। हमले में घायल पीड़ित महिला को सीएचसी सलोन में भर्ती कराया गया। यहां हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में दबंगो के हमले से घायल महिला के ढाई महीने के बच्चे का गर्भपात हो गया। पीड़ित महिला के पति रमेश कुमार पुत्र छेदीलाल ने बताया कि उसकी पत्नी घटना के दौरान पुश्तैनी मंदिर में दर्शन करने गई थी, तभी प्रधान और उसके साथियों ने हमला कर दिया।

महिला का आरोप है कि अभी तक विपक्षी प्रधान उसके साथियों पर पुलिस ने कार्यवाही नही की है। वही प्रधान दीपक पटेल की भाभी पूजा पत्नी महेश की तरफ से रमेश, अजय सहित चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मारपीट की घटना हुई थी। दोनों पक्ष से मुकदमा दर्ज है। मेडिकल रिपोर्ट आने पर धारा बढ़ाई जाएगी।

**दुस्साहस**

▶▶ **अस्पताल में भर्ती घायल महिला के ढाई माह के बच्चे का हुआ गर्भपात**

# चोरों के चहल-कदमी से व्यापारियों में आक्रोश



सीओ को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

संवाददाता, महराजगंज

**रायबरेली, अमृत विचार।** पुलिस की निष्क्रियता से एक सप्ताह में हुई ताबड़तोड़ चोरियों से व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सीओ यादुवेंद्र बहादुर पाल को ज्ञापन सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने बताया कि यदि तीन दिन के अंदर सभी चोरियों का खुलासा नहीं हुआ तो कस्बे के व्यापारी व्यापार बंद कर जनांदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में दुर्गेश यज्ञसैनी, देशराज, नगर विकास मंच के महामंत्री संदीप वैश्य, शिवप्रकाश मोदनवाल सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में 57 अभ्यर्थियों का चयन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊंचाहार में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

मेले में कई कम्पनियों ने साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गयी। जिसमें 159 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कई पदों के लिए बूसा लिमिटेड लखनऊ, पुखराज हेल्थ केयर प्रालि आदि कम्पनियों द्वारा कुल 57 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया एवं कुछ कम्पनियों के चयन परिणाम अपेक्षित है। इस कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा सहायक सेवायोजन अधिकारी तनुजा यादव ने रखी एवं सभी कंपनियों एवं रोजगार के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सहायक सेवायोजन अधिकारी तनुजा यादव द्वारा किया गया। उन्होंने अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां मिल रहा छोटा सा अवसर आपके जीवन को नया आयाम दे सकता है। नियोजकों से संवाद करें, सेवा शर्तों के बारे में पता करें। उसी नियोजक के यहां सेवा का चयन करें, जिससे आपके सपने साकार हो सके। तनुजा यादव ने साथ-साथ रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन करने की जानकारी संस्थान के प्रशिक्षार्थियों को दी गयी। कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कंपनी की सेवा शर्तों के बारे में जानकारी दी गयी। एमसीसी वाईपी रामेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा रोजगार मेले में एनसीएस पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन तथा कैरियर मार्गदर्शन दिया गया।



रोजगार मेले में शामिल प्रतिभागी। अमृत विचार

# 30 क्विंटल भूसा निराश्रित गोवंशों के लिए किया दान

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** विकासखंड राही के अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल कनौली में संरक्षित 294 निराश्रित व बेसहारा गोवंशों के भरण पोषण के लिए मेसर्स शिव आईटी एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के रवीन्द्र प्रताप सिंह द्वारा लगभग 30 क्विंटल भूसा का दान किया गया।

रवीन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भूसा दान महादान है, इसमें हम सभी नागरिकों को बढ़-चढ़कर निराश्रित गोवंशों के भरण पोषण के लिए भूसा दान किये जाने में सहयोग प्रदान करें तथा अन्य सभी स्थानीय निवासियों को भी भूसा दान के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा भूसा दान महादान पर पुरजोर सहमति जताई गई।

### तबेले से डेढ़ लाख की दो भैंस चोरी

**ऊंचाहार, रायबरेली।** किसान के तबेले में बंधी दो भैंसों को अज्ञात चोरों ने खोल ले गये। पीड़ित किसान ने कोतवाली में तहरीर दी है। चोरी हुई भैंसों की कीमत डेढ़ लाख बताई जा रही है। सरकपुर डिहवा गांव निवासी राममूरत यादव का कहना है कि मंगलवार की रात वो प्रतिदिन की तरह मवेशियों को तबेले में बांधकर सोने चला गया। सुबह जब सोकर उठा तो तबेले में बंधी दो भैंस गायब मिली।

**उप चुनाव**

**सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मिलेंगे स्थानीय नेता, करेंगे मांग**

# ऊंचाहार से सपा लड़ाए अपना उम्मीदवार

संवाददाता, ऊंचाहार

**रायबरेली,अमृत विचार।** स्थानीय विधायक डा मनोज पांडेय द्वारा दल बदल करने के बाद अब विधान सभा उपचुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। संभावित दावेदार बैठक और लोगों के बीच पहुंचना शुरू कर दिया है। गुरुवार को लार्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में सपा नेताओं की बैठक संपन्न हुई है, जिसमें हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में मिली सफलता को पीडीए की जीत बताया गया।

इस अवसर पर ऊंचाहार विधानसभा के संभावित उपचुनाव में प्रत्याशी को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता इं. मान सिंह पटेल ने की। समाजवादी पार्टी के पीडीए से जुड़े कार्यकर्ताओं की बैठक में ऊंचाहार विधानसभा सीट पर संभावित उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि यहां से सपा के निवर्तमान विधायक मनोज कुमार पांडेय ने लोकसभा चुनाव के दौरान पाला बदल कर बीजेपी ज्वॉइन कर ली है, लेकिन अभी तक विधायकी से इस्तीफा नहीं दिया है। उनके खिलाफ पार्टी ने दलबदल कानून के तहत कार्रवाई करने की बात कही है। इससे देर सबेर यहां उपचुनाव होना निश्चित है। बैठक में सभी नेताओं ने हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की भारी जीत को पीडीए की जीत बताया और सभी से एकजुट रहने की अपील की है। इस अवसर पर उपचुनाव की स्थिति में यहां से प्रत्याशी को लेकर गहन विचार किया गया। जिसमें निर्णय लिया गया कि एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही प्रत्याशी के नाम को लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव से मिलेगा। जिसमें पीडीए से ही प्रत्याशी बनाने की अपील करेगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक घनश्याम मौर्य, पूर्व चेयरमैन मो. सल्लन, धनराज यादव, राम नरेश यादव, राम अभिलाष यादव, शिव कुमार मास्टर, केशव यादव, निरंजन पटेल, रामजियावन यादव, बब्लू पटेल, गुड्डू पटेल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सपा नेताओं की बैठक को संबोधित करते मान सिंह पटेल। अमृत विचार

# कस्बे में समय से झाड़ू न लगने पर व्यापारियों में आक्रोश

संवाददाता,लालगंज

**रायबरेली, अमृत विचार।** लालगंज कस्बे में साफ-सफाई का अभाव है। नगर पंचायत के अधिकारियों की लापरवाही के चलते सुबह 10 बजे तक भी झाड़ू नहीं लगती है जिसके कारण व्यापारी और आम नागरिक को गंदगी से गुजरना पड़ता है। वार्ड नंबर 13 के कपड़ा व्यापारी राजन अवस्थी ने बताया कि वार्ड में सुबह 10 बजे तक झाड़ू नहीं लगी थी।

कस्बेवासियों के नगर पंचायत अध्यक्ष से शिकायत करने के बावजूद भी सफाई नहीं हो रही है। राजन अवस्थी ने बताया कि लालगंज नगर में साफ-सफाई का घोर अभाव है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुये हैं।

ऐसे में नगर के लोगों को गंदगी से दो चार होना पड़ रहा है। सफाई कर्मचारियों के न आने से नालियां भी कचरे से फटी पड़ी है।

नगर के घोसियाना और डोमाही वार्ड में भी गंदगी का बोलबाला है। लोगों का कहना है कि समय से नालो की सफाई नहीं होती है जिसके कारण बरसात में जलभराव की गंभीर समस्या खड़ी हो जाती है। घोसियाना में घरों में कीचड़ युक्त पानी घुस जाता है तो डोमाही मोहल्ले में लोगों का निकलना दूभर हो जाता है।

## एक नजर

### शहीदों की याद में कल होगी श्रद्धांजलि सभा

**लालगंज, रायबरेली।** भारत और चीन के मध्य हुए युद्ध में गलवान घाटी में शहीद हुए भारत माता के अमर सपूतों की स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन मां वैष्णो देवी ग्राउण्ड पूरे मतू रालपुर में शायं 4.30 बजे से किया गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन गलवान घाटी के वीर सपूत धीरेन्द्र यादव पूरे ओरी सिंघौरतारा जो सेना मेडल गैलेन्ट्री एवार्ड से सम्मानित है। इस कार्यक्रम में सम्मान समारोह के अतिरिक्त विराट कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया है। इसमें देश के नामवर कवियों में से एक सुरेश फक्कड़, बलदेव सिंह सागर, योगेन्द्र सिंह, शिवतोष संघर्षी, सन्तोष शुक्ल अपना प्रभावशाली कविता पाठ करेंगे। इस कार्यक्रम की जानकारी शिक्षा और सामाजिक सुधारों के प्रति समर्पित सन्त भास्कर स्वरूप महाराज ने दी।

### किराए पर लगे वाहन का हड़प लिया रुपया

**ऊंचाहार, रायबरेली।** गंगा एक्सप्रेस वे में किराए पर लगे चार पहिया वाहन का 49 हजार रूपए भुगतान एक व्यक्ति हड़प कर गया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। जगतपुर थाना क्षेत्र के गांव पूरे मदारदीन निवासी सुरेंद्र कुमार ने ऊंचाहार के कजराबाद गांव निवासी महेंद्र यादव के माध्यम से अपना चार पहिया वाहन गंगा एक्सप्रेस वे में किराए पर लगाया था। वाहन स्वामी का कहना है कि उसके वाहन का किराया कुल 49 हजार रुपए उसने कंपनी से ले लिया है और उसका भुगतान नहीं कर रहा है। पैसा मांगने पर वह मारपीट करने पर उतारू हो जाता है। पीड़ित ने कोतवाली में गुरुवार को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### भाजपा सेक्टर संयोजक को पितृ शोक

लालगंज (रायबरेली)। आदर्श नगर लालगंज निवासी भाजपा सेक्टर संयोजक लक्ष्मी शंकर शरण पांडे उर्फ बबलू पांडे के पिता रामकुमार पांडे का निधन हो गया है। उनके निधन से पांडे परिवार में मातम छा गया है। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं में भी शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन पर पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे, जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, अनूप पांडे, दीप प्रकाश शुक्ला, देवेंद्र सिंह, शरद सिंह, विजय सिंह टप्पू, विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी आदि लोगों ने शोक जताया है।

### पत्नी ने पति और सास पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

ऊंचाहार, रायबरेली। पति व सास की मारपीट व प्रताड़ना से आजिज होकर महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर गुहार लगाई है। डेलौली गांव निवासी रीतू देवी का कहना है कि उसकी शादी तेरह वर्ष पूर्व सुरेश कुमार के साथ हुई थी। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्यवाई की मांग की है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच कर आवश्यक कार्यवाई की जायेगी।

# जिले में 50 लाख से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य

## डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण, गंगा और पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न

संवाददाता, रायबरेली।



बैठक को सम्बोधित करतीं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति और जिला गंगा समिति की बैठक बचत भवन में हुई।

बैठक में डीएफओ आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2024-2025 के लिए जनपद को लगभग पचास लाख 65 हजार पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है। निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के लिए 25 विभागों को चिन्हित किया गया है। जिसमें सर्वाधिक ग्राम विकास विभाग को 21 हजार का लक्ष्य दिया गया है। वन विभाग को 1452000 ,कृषि विभाग को 419000, उद्यान विभाग को 260000 पंचायती विभाग को 210000, पर्यावरण विभाग को 210000 लक्ष्य दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा की सभी विभाग निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समय रहते जमीन अवश्य चिन्हित कर ले। पौधरोपण के उपरांत तीन वर्ष तक उनका अनुरक्षण किया जाए। हरित्मा ऐप पर जियो टैगिंग भी की जाए।

जिला पर्यावरण समिति में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि वायु गुणवक्ता बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मेडिकल वेस्ट का मैनेजमेंट उचित तरीके से किया जाए। साथ ही बाजारों में पॉलिथीन से बनी हुई वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाया जाए इसके लिए दुकानदारों और लोगों को पॉलिथीन की जगह ऑर्गेनिक पदार्थ से बने थैलो का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

जिला गंगा समिति की बैठक में गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाए जाने के लिए प्रयासों पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया की गंगा में प्रवाहित होने वाले सभी नालों का उचित प्रबंध कराया जाए। नगर पालिका को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि गंगा घाट पर लगने वाले मेलों में लोगों को जागरूक किया जाए कि उत्सवो के दौरान नदी में प्रदूषित जल और सामग्री को प्रभावित करने से बचे। एनजीटी के दिशा निर्देशों को गंभीरता से पालन कराया जाए। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोतवाली प्रभारी ने बैंक अधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता, सलोन

**रायबरेली, अमृत विचार।** साइबर क्राइम और चोरी की वारदात की रोकथाम के लिए कोतवाली प्रभारी ने दर्जनों बैंक के शाखा प्रबंधक के साथ बैठक कर बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और कई निर्देश भी दिए। सभी बैंकों को सीसीटीवी से लैस करने की बात की गई है।

कोतवाली परिसर में आयोजित बैठक के दौरान बैंक परिसर के अंदर और बिल्डिंग के पीछे की तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाने और बैंकों में अलार्म की व्यवस्था किया जाने के निर्देश दिए है। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि बैंक के चैनल में जंजीर और गार्ड की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे आने-जाने वाले लोगों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके।

उन्होंने कहा कि जिन बैंकों में गार्ड और सीसीटीवी की व्यवस्था नहीं होगी, उन बैंकों को पुलिस द्वारा नोटिस दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन दिनों आपराधिक वारदातों की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन घटनाओं को रोकने के लिए बैंकों का सहयोग होना बेहद जरूरी है। बैंक अधिकारी स्वयं व बैंक के गार्ड के बारे में जानकारी नजदीकी थाने में अवश्य दें, ताकि जरूरत के समय आपस में संपर्क हो सके।

# भंडारे का आयोजन



आचार्य द्विवेदी नगर में भक्तों को प्रसाद वितरित करते आयोजक। अमृत विचार

**रायलरेली।** शहर के आचार्य दिवेदी नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर में तीसरे स्थापना दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर का आकर्षक ढंग से सजाया गया था। आचार्य पंजीयन मिश्रा के मार्ग दर्शन में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड के पाठ के समापन पर हवन पूजन का आयोजन किया गया। कन्या भोज के उपरान्त भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया।

आयोजक नीरज त्रिपाठी व पंकज त्रिपाठी ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थापना दिवस पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर डा राजीव सिंह, राकेश तिवारी, डा सुनील वर्मा, राहुल श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सेंध लगा नकदी सहित लाखों का सामान पार

संवाददाता, बछरावां

**रायबरेली।** कुंडौली में स्थित लोधई खेड़ा में बुधवार रात अज्ञात चोरों ने सेंध लगा कर 15 हजार की नकदी सहित लाखों रुपए का सामान पार कर दिया है।

रामफेर पुत्र रामलोटन के घर में चोरों ने पीछे से सेंध लगाकर अटैची में रखे हुए 15 हजार रुपए, पीतल का बटुआ, थारा, चमचा, कटोरा व जेवर में लगभग ढाई सौ ग्राम चांदी के समान व 5 ग्राम सोने के टॉप्स, दो बोरी सरसों पार कर दिया। रामफेर ने लगभग एक सप्ताह पहले भैंसा बेचा था। जिसका रुपया उनके घर मैं अटैची में रखा हुआ था। इस पैसे से वह कर्ज चुकाना तथा घर गृहस्थी का कुछ सामान लाना चाह रहे थे, लेकिन उससे पहले ही चोरों ने उनके घर पर रखे हुए लाखों रुपए के समान पर हाथ साफ कर दिया। उन्होंने बताया कि रात 11 बजे तक वह टीवी देख रहे थे। उसके बाद ही यह घटना घटित हुई है। पूरी घटना की लिखित शिकायती पत्र बछरावां थाने में देकर न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# जल्द साढ़े तीन घंटे में पहुंचेंगे लखनऊ

## जून माह के अंत तक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर शुरू होगा यातायात

संवाददाता, गोरखपुर



लिंक एक्सप्रेसवे पर चल रहा कार्य।

**97** प्रतिशत कार्य माह के पहले सप्ताह तक हुआ पूरा

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार इस माह के अंत तक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर आवागमन की सुविधा शुरू करने की तैयारी में है। जून के पहले सप्ताह तक इस एक्सप्रेसवे का 97 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से गोरखपुर क्षेत्र, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा एवं दिल्ली तक सुगम यातायात कॉरिडोर से जुड़ जाएगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल के एक बड़े क्षेत्र के लोगों को लखनऊ पहुंचने में महज साढ़े तीन घंटे का समय लगेगा।

सीएम योगी की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर बाईपास एनएच- 27 ग्राम जैतपुर के पास से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर आजमगढ़ के सालारपुर में समाप्त होगा। 91.352 किमी लंबे इस एक्सप्रेसवे की कुल लागत 5876.67 करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण पर व्यय समेत है। इससे गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ लाभान्वित होंगे। यूपी एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर 10 जून तक अद्यतन जानकारी के अनुसार के अनुसार गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का 97 फीसद निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। मेन कैरिजवे में क्लियरिंग एंड ग्रबिंग का काम 100 फीसद, मिट्टी का काम 100 फीसद पूरा हो चुका है। दो दिन पूर्व गोरखपुर के कमिश्नर अनिल ढींगरा ने बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में निर्माण में तेजी लाते हुए इस माह के अंत तक लिंक एक्सप्रेसवे का काम पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण से गोरखपुर के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। एक्सप्रेसवे से आच्छादित क्षेत्रों में स्थित विभिन्न उत्पादन इकाइयों, विकास केंद्रों तथा कृषि उत्पादन क्षेत्रों को राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ने हेतु एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के रूप में सहायक होगा। एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ योगी सरकार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर भी बना रही है।

# गिट्टी लदा बेकाबू ट्रक पलटा चालक और क्लीनर घायल

संवाददाता, बछरावां

▸▸ ट्रक की चपेट में आने से बिजली के दो खंभे भी टूट गये

**अमृत विचार।** बांदा बहराइच हाइवे पर गुरुवार सुबह लगभग 8:30 बजे के करीब गिट्टी लाद कर बहराइच जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक की चपेट में आने से बिजली के दो खंभे भी टूट गए।

इस हादसे में चालक व क्लीनर को चोटें आई हैं। बांदा बहराइच हाईवे पर ठकुराइन खेड़ा गांव के पास गुरुवार की सुबह लगभग 8बजे के करीब बांदा से गिट्टी लादकर बहराइच जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक राम सुमेर (42) पुत्र राम सरोज तथा क्लीनर रिंकू (27) पर पुत्र देवी चंद को चोटें आ गई। ट्रक की चपेट में आने से दो बिजली के खंभे भी टूट गए। जिससे ठकुराइन खेड़ा सहित भवानीगंज के विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई। यहां के लगभग 500 उपभोक्ताओं को पूरे दिन बिजली की किल्लत से जूझना पड़ा है। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# रेलवे स्टेशन पर संदिग्धों से पुलिस ने की पूछताछ



स्टेशन पर जांच पड़ताल करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** गुरुवार को शहर कोतवाली पुलिस ने आरपीएफ और जीआरपी के साथ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था परखी। इस दौरान स्टेशन पर मौजूद यात्रियों से पूछताछ की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर के रेलवे स्टेशन, बस अड्डों के साथ भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। शहर कोतवाल राजेश सिंह ने आरपीएफ इंस्पेक्टर आलोक मौर्य के साथ के स्टेशन और प्लेटफार्म पर गहन जांच पड़ताल की।

### नोटिस नमूना आम

न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय न्यायिक महाराजगंज रायबरेली
श्रीमती रामावती............... वादिनी
बनाम
गंगा प्रसाद.................. प्रतिवादी

1. श्री हनोमान पुत्र शिवचरन, 2. तसबर पुत्र फकीरे, निवासीगण– ग्राम–रानीखेड़ा मजरे कुर्री परगना–बछरावां, तहसील–महराजगंज रायबरेली, 3. छेदीलाल पुत्र रामगुलाम, 4 शत्रोहन पुत्र शंकर, निवासीगण–ग्राम–सिकंदर खोड़ा, मजरे– कुर्री, परगना–बछरावां, तहसील– महराजगंज, रायबरेली

चूंकि ऊपर नामंकित वादिनि ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अंतर्गत धारा 24 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 अतयेव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ़ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आप दिनाक 26/6/2024 को दिन के 11 बजे पूर्वाह्न इस न्यायालय में उपस्थित स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिस्त अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 13/6/2024 को प्रकाशन हेतु जारी की गई।

हस्ताक्षर
न्यायालय उपजिलाधिकारी न्यायिक
महराजगंज रायबरेली

# बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रदर्शन




अपनी मांगों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी और अधिकारी।

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** ऑल इंडिया बैंक ऑफ बड़ौदा ऑफिसर्स एसोसिएशन के आह्वान पर बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए अपनी ताकत दिखाई है। बैंक परिसर में कार्य के दौरान बैंक कर्मी काली पट्टी बांधे रहे और अपनी चार सूत्रीय मांग को लेकर अपना विरोध जताया। बैंक अधिकारियों का कहना है कि बैंक की स्नानांतरण नियमावली का उच्च प्रबंधन द्वारा उल्लंघन किया जा रहा है। बैंक में स्टॉफ की कमी है। इंडिया बैंक ऑफ बड़ौदा आफिसर्स एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह चौहान, क्षेत्रीय सचिव अभिषेक सिंह, लखनऊ जोन के उपाध्यक्ष विवेक कुमार आदि शामिल रहे।

### लोगों तक बैंक की योजनाओं का लाभ पहुंचाना उद्देश्य

**रायबरेली, अमृत विचार।** राही ब्लॉक के विनोहरा गांव में बड़ौदा यूपी बैंक शाखा खागीपुर सड़वा की ओर से वित्तीय साक्षरता चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की महिलाओं व पुरुषों को बैंक की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गई। शाखा प्रबंधक योगिता राउत ने लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि बैंक आप का सच्चा मित्र है।

बैंक की कल्याणकारी सरकारी योजनाओं के बारे में आपको जानना चाहिए और उसका पूरा लाभ उठाना चाहिए। वित्तीय साक्षरता सलाहकार विनोद शुक्ल ने सभी महिलाओं को सरकार की लाभकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए समूह व किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# ओम प्रकाश अध्यक्ष व गिरजा शंकर बने महामंत्री

संवाददाता,रायबरेली



बैठक में मंचासीन पदाधिकारियों के साथ खड़े मनोनीत पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार। अखिल भारतीय उद्योग** व्यापार मंडल की बैठक मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री राज नारायण अग्रहरि, विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष सरदार त्रिलोचन सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में संपन्न हुई। त्रिलोचन सिंह छाबड़ा ने कहा कि व्यापारी समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। व्यापारी समाज को सुरक्षा और सम्मान देने का काम अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल करता है।

इस दौरान मुख्य संरक्षक राज नारायण अग्रहरि एवं संरक्षक पद पर राकेश कुमार अग्रहरी को चुना गया। राकेश कुमार अग्रहरी को प्रभारी एवं ओम प्रकाश साहू को अध्यक्ष पद पर चुना गया। इसके अलावा गिरजा शंकर मोदनवाल महामंत्री, रवि शंकर अग्रहरी कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर गिन्नी लाल मोदनवाल, सुमित अग्रहरि, रवि शंकर अग्रहरी, राम केवल यादव, उमेश साहू, राकेश कुमार, अविनाश अग्रहरि, अनिल कुमार अग्रहरी को चुना गया।

इसी तरह संगठन मंत्री पद पर अनूप अग्रहरि, छोटू अग्रहरि, रिंकू अग्रहरि व मंत्री पद पर रिंकू सोनी, सोनू चौरसिया, रविशंकर राकेश गौतम को चुना गया। संचालन नगर अध्यक्ष के के गुप्ता ने किया। इस अवसर पर जिला मंत्री शिखर श्रीवास्तव, नगर महामंत्री अब्दुल वाहिद, नगर उपाध्यक्ष आलोक सिंह, मीडिया प्रभारी विक्की सिंह उपस्थित रहे।


## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति
सीतापुर रोड, लखनऊ. फोन : 0522-2757704
ई-मेल: apmclko120101@gmail.com

पत्रांक: कृ0उ0म0स0/2024-25-491 दिनांक: 12.06.2024

**मण्डी क्षेत्र, लखनऊ के अन्तर्गत मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ एवं मछली मण्डी, हरदोई रोड, लखनऊ में निर्मित शौचालय संचालन हेतु वार्षिक ठेका हेतु निविदा आमंत्रण**

सर्वसाधारण एवं सफाई ठेकेदारों तथा मलिन बस्ती विकास संस्थान के सचिव व संचालकों को सूचित किया जाता है कि मण्डी क्षेत्र, लखनऊ के अन्तर्गत मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ, मछली मण्डी एवं दुबग्गा हरदोई रोड, लखनऊ पर स्थित शौचालय ''जैसी है जहां है'' की स्थिति में आगामी माह जुलाई, 2024 से जून, 2025 तक आवंटित करने हेतु दिनांक 29 जून, 2024 को समय सुबह 12:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित किया जाता है। इसके लिए कार्यालय में जी0एस0टी0 सहित रू0 295/- नगद जमाकर आवेदन पत्र प्राप्त कर इसे पूर्णकर इसके साथ रू0 50,000/- प्रतिभूति धनराशि का एफ0डी0आर0 ''सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, लखनऊ'' के नाम बन्धक कराकर संलग्न करें तथा फोटो, आधार कार्ड, पैनकार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न कर निम्नलिखित तालिका के अनुसार तीनों मण्डी स्थलों हेतु अलग–अलग नवीन मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ कार्यालय में जमा कर इसी दिन अपरान्ह 03 बजे निविदा खुलने के समय उपस्थित रह सकते हैं। नियम/शर्तें आवेदन पत्र के साथ संलग्न होंगी, जिसका अनुपालन अनिवार्य होगा। मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ, मछली मण्डी एवं दुबग्गा, हरदोई रोड, लखनऊ में शौचालय की स्थिति का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र. सं. | मण्डी स्थल का नाम | निर्मित शौचालयों का स्थान | संख्या | शौचालय में सीटों की संख्या | मूत्रालय अतिरिक्त सीट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ | खाद्यान्न प्रखण्ड | 01 | 10 | 03 |
| | | सब्जी प्रखण्ड–पानी टंकी | 01 | 01 | 02 |
| | | सब्जी मण्डी–''अ'' श्रेणी | 01 | 01 | 02 |
| | | नीबू मण्डी | 01 | 02 | 02 |
| 2 | मछली मण्डी, हरदोई रोड, लखनऊ | पीछे बाण्उड्रीवाल के किनारे | 01 | 03 | 02 |
| 3 | मण्डी स्थल, दुबग्गा, लखनऊ | गेट नम्बर 04 पर | 01 | 10 | 02 |
| | | योग | 06 | 27 | 13 |

मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ के शौचालय संचालन हेतु वार्षिक निविदा धनराशि रू0 5,16,100/- (रूपया पाँच लाख सोलह हजार एक सौ मात्र) मछली मण्डी, हरदोई रोड, लखनऊ के शौचालय संचालन हेतु वार्षिक निविदा धनराशि रू0 25,000/- एवं मण्डी स्थल, हरदोई रोड, दुबग्गा लखनऊ के शौचालय संचालन हेतु वार्षिक निविदा धनराशि रू0 6,02,222/- वार्षिक निविदा से कम की निविदा मान्य नहीं होगी।

नोट–उक्त के संदर्भ में विशेष जानकारी नवीन मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ कार्यालय से की जा सकती है।

रेनू वर्मा
सचिव

राकेश सिंह
अपर जिलाधिकारी (टी0जी0)/सभापति



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

### सूचना
सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट संख्या M8754133 में मेरे पिता का नाम ABDUL JABBAR KHAN अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 706825661473 व मेरे पैन कार्ड संख्या CBIPK6973R व मेरे पिता के पैन कार्ड संख्या AMBPJ9443D में मेरे पिता का नाम ABDUL JABBAR अंकित है जो कि सत्य व सही है। अतः मेरे पिता को ABDUL JABBAR के नाम से जाना व पहचाना जाए। मो. अनवर पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी मकान न. ईदगाह थाना कोतवाली नगर तहसील सदर जनपद सुल्तानपुर।

### सूचना
सूचित है कि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम छोटू दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक नाम छोटू कनौजिया है। भविष्य में छोटू कनौजिया के नाम से जाना जाए। छोटू कनौजिया पुत्र राजेंद्र प्रसाद कनौजिया नया गायत्रीनगर, जानकीपुरम लखनऊ।

### सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरे आधारकार्ड में SUFAL BISWAS लिखा है जो सही है, जबकि पासपोर्ट में SUFAL VISWAS दर्ज है जो गलत है अतः SUFAL BISWAS लिखकर सही किया जाए और यही समझा जाए। सुफल बिस्वास निवासी भिखारीपुर खुर्द सेमरी कलां गोंडा।

### सूचना
सूचित हो कि मैं बबली शुक्ला निवासिनी 537/भा/783 भरतनगर मोहिबुल्लाहपुर लखनऊ घोषणा करती हूं कि बबली शुक्ला ऊर्फ नमिता देवी दोनो मेरे ही नाम है। किंतु ग्रामीण डाक जीवन बीमा नमिता देवी के नाम से है जबकि वास्तिविक नाम बबली शुक्ला पत्नी पंकज शुक्ला है। एवम ग्रामीण डाक जीवन बीमा में नमिता देवी के स्थान पर बबली शुक्ला जाना व माना जाए।

### सूचना
सूचित हो कि मेरे बैंक के खाता संख्या में मेरा नाम भोले नाथ पाण्डेय (BHOLE NATH PANDEY) है जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 1886000 300129 1654 पैन कार्ड संख्या I BSPP7117N में मेरा नाम भोला नाथ पाण्डेय (BHOLA NATH PANDEY) है। अंतः भोले नाथ पाण्डेय (BHOLE NATH PANDEY) व भोला नाथ पाण्डेय (BHOLA NATH PANDEY) दोनो एक ही व्यक्ति के नाम है। और भविष्य में मुझे भोला नाथ पाण्डेय (BHOLA NATH PANDEY) के नाम से बैंक के समस्त अभिलेखों में अंकित किया जाए। भोला नाथ पाण्डेय पुत्र स्व.साहबदीन पाण्डेय निवासी मकान न.235, एलआईजी, ई ब्लाक श्याम नगर कानपुर नगर।

### सूचना
बैंक ऑफ इंडिया में मेरा बचत खाता राजा नाम से है। जबकि, मेरा पूरा नाम इजहार अहमद उर्फ राजा है। दोनों नाम मेरे ही हैं। इजहार अहमद उर्फ राजा पुत्र मुमताज अहमद निवासी –268/523/341, गुलजार नगर, ऐशबाग, लखनऊ।



प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
## वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# कार्यालय से अफसर गायब, गर्मी में दौड़ रहे फरियादी

## ब्लॉक हरख में सुविधाओं का टोटा : व्याप्त है गंदगी, टूटी पड़ी हैं बेंच, पेयजल की व्यवस्था नहीं, पार्क में उगी हैं बड़ी-बड़ी झाड़ियां

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** फरियादी ब्लॉक में टहल रहे और ब्लॉक के अफसरों का इंतजार कर रहे है, लेकिन अफसरों का ब्लॉक पर पहुंचने का कोई समय निर्धारित नहीं है। इस भीषण गर्मी में फरियादी अपने काम के लिए चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन इनकी सुनने वाला कोई नहीं है। इतना ही नहीं ब्लॉक में सुविधाओं का भी टोटा बना हुआ है।

जिला मुख्यलाय से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थिति विकास खंड कार्यालय हरख में अमृत विचार की टीम ने सुबह 10:25 बजे पहुंच कर जायजा लिया, तो कुछ फरियादी ब्लॉक परिसर में अपने काम के लिए टहलते हुए दिखे, लेकिन बीडीओ का कमरा खाली पड़ा था। यही हाल बीडीओ कार्यालय में भी रहा। यहां तैनात बाबुओं की कुर्सी खाली पड़ी थी। इसके अलावा सहायक विकास अधिकारी पंचायत का कमरा भी खाली था और कार्यालय में एक सफाईकर्मी कुर्सी पर बैठ कर बाबू का काम निपटा रहा था। इतना ही नहीं बीडीओ और बाकी स्टाफ के बारे में जानकारी करने पर कार्यालय में मौजूद सफाईकर्मी अमृत विचार संवाददाता से कहासुनी करने पर उतारू हो गए। बता दें यह वही सफाई कर्मी हैं, जो कभी भी गांव नहीं जाते और अधिकारियों की शह पर लगातार ब्लॉक कार्यालय पर ही बने रहते हैं। इतना ही नहीं ब्लॉक कार्यालय पर आने वाले फरियादियों के काम कराने को लेकर यही सफाईकर्मी दिनभर तय तोड़ में भी लगे रहते हैं।


ब्लॉक परिसर में जलाया गया कूड़ा।


खराब पड़ा हैंडपंप।

> हरख ब्लाक की काफी शिकायतें काफी मिल रही हैं। पूरे मामले की जांच की जाएगी। ब्लाक कार्यालय में जो भी कमियां हैं। उनको दूर कराया जाएगा। इसके अलावा सफाईकर्मियों समेत अन्य लापरवाह कर्मियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।
>
> –भूषण कुमार
> जिला विकास अधिकारी

वहीं दूसरी तरफ अमृत विचार की पड़ताल के दौरान ब्लॉक परिसर में जगह जगह गंदगी फैली दिखी और जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हुए मिले। कूड़े को ब्लॉक परिसर में जलाया भी जाता है। परिसर में ही बने शहीद स्मारक पार्क में बड़ी बड़ी झाड़ियां उगी हैं। फरियादियों के बैठने के लिए बेंच तक की कोई व्यवस्था नहीं है। ब्लॉक का मुख्य गेट महीनों से टूटा पड़ा है। सीसीटीवी कैमरे भी काफी दिनों से खराब हैं। इस भीषण गर्मी में फरियादी अपने काम के लिए चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन इनकी सुनने वाला कोई नहीं है। हां यदि आप किसी काम से ब्लॉक आ रहे हैं तो आप अपने पानी साथ पानी लेकर ही आइये, नहीं तो यहां आपकी हलख सूख सकती है। क्योंकि ब्लॉक परिसर में लगा हैंडपंप और वाटर कूलर खराब पड़ा है। ऐसे में आप समझ सकते हैं कि जब यह हाल जब ब्लॉक कार्यालय का ही है, तो 75 ग्राम पंचायतो के साथ 102 गावों का हाल क्या होगा।

# वंदेभारत ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी की मौत

दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रेलवे लाइन के किनारे शौच को गई किशोरी की वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दरियाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गुरुवार की दोपहर गोरखपुर से वाया लखनऊ होकर प्रयागराज जा रही वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के न्यामतपुर निवासी प्रदीप कुमार चौहान की 13 वर्षीया पुत्री कोमल की मौत हो गई। यह हादसा अयोध्या-लखनऊ रेलमार्ग पर दरियाबाद-सैदखानपुर स्टेशन के बीच न्यामतपुर गांव के पास हुआ। दरियाबाद थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया की बालिका शौच को गई थी।


मौके पर जांच करते पुलिसकर्मी।

## एक नजर

### राज्यपाल से सम्मानित शिक्षक का निधन

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** तीन वर्ष का सेवा विस्तार पाने वाले राज्यपाल से राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दहिला वासी सेवानिवृत शिक्षक महावीर गौतम काफी समय से बीमार चल रहे थे। 87 वर्षीय गौतम को वर्ष 2000 में राज्यपाल द्वारा राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया था। निधन पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष शिवसागर सिंह, राम यश, विक्रम, सुनील वर्मा, राजेश वर्मा आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### आबादी की भूमि पर कब्जा करने का आरोप

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत हैदरगढ़ के ठाकुर द्वारा वार्ड में भूमाफियाओं द्वारा आबादी की जमीन पर अवैध कब्जा कर प्लाट बेंचे जाने का आरोप लगाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने उप जिलाधिकारी से जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। उप जिलाधिकारी को दिए गये शिकायती पत्र में अध्यक्ष ने ठाकुरद्वारा मंदिर के सामने आबादी के रिक्त पड़ी भूमि पर कुछ भूमाफिया द्वारा कब्जा कई प्लाट बेचने का आरोप लगाया है। अध्यक्ष ने कहा कि आबादी की भूमि होने के चलते नगर वासियों के हित में किसी पार्क अथवा खेल मैदान या पेयजल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया जा सकता है।

### चोरी की बाइक के साथ शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस ने गुरुवार को मोहम्मदपुर के अहरी चौराहा से बेगमगंज निवासी मोहम्मद इकराम को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक तमंचा व दो कारतूस व बिजली का मोटर बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी ने बरामद बिजली मोटर ग्राम कनिकापुर से चोरी करना स्वीकार किया है।

# नशे में धुत पिता ने दो वर्षीय पुत्री की पटककर की हत्या

निंदूरा, बाराबंकी

▸▸ पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र कुर्सी के गंगोली में बुधवार की रात शराब के नशे में धुत पिता ने दो साल की बेटी की जमीन पर पटक कर हत्या कर दी। नशे में धुत होकर वह घर के बाहर खड़े होकर हंगामा कर रहा था। इसी बीच युवक की दो साल की बेटी उसके सामने आ गई। मामले की सूचना मिलते ही आरोपी पिता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

पूरा मामला थाना क्षेत्र कुर्सी के ग्राम गंगोली का है। गंगोली में राहुल रावत अपनी पत्नी और दो वर्षीया पुत्री रिया के साथ रहता है। बुधवार की रात राहुल नशे की हालत में वह घर पहुंचा और घर के बाहर खड़े होकर शराब के नशे में हंगामा करने लगा। इस बात को लेकर पति और पत्नी के बीच विवाद होने लगा। विवाद होता देख उसकी दो साल की बच्ची रिया घर के बाहर निकल आयी। रिया को देखकर राहुल को गुस्सा आया और उसने उसे उठाकर जमीन पर पटक दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी।

बेटी की हालत गंभीर देख मां ने पड़ोसियों के साथ उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को मिली, तो पुलिस ने हत्यारे पिता को हिरासत में ले लिया। पुत्री की मौत के बाद मां सविता का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ल ने बताया कि आरोपी पिता को हिरासत में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रांसफार्मर के केबल में आग लगने से हड़कंप

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार:** चौखंडी गांव में ट्रांसफार्मरके केबल में आग लगने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सक्रियता से बड़ा हादसा टल गया है। 33/11 केवीए विद्युत उपकेन्द्र मसौली के अन्तर्गत बांसा फीडर के चौखंडी गांव में 250 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। भीषण गर्मी और बिजली सप्लाई के दौरान गुरुवार के दिन ढाई बजे आचनक ट्रांसफार्मर के केबल में आग लग गई है। आग लगने की खबर ग्रामीणों को हुई तो विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही बिजली काट दी गई। भीषण गर्मी में बिजली कट जाने से करीब उपभोक्ता पानी, मोबाइल चार्जिंग इत्यादि के लिए परेशान नजर आए।

# डंपर से भिड़ी बस, 6 यात्री घायल

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

▸▸ जैदपुर क्षेत्र में सांड़ को बचाने के लिए डंपर चालक ने लगाया था ब्रेक

▸▸ सवारियां लेकर लखनऊ जा रही थी सिद्धार्थनगर डिपो की बस

**अमृत विचार :** जैदपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार की भोर में अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर सवारियों से भरी रोडवेज की बस आगे चल रहे डंपर के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से टकरा गई। हादसे में बस में सवार आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। कुछ देर के लिए सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

सिद्धार्थनगर डिपो की रोडवेज बस लखनऊ से सवारियों को लेकर अयोध्या के लिए रवाना हुई। गुरुवार भोर करीब चार बजे अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर निम्बाहा गांव मोड़ के पास आगे चल रहे डंपर के सामने अचानक एक सांड़ आ गया। उसे बचाने के लिए डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे पीछे से आ रही रोडवेज बस डंपर के पिछले हिस्से से टकरा गयी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस की सारी सवारियां सीट से नीचे लुढ़क गईं। बस में सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के आगे का हिस्सा पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। आस-पास के लोगों ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में भर्ती कराया है। वहीं अन्य सवारियों को उस रूट से गुजर रही दूसरी बसों से गंतव्य को भेजा गया।


क्षतिग्रस्त रोडवेज बस।

# नगर के तालाबों का होगा सौंदर्यीकरण

हैदरगढ़, बाराबंकी

▸▸ तैयारी शुरू, लेखपाल तैयार कर रहे रिपोर्ट

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार द्वारा सभी नगरों में तालाबों के सौंदर्यीकरण का कार्य कराये जाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत की सीमा में पड़ने वाले सभी तालाबों का भी सौंदर्यीकरण होना है, जिसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कस्बा लेखपाल से तालाबों की सूची और यथास्थिति की जानकारी मांगी है।

लेखपाल दीपचंद शर्मा को जारी किये गए पत्र में अध्यक्ष ने लिखा है कि नगर पंचायत की सीमा के अंतर्गत सभी तालाबों के सौंदर्यीकरण की कार्य योजना के तहत उनका संपूर्ण खाका तैयार कराकर जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को प्रेषित किया जाना है। जिसके लिए नगर पंचायत की सीमा के अंतर्गत स्थित तालाब का गाटा संख्या वार संपूर्ण विवरण व खसरा खतौनी तथा वर्तमान स्थिति की जानकारी मांगी गई है। तीन दिन के अंदर उक्त जानकारी उपलब्ध कराने के साथ साथ वंदन योजना के तहत ठाकुरद्वारा वार्ड स्थित शीतला माता मंदिर एवं कोठी वार्ड स्थित विजय हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए दोनों धार्मिक स्थल के परिसर की भूमि संबंधी संपूर्ण जानकारी रिपोर्ट के साथ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेश पर भारत कंस्ट्रक्शन कंक्रीट प्लांट सील

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कच्चे माल के रूप में सीमेंट, मौरंग, गिट्टी, पानी और एडमिक्चर का प्रयोग कर आरएमसी का उत्पादन कर वायु प्रदूषण फैलाने वाली भारत कंस्ट्रक्शन कंक्रीट प्लांट को उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेश पर गुरुवार को पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में सील कर दिया गया।

उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा प्लांट का निरीक्षण 25 नवंबर, 2023 को किया गया था। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्लांट में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए स्थाई जल, स्प्रिंकलर, निर्माण सामग्री को ढकने के लिये ग्रीन नेट की व्यवस्था नहीं थी। साथ ही परिसर के अंदर गाड़ियों के आने जाने से धूल के कण उड़ते पाए गए। जिससे वायु प्रदूषण की समस्या होने के कारण आसपास का वातावरण प्रभावित हो रहा था। प्लांट में स्थापित चिमनियों की ऊंचाई भी मानक के अनुरूप नहीं पाई गई। इतना ही नहीं प्लांट बिना राज्य बोर्ड से अनापत्ति व सहमति प्रमाण पत्र लिए ही संचालित किया जा रहा था। बोर्ड द्वारा इस विषय में कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया। जिसका जवाब संयंत्र संचालक की तरफ से नहीं दिया गया। इन अनियमिताओं को ध्यान में रखते हुए उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लांट को बंद करने का आदेश प्रशासन 13 मई 2024 को जारी कर दिये गए थे।


प्लांट को सील करते अधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### भक्तों की परीक्षा लेते हैं प्रभु, सफल होने पर करते हैं रक्षा

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के सरांय नेतामऊ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास सुरेश चंद्र मिश्रा जी महराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। कहा कि प्रभु भक्त की परीक्षा लेते हैं जो भी भक्त उस परीक्षा में पास हो जाते हैं। भगवान उन भक्तों की हमेशा रक्षा करते हैं। उन्हें सभी कष्टों से उबारते हैं। आपसी प्रेम और सहयोग से भी भगवान प्रसन्न रहते हैं। श्री कृष्ण जन्मोत्सव को बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माखन व मिश्री का प्रसाद भी श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इस आयोजन में राम लखन शर्मा, रमेश मिश्रा, दीपक गुप्ता, रामजी शर्मा, राम परवेश मौर्या, कन्हैया लाल मिश्रा, मयंक शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।


कथा सुनाते सुरेश चंद्र मिश्रा जी महराज।

### गांव में तैनात किया गया सफाई कर्मी रहता है नदारद

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** वर्षों से हरख ब्लॉक में अटैच किए गए सफाई कर्मचारी को ब्लॉक से हटाकर गांव में तैनाती कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मचारी गांव भी नहीं पहुंच रहा है। एडीओ ने जांच करने की बात कही है। हरख ब्लॉक की ग्राम पंचायत करौंदी कला में तैनात सफाई कर्मचारी प्रिंस को अधिकारियों ने करीब 2 वर्ष से ब्लॉक मुख्यालय पर अटैच कर रखा था। एक महिला से विवाद के बाद इसे ब्लॉक से हटाकर मूल तैनाती वाले गांव भेज दिया गया था। गांव के निवासी जेपी वर्मा तथा प्रमिला देवी सहित कई अन्य ग्रामीणों का कहना है कि सफाई कर्मचारी प्रिंस गांव कब आता है कब जाता है कुछ पता नहीं चलता। साफ सफाई नहीं हो रही है। एडीओ पंचायत राजेंद्र प्रसाद यादव का कहना है कि यदि सफाई कर्मी गांव नहीं पहुंच रहा है तो इसकी जांच होगी।

### पानी निकासी को नहीं हुआ पुलिया का निर्माण

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर–हरख मार्ग पर स्थित मेहंदीपुर गांव में पानी निकासी के लिए पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया है। इससे आगामी बरसात के दिनों में बीते वर्ष की तरह इस बार भी गांव में जलभराव हो सकता है। ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री तथा डीएम को पत्र लिखकर पुलिया का निर्माण कराने की मांग की है। हरख ब्लाक के हरख ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान सीमा वर्मा का कहना है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हरख जैदपुर मार्ग पर निर्माण कराया जा रहा है। इस मार्ग पर स्थित मेहंदीपुर गांव के पास पानी निकासी के लिए बनी पुलिया काफी संकरी और जर्जर हो गई है। इसलिए बीते दिनों में हुई बरसात का पानी बाहर न जाकर गांव के घरों में भर गया था। मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को पत्र लिखकर प्रधान ने इस समस्या की ओर उनका ध्यान दिलाया है। प्रधान ने बताया कि पुरानी पुलिया हटाकर नई चौड़ी पुलिया का निर्माण न कराया गया तो बीते वर्ष की तरह इस बार भी बरसात का पानी मेहंदीपुर के घरों में भर सकता है।

# जाली मार्कशीट लगा हथिया ली नौकरी

सतरिख, बाराबंकी

▸▸ अपर निदेशक स्वास्थ्य को पत्र भेज की जांच की मांग

**अमृत विचार :** स्नातक की जाली मार्कशीट लगाकर आशा संगिनी की नियुक्ति करा लेने को लेकर एक व्यक्ति ने अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा को पत्र भेज कर जांच के साथ दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

विकास खंड हरख के सेठमऊ मज़रे पिपरहा गांव निवासी तेज़ प्रकाश ने अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा को भेजे गए पत्र मे आरोप लगाया है कि हरख ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतरिख मे तैनात आशा संगिनी नीलम वर्मा, निवासी बोज़ा द्वारा स्नातक की जाली मार्कशीट लगाकर नौकरी हथिया ली गई है और इनके द्वारा बीते वर्ष 2015 स्नातक की पढ़ाई नहीं की गई थी। आशा संगिनी की नियुक्ति में स्नातक को वरीयता देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतरिख में कलस्टर-2 पर 14.70 पर इनकी नियुक्ति कर दी गई है, यदि इंटरमीडिएट की मार्कशीट पर चयन होता तो सही अभ्यर्थी का चयन हो जाता है। पीड़ित तेज़ प्रकाश का कहना है कि संस्था के विश्वविद्यालय से जाली स्नातक की मार्कशीट की जांच कराई जाए और आशा संगिनी के साथ ही नियुक्ति देने वाले अफसरों पर भी कार्रवाई की जाए। अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अयोध्या डॉ. पवन कुमार का कहना है कि फिलहाल अभी तक ऐसा कोई प्रार्थना पत्र मुझे प्राप्त नहीं हुआ है, यदि मिलता है तो जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक सवार की मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाइक से घर लौट रहे युवक को पीछे आ रही तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। जिला अस्पताल लेते जाते वक्त रास्ते में ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक प्रभात वर्मा निवासी सूरजवापुर किसी कार्य से बाराबंकी गए थे। देर शाम वापसी के समय लोधे सिंह पूर्वा के पास किसी बस ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि प्रभात गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से अस्पताल लेकर जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक की 22 नवम्बर 2023 को शादी हुई थी ।

# स्टाफ नर्स से की अभद्रता

मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सीएचसी बड़ागांव में भर्ती मरीज के परिजनों ने ड्यूटी पर तैनात महिला स्टाफ नर्स से अभद्रता व गाली-गलौज किया। पीड़ित स्टाफ नर्स ने सीएचसी अधीक्षक के जरिये मसौली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

मसौली पुलिस ने शिकायत पत्र पर जांच शुरू की है। मंगलवार को सीएचसी बड़ागांव में ड्यूटी पर तैनात महिला स्टाफ नर्स रुचि वर्मा ने सीएचसी अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कस्बा बड़ागांव नई बस्ती निवासी साबित अली पुत्र मासूम अली व उनके भाई रिजवान पर आरोप लगाया कि वह वार्ड में प्रातः 9 बजे प्रथम फ्लोर का राउंड कर रही थी। इसके बाद मैं स्टाफ रूम में बीएचटी शीट कम्प्लीट कर रही थी। तभी उक्त दोनों व्यक्ति आए और मुझसे अभद्रता कर भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगे। सीएचसी अधीक्षक के जरिये मसौली पुलिस को प्राप्त प्रार्थना पत्र पर प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने जांच शुरू कर दी है।

**विश्व रक्तदाता दिवस पर विशेष**

**300 यूनिट रक्त रखने की ब्लड बैंक में क्षमता, अयोध्या और लखनऊ मंडल के मरीजों को मिल रहा जिले से ब्लड**

# हर वर्ष दान में आ रहा 4 हजार यूनिट खून, बच रहीं जानें

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** खून दान करने से आदमी बीमार रहता है, वह कभी स्वस्थ्य नहीं हो पाता है, लोगों के दिलों में उठने वाली इस प्रकार की भ्रांतियां अब पूरी तरह से दूर हो चुकी हैं। यही वजह है कि लोग स्वेच्छा से रक्तदान करने के प्रति आगे आए हैं।

कई सामाजिक संस्थाएं तो हर साल किसी न किसी मौके पर व्यापक स्तर पर रक्तदान कर दूसरों की जान बचाने में आगे रहती हैं। यही वजह है कि जिला अस्पताल के 300 यूनिट क्षमता वाले ब्लड बैंक में हर साल चार हजार यूनिट रक्त दान के रूप में आ रहा है। इस रक्त से स्थानीय जिले के ही नहीं, बल्कि अयोध्या औ लखनऊ मंडल के विभिन्न जिलों के अस्पतालों में रक्त की कमी से जूझ रहे लोगों की जान भी बच रही है।

शहर के जिला अस्पताल स्थित पैथालॉजी विंग के ब्लड बैंक में रक्तदान को लेकर सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। यहां पर प्रतिदिन 10 से 15 यूनिट रक्तदान हो रहा है। इस हिसाब से देखें तो हर साल 35 सौ से चार हजार यूनिट तक रक्तदान होता है। स्वयंसेवी संस्थाएं जैसे भारतीय किसान यूनियन की तीन इकाइयों समेत बालाजी का बचपन द्वारा तो हर माह अभियान चलाकर रक्तदान किया जा रहा है। जिले में भाकियू समेत कई संस्थाओं के ऐसे चेहरे हैं जिन्होंने एक नहीं पचास से अधिक बार रक्तदान कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। यही वजह है कि अब रक्त की कमी से किसी की भी जान नहीं जाती है। 300 यूनिट क्षमता वाले इस ब्लड बैंक से कई बार अयोध्या और लखनऊ के कई जिलों में भी कई यूनिट रक्त मरीजों की जान बचाने के लिए भेजा जा चुका है। भारी मात्रा में रक्त दूसरे जिले में भेजने के लिए कोल्डरूम के रूप में एसी वैन या एंबुलेंस भी मौजूद है, ताकि रक्त को पर्याप्त तापमान मिलता रहे।


जिला चिकित्सालय में स्थित पैथालॉजी।

> सभी रक्तदाताओं को इस विशेष दिवस की शुभकामनाएं। सभी को रक्तदान करना चाहिए। ताकि रक्त की कमी से किसी की भी जान न जाए। वहीं स्थानीय ब्लड बैंक में रक्तदान का जो ग्राफ है वह बहुत अच्छा है। प्रतिवर्ष लगभग चार हजार यूनिट ब्लड डोनेट होता है। इसमें विभिन्न संस्थाओं का सहयोग रहता है।
>
> –डॉ. वीपी सिंह
> प्रभारी अधिकारी, रक्तकोष, जिला चिकित्सालय



### सर्वाधिक रक्तदान करने वाली प्रमुख संस्थाएं

भारतीय किसान यूनियन टिकैतगुट, बालाजी एजुकेशन वेलफेयर सोसयटी, सामाजिक ग्रामीण संगठन, रक्तदान जीवनदान ग्रुप, शकल दिगंबर जैन समाज, भारतीय किसान यूनियन भानू गुट, युवा प्रगति मंच, युवक मंगलदल मानपुर, क्रिमिनोलॉजिस्ट एसोशिएशन, द लोनी अर्बन क्रडिट एंड थ्रिप्ट बहुराज्यीय सहकारी समिति, गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ, भाकियू अराजनैतिक।

### 90 प्रतिशत रक्त महिला अस्पताल के आता है काम

खून की आवश्यकता सबसे अधिक प्रसव के दौरान प्रसूता को होती है। ऐसे में ब्लड बैंक से 90 प्रतिशत ब्लड महिला अस्पताल में भर्ती प्रसूता के इलाज के लिए भेजा जाता है लेकिन कोशिश यही रहती है कि ब्लड बैंक में सूखा न पड़े इसके लिए रक्त लेने वाले मरीज के किसी एक परिजन से उसकी स्वेच्छा के आधार पर डोनेट भी कराया जाता है ताकि यह रक्त किसी दूसरे जरूरत मंद के काम आ सके। ब्लड बैंक के परामर्शदाता पंकज वर्मा बताते हैं कि डिलीवरी के दौरान प्रसूता को रक्त की अधिक जरूरत पड़ती है ऐसी दशा में ब्लड बैंक में ग्रुप के आधार संबंधित को रक्त उपलब्ध कराया जाता है। करीब 90 प्रतिशत ब्लड महिला अस्पताल को भेजा जाता है।

### एक बार रक्तदान करने से बचती है तीन लोगों की जान

डॉक्टर्स भी कहते हैं कि एक बार रक्तदान करने तीन लोगों की जान बच सकती है। किसी रक्तदाता द्वारा बल्ड डोनेट करने पर ही रक्त की कमी या जरुरत को पूरा किया जा सकता है। हर साल करोड़ों लोगों को रक्त की जरूरत होती है पर कुछ लाखों लोगों को ही रक्त मिल पाता है। सिकल सेल के मरीज को कई बार रक्त डोनेशन की जरुरत पड़ती है। डॉक्टरों के अनुसार एक स्वस्थ्य व्यक्ति के शरीर में 5 से 6 लीटर खून मौजूद रहता है। ब्लड डोनेशन के समय 350 एमएल रक्त ही लिया जाता है। दूसरी बार तीन माह के अंतराल पर भी रक्तदान किया जा सकता है।

यहां के डॉक्टर्स भी मानते हैं कि रक्तदान करने के प्रति अब लोग पूरी तरह से जागरूक हो चुके हैं। जो भ्रांतियां थीं, वे दूरी हो चुकी हैं। सबसे खास बात यह है कि रक्तदान के दौरान संबंधित की पांच तरह की जांचें निशुल्क हो जाती हैं। इनमें सिफलिक, हेपेटाइटिस बी व सी, मलेरिया और एचआईवी शामिल हैं।

# निश्चित स्थानों पर ही करें कुर्बानी

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बकरीद का पर्व सभी लोग परंपरागत तरीके से मनाएं। कुर्बानी पहले से निश्चित स्थानों पर ही करें। किसी भी कीमत पर सरकारी नालियों में कुर्बानी के अवशेष आदि न बहने दें।

उक्त बातें उप जिलाधिकारी रामनगर पवन कुमार ने रामनगर थाने पर प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय के द्वारा आयोजित शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोगों संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सभी लोग शासन और अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें। शांति समिति की बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष रविकांत पांडेय, महमूद अहमद, डॉ. सलीम अहमद, सभासद अवनीश मिश्रा, इसरार अहमद, अधिवक्ता बीडी खान, ग्राम प्रधान लैंन अब्दुल मन्नान सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### वरिष्ठ अधिवक्ता बद्दू बाबू का निधन



**बाराबंकी, अमृत विचार :** जनपद के फौजदारी के प्रख्यात वरिष्ठ अधिवक्ता एवं देश दीपक मिश्रा एडवोकेट के पिता ओंकार नाथ मिश्रा (बद्दू बाबू) का गुरुवार को उनके निवास स्थान पर हृदय गति रुक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया। बद्दू बाबू के पार्थिव शरीर का आज कमरिया बाग स्थित श्मशान घाट पर होगा। बद्दू बाबू के निधन से अधिवक्ताओं में शोक की लहर है।

### इलाज के दौरान ग्राम प्रधान का निधन

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** लगातार पांच बार ग्राम प्रधान चुने जा चुके क्षेत्र त्रिवेदीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत जौरास के प्रधान गया प्रसाद यादव उर्फ मुन्नू यादव 70 वर्ष का घर पर इलाज के दौरान अचानक निधन हो गया। जौरास ग्राम पंचायत के प्रधान मुन्नू यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख गोमती यादव के बड़े भाई थे। छबील चौकी गांव निवासी गया प्रसाद यादव के अंतिम संस्कार में सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सांसद तनुज पुनिया, पूर्व विधायक राम मगन रावत गौतम रावत आदि ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया।

### बकरीद पर सफाईकर्मियों को नहीं मिलेगा अवकाश

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** आगामी बकरीद के त्यौहार को देखते हुए नगर पंचायत व ब्लॉक के किसी भी सफाई कर्मियों को अवकाश नहीं दिया जायेगा। जिन स्थानों पर कुर्बानी होती है, उन स्थानों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। तहसील सभागार में बकरीद के त्यौहार को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम आर .जगत साईं ने आदेश दिया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार निपटाने के लिये प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। बकरीद पर्व पर होने वाली कुर्बानियों के अवशेषों को नालियों में न डाले, जिससे कि कोई विवाद हो उसे जमीन में दफन कर दे। सीओ बीनू सिंह ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है।

# बनारसी लच्छे के साथ भुनी सेवइयों की बढ़ी मांग

## बकरीद पर सेवइयों का सजा बाजार, शहर से गांव तक सजी दुकानें, सेवईं की ढेरों वैरायटी हैं मौजूद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बकरीद यानी ईद-उल-अजहा का त्योहार सोमवार को मनाया जाएगा। इसे लेकर एक तरफ जहां लोग बकरों की खरीदारी कर रहे हैं, तो वहीं बकरीद में मेहमाननवाजी के इंतजाम भी जोरों पर किये जा रहे हैं। बकरीद पर मेहमानों के लिए बाजारों में सेवइयों का बाजार सज चुका है। शहर से लेकर गांव तक सैकड़ों स्थानों पर सजी सेवई की दुकानों ने त्योहार की मिठास बढ़ा दी है।

सेवईं की ढेरों वैरायटी बाजार में मौजूद हैं। लाल, सफेद, बनारसी लच्छा और किमामी सेवई के साथ



बाजार में सजी सेवईं की दुकान। अमृत विचार

जो सबसे खास है, वह है भुनी सेवइयां। बाजार में बनारसी लच्छे के साथ भुनी सेवइयों की मांग काफी ज्यादा है।

शहर के बेगमगंज, निबलेट तिराहा, लइयामंडी, धनोखर, घंटाघर और पीरबटावन समेत अन्य स्थानों पर तमाम वैरायटी की सेवइयों का बाजार सजा है। इन दुकानों पर खरीदारों की काफी भीड़ भी देखी जा रही है। लइयामंडी के सेवई व्यापारी यूसुफ ने बताया कि पहले लोग कच्ची सेवइयां घर लेकर जाते थे और उसे एक दिन पहले कई घंटों तक भूनते थे। इसमें घर की महिलाओं का काफी समय खराब हो जाता था। सेवइयों के साथ ही अन्य जो पकवान बनाने होते हैं, उसके लिये समय कम पड़ जाता था। इसलिये भुनी सेवई ज्यादा पसंद की जा रही है। यूसुफ ने बताया कि बगैर भुनी सेवई 40 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिक रही है। जबकि भुनी सेवईं खुले में 70 रुपये प्रति किलो व डिब्बे में पैक भुनी सेवई 150 रुपये प्रति किलो में मौजूद है।

बाजार में मोटी, बारीक और लच्छेदार के साथ कई और वैरायटी की भी सेवइयां उपलब्ध हैं। इन सभी के दाम इनकी गुणवत्ता के हिसाब से दुकानदारों ने तय किये हैं। निबलेट तिराहे पर लगी सेवईं की दुकान मालिक अल्तमस ने बताया कि उनके पास छत्ते वाली सेवईं, बनारसी, किमामी सेवईं, छड़ व सादी सेवईं, सूतफेनी, रुमाली, दूध फेनी, लाल लच्छा, सफेद लच्छा और बनारसी लच्छा समेत तमाम वैरायटी की सेवइयां उपलब्ध हैं। इनमें भुनी सेवई की मांग काफी ज्यादा है।



लापरवाही : पटेल तिराहे पर बीच रोड रोडबेज बस खड़ी करके सवारी भरी जाती हैं। जिससे आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ट्रैफिक पुलिस भी इनपर कोई कार्रवाई नहीं करती। फोटो- सुभाष मिश्रा

# संदिग्ध हालात में लटकता मिला छात्रा का शव, हत्या की आशंका

## एसपी, एससपी समेत फॉरेंसिंक टीम ने की जांच, सुरक्षा के बीच किया गया अंतिम संस्कार

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कस्बा देवा स्थित एक मकान में 12 वर्षीय छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का जायजा लिया और कई थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंची। विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने भी जाकर साक्ष्य इकट्ठे किए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद छात्रा के शव का भारी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान देवा कोतवाल अनिल कुमार पांडे सहित भारी मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात रही।

कस्बा देवा के मोहल्ला कचेहरान एक में अरविंद लोधी की पुत्री रिया



▸▸ मृतका एक निजी विद्यालय में कक्षा 8 की छात्रा थी

उर्फ नंदनी (12) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटकता मिलने पर हड़कंप मच गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतका रिया क्षेत्र के ही एक निजी विद्यालय में कक्षा 8 की छात्रा थी। छात्रा के पिता अरविंद ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे अरविंद पेंटिंग का काम करने चिनहट चला गया था। इस दौरान रिया घर पर अकेली थी। दोपहर करीब 12 बजे उसकी मां रामकली अपने मायके से पुत्र के साथ वापस आई तो देखा कि घर का दरवाजा अंदर से बंद था और तेज आवाज में टीवी चल रही थी। काफी आवाज



घटनास्थल पर जांच करते पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

देने के बाद जब घर का दरवाजा नहीं खुला तो उसने अपने पुत्र नैतिक को दूसरे के घर के रास्ते से छत पर होकर घर के अंदर भेजा तो उसने देखा कि रिया का शव साड़ी के सहारे फंदे से लटका हुआ है। यह देख मोहल्ले में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, एएसपी उत्तरी चिरंजीव नाथ सिंह,सीओ सिटी जगत प्रसाद कनौजिया और देवा कोतवाल अनिल कुमार पांडेय मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम भी पहुंची और कुर्सी और फतेहपुर की फोर्स भी मौके पर बुलाई गई। फिलहाल पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

# प्रधानों व सचिवों की बैठक में हंगामा

## गाली-गलौज और हाथापाई तक की आई नौबत, वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सूरतगंज ब्लॉक में तैनात एडीओ पंचायत की भ्रष्ट कार्यशैली के चलते ग्राम प्रधानों की बुलाई गई बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। बैठक में हुए बवाल का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दरअसल जिले के सूरतगंज ब्लाक में जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश भोंडेले बाराबंकी के द्वारा बीते मंगलवार को स्वच्छ भारत मिश ग्रामीण व जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनी संपत्तियों के रखरखाव एवं संचालन हेतु ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिवों की संयुक्त बैठक ब्लॉक परिसर में बुलाई गई थी। जानकारी के मुताबिक बैठक के दौरान इब्राहिमपुर ग्राम प्रधान उमेश मिश्रा के पुत्र अतुल मिश्रा ने एडीओ पंचायत पर कार्यों का भुगतान करने में पक्षपात का आरोप लगाया। प्रधान पुत्र ने कहा कि भाजपा के लोगों का भुगतान रोका जा रहा है, जबकि विपक्षियों का सारा भुगतान हो रहा है।



बैठक के दौरान हंगामा करते सदस्य। अमृत विचार

> प्रधान और उनके पुत्र के सारे आरोप निराधार हैं। सचिव के साथ प्रधान और उनके पुत्र का विवाद है। वर्तमान में इनकी ग्राम पंचायतों में एसबीएम का काफी पैसा पड़ा है। जिसे इन्होंने आपसी सामंजस्य न होने के चलते खर्च नहीं किया है। इसका कारण जब इनसे पूछा गया, तो यह उल्टा पूछने लगे कि इसमें हमारे लिये क्या होगा। बैठक में प्रधान पुत्र सचिव के कुछ कागज जबरन छीनने लगे। जिसपर एडीओ पंचायत ने इन्हें रोका तो वह उनसे बहस करने लगे।
> –नितेश भोंडेले, डीपीआरओ

उन्होंने कहा कि जिम्मेदार अधिकारी होने के नाते जिला पंचायत राज अधिकारी से मामले की जांच कराए जाने का मांग की।

प्रधान पुत्र का आरोप है कि डीपीआरओ बैठक में एडीओ पंचायत के पक्ष में उतर आए। जिससे मामला बिगड़ गया। बैठक में मौजूद लोगों के मुताबिक गाली गलौज और हाथापाई तक की नौबत आ गई। वहीं स्थिति बिगड़ते देख जिला पंचायत राज अधिकारी सभागार से बाहर निकले और चले गए। जिसका वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं कर रहा।

# झूठी गवाही देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ पॉक्सो एक्ट की अदालत ने तीन लोगों के खिलाफ दिया आदेश

**अमृत विचार :** झूठी गवाही देने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने केस दर्ज करने का आदेश दिया। यह आदेश ज्ञान प्रकाश शुक्ला की बेंच ने दलित किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ जान से मारने की धमकी के मामले में झूठी गवाही देने को लेकर पीड़िता वह उसके दो भाइयों के खिलाफ आदेश में दिया।

इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपी को साक्ष्य के अभाव में दोष बरी कर दिया। पूरा मामला थाना क्षेत्र टिकैत नगर के एक गांव का है। जहां पर वादी ने थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी बहन गांव के ही रिंकू पंडित उर्फ रत्नेश तिवारी के यहां बुलाने पर काम करने आती जाती थी। आरोप था कि रिंकू ने अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया व कहीं बताने पर उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी। 13 फरवरी 2014 को अन्य लड़कियों के माध्यम से पीड़िता को गर्भ ठहरने की जानकारी हुई। तब पीड़िता ने पूछताछ पर रिंकू द्वारा दुष्कर्म करने की बात बताई। घटना की रिपोर्ट पीड़िता के भाई ने थाने में दर्ज कराई थी। न्यायालय में सुनवाई के दौरान वादी, पीड़िता तथा उसके एक और भाई बयान से मुकर गए। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि उसकी शादी हो गई थी और गौना नहीं हुआ था। लेकिन उसका पति आता जाता था, जिससे उसे गर्भ ठहर गया, रिंकू से पैसे के लेन देन का विवाद था। घर वालों के कहने पर उसने रिंकू तिवारी पर आरोप लगाया था। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद से न्यायाधीश ने साक्ष्य के अभाव में आरोपी रिंकू पंडित उर्फ रत्नेश तिवारी को दोषमुक्त करार दिया। इसके साथ ही मिथ्या साक्ष्य देने के मामले में पीड़िता व उसके दो भाइयों के खिलाफ अलग-अलग केस दर्ज करने का आदेश दिया।

# गौशाला का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार:** खंड विकास अधिकारी रामनगर प्रीति वर्मा ने लैन गांव में स्थित गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया और हरा चारा शुद्ध पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

गुरुवार को खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा गौशाला की हकीकत से रूबरू होने लैंन गांव पहुंची यहां उन्होंने भ्रमण कर पूरे गौशाला का निरीक्षण स्थिति देखी। मौके पर मौजूद पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था रखने निरन्तर साफ सफाई कराने के निर्देश दिए।

# बैठक में डीएम ने सुनी उद्यमियों की समस्याएं

## कहा- उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हो निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जनपद के उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में होने वाले औद्योगिक निवेश में तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी



उद्यमियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार।

अधिकारियों से उद्यमियों द्वारा किये गये आवेदन पत्रों पर शीघ्र कार्रवाई करने और समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना है। जिलाधिकारी ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का समयान्तर्गत निस्तारण करना सुनिश्चित करें।बैठक में उप जिलाधिकारी सदर विजय कुमार त्रिवेदी, क्षेत्राधिकारी पुलिस सुमित त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, उपायुक्त उद्योग आशुतोष कुमार, अग्रणी जिला प्रबन्धक विवेक कुमार सहित सम्बंधित जिला स्तरीय अधिकारी तथा अन्य उद्यमी व निवेशक उपस्थित रहे।

# नौचंदी मेले में उमड़ी भीड़, लगा जाम

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा देवा स्थित सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की मजार पर लगने वाला नौचंदी मेला धूमधाम से संपन्न हुआ। इस दौरान उमड़ी भीड़ के चलते कस्बे में जाम की स्थित बनी रही, जिसको लेकर पुलिसकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

जो रब है, वही राम का संदेश देकर दुनिया को इंसानियत का पैगाम देने वाले महान सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की मजार पर प्रत्येक माह नौचंदी मेले का आयोजन किया जाता है। जिस क्रम में गुरुवार को मेले का आयोजन किया गया, भोर से ही जायरीनों का आवागमन शुरू हो गया था। भीषण गर्मी में भी लोगों की आस्था भारी पड़ रही थी। मेले के दौरान समूचे कस्बे में जाम की स्थिति बनी रही। जाम के चलते राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मजार परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी।

# लंगर के लिए भक्तों ने सौंपी खाद्य सामग्री

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** आगामी 29 जून से 19 अगस्त 2024 तक होने वाली अमरनाथ यात्रा में केलनार पौषपत्री पर लगने वाले श्री बर्फानीस्वर महादेव सेवा समिति के लंगर के लिए हैदरगढ़ के भक्तों ने खाद्य सामग्री समिति को सौंपी। समिति की हैदरगढ़ इकाई ने लंगर के लिए खाद्य सामग्री एकत्रित की। इस दौरान यहां समिति के प्रधान कैलाश नाथ शर्मा को खाद्य सामग्री सौंपी गई।

# डायग्नोस्टिक सेंटर की अल्ट्रासाउंड मशीन सीज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ निरीक्षण में मानक के विपरीत मिलीं थीं खामियां

**अमृत विचार :** शहर के एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर में 18 मार्च 2024 को निरीक्षण के दौरान सहयोग न करने व मानक के विपरीत सेंटर में तमाम तरह की खामियां पाए जाने को लेकर गुरुवार को डायग्नोस्टिक सेंटर की अल्ट्रासाउंड मशीन सेंटर के संचालक चिकित्सक व एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी द्वारा नामित मजिस्ट्रेट प्रियंका त्रिपाठी व नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डा. राजीव दीक्षित की मौजूदगी में सील कर दिया गया।

मामला नाका सतरिख स्थित रोहन डायग्नोस्टिक सेंटर का है। जहां अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किये जाने के दौरान वहां के संचालक द्वारा एंट्री गेट बंद कर दिया गया व केंद्र पर अधिकारियों का जांच में सहयोग नहीं किया गया था। और तो और निरीक्षण के समय अल्ट्रासाउंड मशीन खुली थी। 18 मार्च 2024 को इस केंद्र पर 24 मरीजों के अल्ट्रासाउंड किए गए थे, लेकिन चिकित्सक द्वारा संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण नहीं कराया जा सका। निरीक्षण में पाया गया कि सेंटर पर पीसीपीएनडीटी अधिनियम का पालन नहीं किया जा रहा है।

प्राधिकारी जिलाधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। पर केंद्र संचालक के द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा सका।

# लापरवाह लेखपाल निलंबित

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लेखपाल द्वारा कार्य में लापरवाही की शिकायत पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने निलंबित कर दिया है। लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई होने पर राजस्व कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

तहसील क्षेत्र बसारा सर्किल में तैनात लेखपाल बालेंद्र सिंह वरासत के साथ सरकारी कार्यों में लगातार लापरवाही बरती जा रही थी। जिसको लेकर ग्रामीणों इसकी कई बार शिकायत कि थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने से ग्रामीणों को दिक्कतें हो रही थीं। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम आरजगत साईं ने शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए जांच कराई। जिस पर शिकायतें सही पाई गईं। इस पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने गुरुवार को लेखपाल बालेंद्र सिंह को निलंबित करते हुए जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि बिना सूचना दिए कार्य क्षेत्र से बाहर रहते थे, कई मामलों का निस्तारण समय से नहीं किया गया। इसको लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# जनता से किया गया हर वादा पूरा करूंगा : तनुज पुनिया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** केंद्र में भले ही इंडिया गठबंधन की सरकार न बनी हो, लेकिन मेरा जनता से किया गया हर एक वादा पूरा होगा। यह बातें सांसद तनुज पुनिया ने चुनाव जीतने के बाद गांधी भवन में गुरुवार को आयोजित स्वागत समारोह के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में जिले को जो वनवास मिला था, वह आने वाले पांच सालों में विकास की नई योजनाओं से पूरा किया जाएगा। उन्होंने इस काम के लिए जनता का सहयोग और मार्गदर्शन मांगा। इस मौके पर सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप व पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया



गांधी भवन में मौजूद सांसद तनुज पुनिया। अमृत विचार

उनके साथ मौजूद रहे।

सांसद तनुज पुनिया ने गांधी भवन पहुंचकर सबसे पहले गांधी प्रतिभा पर माल्यार्पण कर वयोवृद्ध गांधीवादी चिंतक पंडित राजनाथ शर्मा से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर सपा नेता अरविंद सिंह गोप ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई। यही वजह है कि इंडिया गठबंधन सभी विधानसभाओं में अपनी जीत दर्ज करने में सफल रही।

गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कहा कि युवा सांसद तनुज पुनिया से युवाओं को बहुत अधिक उम्मीद है। इस मौके पर पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, समाजसेवी विजय कुमार सिंह 'मुन्ना', मृत्युंजय शर्मा, अशोक शुक्ला, साहित्यकार अजय सिंह गुरूजी, विजय पाल गौतम, प्रदीप सिंह, अजय वर्मा बबलू, भूपेन्द्र सिंह, सत्यवान वर्मा, विनय कुमार सिंह, नीरज दूबे, बब्बू अरोड़ा, वेद प्रकाश यादव, विनोद भारती, सलाउद्दीन किदवई, संजय कत्याल, बृजेश दीक्षित, हुमायूं नईम खान, वीरेन्द्र प्रधान, मेराज प्रधान, मनीष सिंह, अजीज अहमद, साकेत संत मौर्य आदि कई लोग मौजूद रहे।

### जीत में अधिवक्ताओं का बड़ा सहयोग

बाराबंकी से हमारी ऐतिहासिक जीत में अधिवक्ता भाइयों का बड़ा सहयोग रहा। इसके लिये मैं हमेशा उनका ऋणी रहूंगा। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि देश में लोकतन्त्र कायम रहे और देश का संविधान सुरक्षित रहे। इसके लिये मैं कोई भी संघर्ष करने या कुर्बानी देने के लिये हमेशा तैयार रहूंगा। यह बातें नव निर्वाचित सांसद तनुज पुनिया ने गुरुवार को अपने ओबरी आवास पर बधाई देने आये जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई व अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के बीच कही। नव निर्वाचित सांसद को बधाई देते हुये जिला बार के अध्यक्ष ने उन्हें संविधान की पुस्तक भेंट की। इस मौके पर पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया भी मौजूद रहे।

# डॉ. सुरेंद्र कुमार वर्मा को चुना गया प्रधान संघ का अध्यक्ष

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में गुरुवार को प्रधान संघ का चुनाव कराए जाने हेतु अधिकांश प्रधान और प्रतिनिधि उपस्थित हुए। पूर्व से गठित कार्यकारणी के प्रधान संघ के अध्यक्ष महेश मिश्रा ने बिना सूचना के चुनाव कार्यक्रम संपन्न कराए जाने का विरोध शुरू किया। तभी विपक्ष के अनूप सिंह ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारणी गठन की बात कही। एक पक्ष ने ब्लाक के बाहर सर्वसम्मति से फिरोजपुर गांव के प्रधान डा. सुरेंद्र कुमार वर्मा को प्रधान संघ का अध्यक्ष चुन लिया। चन्दूरा गांव के प्रधान सुरेश जायसवाल, मुकौली गांव के धर्मराज वर्मा, हथोईया गांव की अनीता देवी, रहटा गांव के इ. चंदन सिंह को उपाध्यक्ष पद दिया गया। जबकि महामंत्री का पद सेमराय गांव प्रधान अनूप सिंह को मिला है। वहीं मंत्री पद पर फूलपुर के असलम व गौडा के प्रधान रामप्रवेश को चुना गया। कोषाध्यक्ष पद, सिकोहना गांव के प्रधान सुनील मौर्य को दिया गया। अन्य सदस्य अमरेश, धर्मेंद्र, नीतू, रेशमा बानों, संजू देवी व विमला देवी, आदि को सचिव पद से नवाजा गया।




**आज का मौसम**

मौसम शुष्क एवं हवा सामान्य गति से चलने की संभावना है।

45.0° अधिकतम तापमान | 27.5° न्यूनतम तापमान

# लाल डिग्गी में डगमगा गई एडीए के पर्यटन की नाव

## संध्या सरोवर में अब नहीं आते लोग एडवेंचर का आनंद लेने | सरोवर में गिर रहा शहर के नालों का गंदा पानी, उठ रही दुर्गंध | पैडल बोटिंग, जिप्लाइनिंग, रोप ब्रिज, योगा आदि की है व्यवस्था | लाखों खर्च से बने सिविल लाइंस के पर्यटन स्थल का हाल

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** शहर में पर्यटन के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा लाल डिग्गी में बनाए गए पर्यटन की नाव डगमगा गई। पड़ताल में पहले ही पर्यटन स्थल की तस्वीर धुंध दिखी। लाखों रुपये खर्च कर बनाया गया पर्यटन स्थल संध्या सरोवर पर्यटकों के एडवेंचर से सूना हो गया। अब यहां शहर के लोग पिकनिक मनाने नहीं आते। सरोवर में शहर के नालों का गंदी पानी गिर रहा है। करीब जाइए तो दुर्गंध आती है। लाखों के सामान यहां खराब हो रहे हैं।

अयोध्या को वैश्विक पर्यटन नगरी बनाया जा रहा है। कई परियोजनाएं चलाई गईं, लेकिन इसकी तस्वीर ठीक नहीं कही जा सकती है। शहर के सिविल लाइंस में ही पर्यटन की हालत पस्त है। यहां संध्या सरोवर (लाल डिग्गी) को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया। गुप्तार घाट के बाद यह दूसरा ऐसा स्थल है। उम्मीद थी कि शहर के लोग यहां एडवेंटर का आनंद लेंगे। पार्कों और कुंडों की लगभग साढ़े छह करोड़ रूपये की परियोजना में इसे भी शामिल किया गया। अयोध्या विजन-2047 के तहत इसकी समीक्षा की गई। बड़ी मशीनें लगी। सरोवर की गाद निकाल सफाई करवाई गई। चारों ओर से मिट्टी के बांध बनाए गए। भित्ति चित्रों से सजाया गया। मछलियां डाली गईं। जल निकासी की व्यवस्था की गई। क्यारी और हरियाली की व्यवस्था की गई। टिकट घर बनवाया गया। कमाई की उम्मीद थी। लगभग 15 आदमी रखरखाव में अब भी है। पिछले साल इसे पर्यटकों के लिए खोल दिया गया।



पड़ताल

काई और गंदगी से भरा सिविल लाइन का संध्या सरोवर। अमृत विचार



पर्यटक स्थल संध्या सरोवर में लगा रोप ब्रिज। अमृत विचार

### यह है व्यवस्था

सरोवर में पैडल बोटिंग, जिप्लाइनिंग, रोप ब्रिज, योगा और बच्चों के उछल कूद के स्थान बनाए गए। लेकिन रखरखाव के अभाव में सूरत बिगड़ गई। परिसर में ही पिज्जा और खाने पीने की दुकान है। पर्यटकों की आमद कम हो गई।

### सरोवर के गंदे पानी ने बिगाड़ी स्थल की सूरत



पर्यटक स्थल के संध्या सरोवर में नाले से आकर गिरता गंदा पानी।

सरोवर के बाहर दोनों ओर तल्लैया है। इसमें जलकुंभी की भरमार है। पिछली बारिश में बांध टूट गया। दोनों तलैय्या से होते हुए नालों का गंदा पानी सरोवर में गिरने लगा, फिर बांध नहीं बना। गंदगी व काई जम गई। करीब जाइए को दुर्गंध आती है।

### बंद हो गई बोटिंग

शुरूआत में पानी साफ था। कई लोग पैडल बोटिंग करने आते थे। अब भी चार बोट सरोवर में मौजूद हैं लेकिन पर्यटक अब इसका आनंद लेने नहीं आते।

### खराब हो रहे जिप्लाइनिंग व रोप ब्रिज

पर्यटकों के न आने और उपयोग न होने से जिप्लाइनिंग और रोप ब्रिज खराब हो रहे है। पानी के ऊपर से जिप्लाइनिंग का आनंद ही कुछ और होता है। लखनऊ के बाद यह दूसरा जिप्लाइनिंग करने का स्थल हैं। उपयोग ने होने से रोप ब्रिज खराब हो रहा है।



पर्यटल स्थल पर रोमांच के लिए लगाया गया जिप्लाइनिंग का तार।



पर्यटन स्थल पर भोजनालय बना टिकट घर।

### टिकट घर बन गया भोजनालय

पर्यटन स्थल पर पर्यटकों को टिकट लेने के लिए टिकट घर बनाया गया था। अब हाल यह है कि इसमें यहां रखरखाव में लगाए गए लोगों का भोजन बनता है।

### टिकट का दाम ज्यादा

एडवेंचर के लिए टिकट का दाम भी इसके सूना होने का कारण है। जिप्लाइनिंग और रोप ब्रिज के लिए 250, बोटिंग के लिए 200 रूपये शुल्क देना होता है। सिविल लाइंस के रहने वाले राम मोहन कहते हैं कि व्यवस्था ठीक न होने और शुल्क ज्यादा होने से भी लोगों ने यहां आना बंद कर दिया। राधेश्याम कहते हैं कि सबसे ज्यादा आकर्षण बोटिंग का था। सरोवर की गंदगी और बदबू के कारण लोगों ने यहां आना बंद कर दिया।

### जलकुंभी समाप्त करने में बेकार गया पैसा

सरोवर में जलकुंभी न हो इसके लिए केमिकल डालने की व्यवस्था के लिए एक टीम को लगाया गया। उपकरण लगाए गए लेकिन लोग बताते हैं कि लगभग साल भर काम करने के बाद भी यह कारगर नहीं हुआ तो छह हजार रूपये खर्च करके जलकुंभी साफ कराई गई। बुलाई गई कंपनी का पैसा व्यर्थ गया।



बंद पड़ा सरोवर की जलकुंभी मिटाने वाला संयत्र।

### तीन महीने में आए 15 पर्यटक

लाखों खर्च कर बनाए गए पर्यटन स्थल में एडवेंचर का आनंद लेने के लिए केवल 15 पर्यटक आए। यहां काम करने वाले तो ऐसा ही कहते हैं।



सरोवर से पानी निकालने के लिए लगा गई पाइप।

### नहीं निकाला जाता पानी

सरोवर से पानी निकालने के लिए पाइप लगाया गया है। यह अब भी दिखता है। आसपास के लोगों का कहना है कि अब इससे पानी नहीं निकाला जाता। दूसरी ओर से गंदी पानी गिरता रहता है।

### दुकानों तक आते हैं लोग

परिसर में पिज्जा सहित दूसरी दुकाने हैं। शाम को कुछ लोग यहां आते हैं, लेकिन वह केवल वहीं तक सीमित रहते हैं।

### महीने भर पहले मर गई मछलियां

सरोवर में गंदगी के कारण लगभग महीने भर पहले मछलियां मरकर उतरा रही थीं। उन्हें साफ कराया गया। काम करने वाले बताते हैं कि अभी कुछ मछलियां बची हैं, लेकिन गंदगी में दिखती नहीं हैं।

### पर्यटन स्थल पर सूर्य स्तंभ का प्रतीक

पर्यटन स्थल पर सूर्य स्तंभ अयोध्या की पहचान के रूप में खड़ा है। यह नगरी के विकास का प्रतीक भी है।

### बंद मिला शौचालय

परिसर में पर्यटकों के लिए बनाया गया शौचालय बंद मिला। यहां मौजूद लोगों ने बताया कि शौचालय में पानी नहीं आता।



पर्यटन स्थल पर लगा प्रतीक सूर्य स्तंभ।

"पर्यटन स्थल का टेंडर कर दिया गया। उसको देखना है। देखा जाता है कि इसमें क्या किया जा सकता है।"
–सत्येंद्र कुमार सिंह, सचिव, अयोध्या विकास प्राधिकरण।

### एक नजर

#### अपडेट कराएं खाता, भेजी जाएगी पेंशन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों को पेंशन का भुगतान आधार बेस्ड प्रणाली के तहत किया जाएगा। इसके लिए बैंक खातों में आधार लिंक होना जरूरी है। जिला प्रोबेशन कार्यालय के अनुसार जिन लाभार्थियों के बैंक खातों में आधार लिंक अपडेट नहीं हैं। वह सभी लाभार्थी जल्द से जल्द अपने बैंक खाते में आधार लिंक कराएं। जिससे इस वित्तीय साल की पहली तिमाही की किस्त सभी लाभार्थियों को मिल सके।

#### सड़क के एक लेन पर बंद रहेगा यातायात

**अयोध्या। अमृत विचार:** फैजाबाद-इलाहाबाद मार्ग (आबकारी गोदाम से नाका चुंगी चौराहा तक) के दो लेन में सड़क का चौड़ीकरण और विस्तारीकरण का कार्य कराया जा रहा है। अब इस सड़क पर गहरे नाले की खुदाई कराया जाना शुरू किया गया है। इसको लेकर एक लेन पर यातायात बंद कर दिया गया। जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। यह जानकारी अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग कार्यालय ने दी।

#### विस्थापित व्यापारियों के लिए चलेगा अभियान

**अयोध्या। अमृत विचार:** विस्थापित व्यापारियों को न्याय दो नाम से अभियान चलाया जाएगा। व्यापारी नेता नंद कुमार गुप्ता ने बताया कि विस्थापितों के लिए स्थाई दुकान बनवाने आदि समस्याओं के संदर्भ में बुधवार शाम को राजद्वार पार्क निकट हनुमानगढ़ी अयोध्या पर व्यापारी समाज की बैठक में ये निर्णय लिया गया।

#### ओवरब्रिज से गिरे बाइक सवार दंपति, गंभीर

**अयोध्या।** अयोध्या में बड़ी देवकली ओवरब्रिज पर गुरुवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। ओवर ब्रिज से बाइक सवार दंपति नीचे गिर गए। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों की पहचान दीपक खन्ना और रेनू खन्ना निवासी शिवनगर नगर के रूप में हुई। दोनों को ट्रॉमा सेंटर दर्शन नगर भेज दिया गया। दीपक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# महंत के जन्मोत्सव पर संतों में दिखेगा नई सरकार का उत्साह

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास के 86वें जन्मोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का जश्न दिखाई देगा। शुक्रवार से प्रारंभ हो रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण के लिए मणिराम दास छावनी के कथा मंडप को भव्य रूप दिया गया है, जिसमें महंत नृत्य गोपाल दास के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह सहित अन्य कई प्रमुख नेताओं के पोस्टर भी लगाए गए हैं।

महंत के जन्मोत्सव के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को 11 वैदिक आचार्यों के द्वारा श्रीराम महायज्ञ में मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां डाली गईं, लेकिन इस कार्यक्रम का मुख्य उत्सव शुक्रवार को पुंडरीक गोश्वामी की कथा के साथ प्रारम्भ होगा। इस दौरान भाजपा के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा और जबलपुर के स्वामी अखिलेश्वरानंद समेत अयोध्या के अन्य महंत व धर्माचार्य शामिल होंगे। सात दिवसीय कथा के अंतिम दिन 20 जून को संतों का सम्मेलन होगा, जिसमें राजस्थान, उत्तराखंड और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री समेत देश भर से सन्त और पीठाधीश्वर शामिल होंगे। उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने बताया कि आयोजन में देश की अखंडता के लिए सामाजिक समरसता और केंद्र व प्रदेश सरकार के विकास की योजनाओं से बदलती अयोध्या पर मंथन होगा। केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है। इस कार्यक्रम में प्रतिदिन लगभग 5000 से अधिक भक्त भी शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। भव्य भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### संत सम्मेलन में राष्ट्र पर होगा मंथन

विश्व हिंदू परिषद के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने कहा कि महंत नृत्य गोपाल दास का जन्मोत्सव है तो स्वाभाविक है कि यह कार्यक्रम अति उत्साह और उमंग से परिपूर्ण होगा। इस दौरान पुन: केंद्र में भाजपा की सरकार स्थापित हुई है। इससे बड़ा उत्सव का माहौल और क्या हो सकता है। इस बार संत सम्मेलन में राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए मंथन होगा।

## हनुमानगढ़ी के तीन साधुओं के खिलाफ रिपोर्ट

**अयोध्या, अमृत विचार।** रामनगरी के रामपथ स्थित एक दुकान को लेकर हुए विवाद में हनुमानगढ़ी के तीन साधुओं के खिलाफ चोरी, मारपीट, धमकी आदि की धारा में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

पीड़ित अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के रायगंज निवासी विवेक गुप्ता का कहना है कि उन्होंने हनुमानगढ़ी के हरिद्वारी पट्टी से रामपथ पर अपनी पत्नी प्रीती के नाम एक दुकान ली है। वह गुरुवार सुबह दुकान पर गए तो देखा कि ऊपरी हिस्से में रहने वाले हरिद्वारी पट्टी के साधुओं रामदास चेला स्व. भगवान दास, धनजय दास व टीका दास ने दुकान के सामने पक्की दीवार खड़ी कर दी है। भीतर की दीवार तोड़ दुकान में रखा सामान चोरी कर लिया। मुझको मौके पर देख तीनों साधु गाली-गलौच करते हुए हमलावर हो गए और मारापीटा तथा दुबारा दुकान की ओर आने पर परिवार से हाथ धो देने की धमकी दी। रामजन्मभूमि के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि मामले में तीन साधुओं के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर मामले की तहकीकात कराई जा रही है।

# हौज में गिरा हाईटेंशन तार बच्चे की करंट से मौत

अयोध्या कार्यालय



शनि (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** कामख्या धाम नगर पंचायत क्षेत्र के एक गांव में ट्यूबवेल के हौज में तार टूटकर पानी में गिर गया। जिससे नहा रहे बच्चे की करंट से मौत हो गई। घटना के बाद से गांव के लोगों में आक्रोश फैल गया है।

गोडियन का पुरवा मजरे सैदपुर में गुरुवार सुबह शनि (14) पुत्र रामनेवल गांव में स्थित ट्यूबवेल के हौज में नहाने गया था। इसी दौरान खंभे से तार टूटकर शनि के ऊपर गिर गया। शनि के साथ नहाने गये दो और बच्चे भागकर गांव के अंदर पहुंचे और घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने पावर हाउस फोन कर लाइन बंद कराई। गंभीर रूप से झुलसे शनि को परिजन सीएचसी रुदौली ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि शनि आठवीं का छात्र था। वह अपने पांच भाइयों में सबसे छोटा था। ग्रामीणों ने बताया कि नई लाइन बनी होने के बावजूद तार गिरना बिजली विभाग के अधिकारियों पर सवाल खड़े करता है। बाबा बाजार थाना अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि करंट की चपेट में आने से बालक की मौत हो गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिशासी अभियंता आरएस मौर्य ने बताया की ट्यूबवेल के लिए हाईटेंशन लाइन गई थी। बच्चा वहीं नहा रथा था। इस दौरान तार उसके ऊपर गिर गया। अभी जन आक्रोश है। बाद में अधिकारियों को भेज कर जांच कराई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### शयन आरती का फर्जी पास बनाकर वसूली में एक गिरफ्तार

**अयोध्या। अमृत विचार :** रामजन्मभूमि मंदिर में फर्जी आरती पास के नाम पर रकम हड़पने के एक और मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। क्षितिज टंडन, अमन गांधी व दीपक भास्कर ने माध्यम से रामलला के शयन आरती का पास हासिल किया था। जिसके एकज में उनसे 2700 रूपये लिए गए थे। नौ जून की रात 9:45 बजे सुरक्षा कर्मियों की ओर से जाँच और स्कैनिंग में पास फर्जी मिला था। जिसके बाद थाना रामजन्मभूमि पुलिस ने शिकायत दर्ज की थी। दर्ज रिपोर्ट की विवेचना में जुटी पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में संदीप पांडेय को गिरफ्तार किया है। रामजन्मभूमि के प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने बताया कि पीड़ितों को पास की पीडीएफ उपलब्ध कराई गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान किया है।

### सरयू स्नान के दौरान पंजाब का श्रद्धालु डूबा, लापता

**अयोध्या। अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली के नयाघाट क्षेत्र स्थित कच्चे घाट पर गुरुवार की शाम स्नान के दौरान पंजाब निवासी एक श्रद्धालु सरयू में डूब गया। जल पुलिस डूबे श्रद्धालु की तलाश में जुटी है। पंजाब के जिला रोपड़ निवासी कार्तिक पुरोहित (17) पुत्र अशोक पुरोहित अपने माता-पिता, नाना-नानी, भाई-बहन के साथ अयोध्या दर्शन को आया था। शाम को लगभग पांच बजे परिवार के लोग कच्चे घाट पर स्नान कर रहे थे। इस दौरान कार्तिक सरयू के गहरे पानी में डूब गया और लापता हो गया। परिजनों का कहना है कि अभी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची है। कोतवाल मनोज शर्मा का कहना है कि जल पुलिस को तलाश के लिए लगाया गया है।

### पीएम सूर्य घर योजना की कोई जानकारी नहीं

**सोहावल (अयोध्या)। अमृत विचार :** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर का नाता अब तक विकास खंड से नही जुड़ा है। इसकी किरणे यहां तक पहुंची ही नही जो सोलर ऊर्जा से लोगो को रोशनी देने में मदद करे। योजना का स्वरूप, भागीदारी, एजेंसियों का नाम, पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या जैसी कोई भी जानकारी विकास खंड मुख्यालय के पास नहीं है। खंड विकास अधिकारी भावना यादव ने बताया कि पूरी योजना की जानकारी जिला स्तर पर ही है। ब्लॉक मुख्यालय स्तर पर इसकी कोई जानकारी नही है। न हमे कोई जानकारी दी गई है न ही कोई जानकारी ली गई है।

### समाज में हुनरमंद महिलाओं की जरुरत



प्रशिक्षण के बाद प्रमाण-पत्र के साथ प्रशिक्षु महिलाएं। अमृत विचार

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार :** मानव विकास प्रशिक्षण संस्थान के तत्वाधान में चार साप्ताहिक ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गुरुवार को प्रमाण पत्र वितरित करके किया गया। संस्थान की अध्यक्ष रजनी कुशवाहा ने कहा कि समाज में हुनरमंद महिलाओं की आवश्यकता है। प्रशिक्षक शालिनी शर्मा ने बताया कि यह संस्था महिलाओं व बच्चों के विकास के लिए उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण एवं सेमिनार के माध्यम से मुख्या धारा से जोड़ने का प्रयास कर रही है। इस मौके पर शुहासी मिश्रा, प्रियंका जायसवाल, सुमन देवी, तनु सिन्हा, अदीबा अज़हर, मानसी, जोहा फातिमा आदि मौजूद रहीं।

### अटल आवासीय विद्यालय में चलेंगी नौंवी तक की कक्षाएं

**अयोध्या। अमृत विचार :** श्रमिकों के बच्चों को अटल आवासीय विद्यालय में कॉन्वेंट स्कूल जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। जुलाई से प्रारम्भ होने वाले सत्र में कक्षा नौ तक शिक्षा दी जाएगी। उप श्रमायुक्त प्रतिभा तिवारी ने बताया कि इस विद्यालय को जुलाई 2023 में प्रारंभ किया गया था। बीते वर्ष इस विद्यालय में कक्षा छह तक की शिक्षा दी जा रही थी और श्रमिकों के 80 बच्चों का दाखिला विद्यालय में हुआ था। इस वर्ष शासन के निर्देश के बाद कक्षा नौ तक शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है। वर्तमान सत्र में अभी 360 बच्चों का यहां पर दाखिला हुआ है। बच्चों को पढ़ाने के लिए आठ शिक्षकों की तैनाती की गई है।

**गजब हाल** — फिजिशियन के टोटे के बाद अस्पताल में कम होती दिख रही मरीजों की आमद

# यहां तो बच्चों के डॉक्टर कर रहे बड़ों का इलाज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में फिजिशियन की कमी का असर अब साफ दिखने लगा है। चिकित्सक न होने पर बाल रोग विशेषज्ञ बड़ों का इलाज कर रहे हैं। नतीजतन रोजाना अस्पताल की ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों की संख्या भी कम हो गई है, गुरुवार दोपहर एक बजे तक ओपीडी में 858 मरीज ही पहुंचे थे।

जिला अस्पताल में सबसे अधिक मरीज फिजिशियन की ही ओपीडी में पहुंचते हैं। रोज करीब 500 मरीजों का इलाज होता था। इधर एक महीने में कई चिकित्सक अस्पताल छोड़ गए। कथित चिकित्सक विनोद सिंह बतौर फिजिशियन व कार्डियोलॉजिस्ट मरीजों का इलाज किया करते थे, लेकिन उनकी फर्जी डिग्री का मामला सामने आने के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। अभी एक हफ्ते पहले चेस्ट फिजिशियन डॉ. अभिनव चौधरी ने भी इस्तीफा दे दिया। पूर्व में प्रभारी सीएमएस का कार्य देख रहे डॉ. अरुण प्रकाश ने वीआरएस के लिए अप्लाई कर दिया। अब चिकित्सालय में दो ही फिजिशियन बचे हैं।

डॉ. प्रशांत द्विवेदी और पुर्ननियुक्ति पर आए डॉ. नानक सरन ही मरीजों का इलाज कर रहे हैं। मरीजों को किसी तरह की समस्या न आए इसलिए बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शिशिर श्रीवास्तव को फिजिशियन की ड्यूटी पर लगाया गया है।



जिला अस्पताल में दोपहर डेढ़ बजे पसरा सन्नाटा।

**यहां पहुंचे अधिक मरीज**

| जनरल मेडिसिन | 284 |
| --- | --- |
| ईएनटी | 133 |
| हड्डी रोग | 121 |
| चर्म रोग | 83 |
| नेत्र रोग | 91 |
| दंत रोग | 72 |
| अन्य | 74 |

### डॉ. सीबीएन त्रिपाठी की हो सकती है एंट्री

जिला अस्पताल में विगत वर्षों में सीएमएस रहे डॉ. सीबीएन त्रिपाठी की जल्द ही एंट्री हो सकती है। बताया जा रहा है कि उनकी पुर्ननियुक्ति को लेकर बात चल रही है। डॉ. सीबीएन के अस्पताल में आने के बाद हड्डी रोग की ओपीडी और भी मजबूत हो जाएगी। इनके आने के बाद हड्डी रोग के लिए तीन चिकित्सक हो जाएंगे। एमएस डॉ. विपिन वर्मा ने बताया कि उनकी पुर्ननियुक्ति को लेकर खबरें सामने आई हैं।

### आम दिनों में 1200 तक होती है ओपीडी

अस्पताल में आम दिनों में 1200 के करीब ओपीडी होती है। इसमें शहर के ही नहीं बल्कि जिले के तमाम गांवों के मरीज अपना इलाज कराने पहुंचते हैं, लेकिन गुरुवार की दोपहर में एक बजे तक महज 858 मरीजों की ही ओपीडी हुई, जिसमें सबसे अधिक मरीज फिजिशियन के पास ही पहुंचे थे। बताया गया कि इधर चार-पांच दिन से मरीजों की संख्या काफी घट गई है।

"हम अभी दो फिजिशियनों के अलावा डॉ. शिशिर व डॉ. एसपी राय से भी मरीजों का इलाज करा रहे हैं। जहां तक बाल रोग विशेषज्ञ की बात है तो बेसिक जानकारिया सभी चिकित्सकों को होती है। हमने एडी हेल्थ से चिकित्सकों को लेकर बात की हैं। उन्होंने जल्द ही चिकित्सक को अटैच करने का आश्वासन दिया है। – डॉ. उत्तम कुमार, सीएमएस।"

# विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के लिए 15 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सों के साथ संघटक राजकीय महाविद्यालयों के समस्त कोर्सों व सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय, एमएड, बीपीएड व एमपीएड कोर्सों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून है।



विवि आवासीय प्रवेश समन्वयक प्रो. शैलेन्द्र कुमार के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित व्यवसायिक कोर्सों में एलएलबी, एलएलएम, एमएड एवं फार्मेसी में प्रवेश परीक्षा का आयोजन छह जुलाई से कराया जाना प्रस्तावित है। परिसर के स्नातक व वोकेशनल स्नातक कोर्सों में प्रवेश काउंसिलिंग की सूचना 15 जून के बाद घोषित की जायेगी। दूसरी ओर बीटेक के विभिन्न ब्रांचों में जेई मेंस के स्कोर के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। इसके अलावा बीटेक, एमटेक व एमसीए के अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की साइट पर जाकर भी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। वहीं एमबीए कोर्स में प्रवेश सीयूईटी के आधार पर होगा।

यस्मात् त्रस्यन्ति भूतानि मृगव्याधान्मृगा इव।
सागरान्तामपि महीं लब्ध्वा स परिहीयते॥

जैसे शिकारी से हिरण भयभीत रहते हैं, उसी प्रकार जिस राजा से उसकी प्रजा भयभीत रहती है, फिर चाहे वह पूरी पृथ्वी का ही स्वामी क्यों न हो, प्रजा उसका परित्याग कर देती है।


## संपादकीय

# राजनीति में मर्यादा

ओडिशा में नवीन पटनायक की 25 साल की सत्ता खत्म और भाजपा का शासन शुरू हो चुका है। मोहन चरण माझी ने बुधवार को राज्य के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में निवर्तमान मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की शालीन उपस्थिति और प्रधानमंत्री से लेकर सभी नेताओं से मेल-जोल की सुंदर तस्वीर दिखी। लगा कि नवीन पटनायक ही मानों समारोह के मेजबान हों। राजनीतिक सद्भाव धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। ऐसे समय में जब राजनीतिक रिश्तों में विरोध, दुश्मनी की तरफ बढ़ रहा है, राजनीतिक शुचिता, मर्यादा, शील-व्यवहार जरूरी है। मर्यादा बहुत जरूरी है जिसका अभाव है। नवीन पटनायक सेकुलर छवि वाले नेता हैं। देखा जाए तो एक व्यक्ति के रूप में नवीन पटनायक की मिलनसारिता ही उनकी सादगी है। उनका राजनीतिक जीवन भी उनके व्यक्तित्व से ही प्रभावित है। उन्होंने चुनाव प्रचार में कहीं भी असंसदीय भाषा का प्रयोग नहीं किया जबकि आज चुनाव प्रचार के दौरान भाषा की मर्यादा का उल्लंघन एक बड़ी समस्या बन गई है। भाषा की मर्यादा का उल्लंघन न सिर्फ चुनावी प्रक्रिया को बदनाम कर रहा है, बल्कि यह समाज के लिए भी खराब संकेत है। मतभेद, मनभेद को तोड़ रहा है। अब विचार के प्रति भी कोई प्रतिबद्धता नहीं हैं। सिर्फ व्यक्तिगत स्वार्थ है तो जाहिर सी बात है कि सोच के स्तर पर पतन होगा। चुनावी राजनीति ने सारी मर्यादाएं समाप्त कर दी हैं।

लोकतंत्र में ही असहमति, विसम्मति, आलोचना, विरोध-प्रतिरोध संभव है। लोकतंत्र एक व्यवस्था है जिसमें यह तय होता है कि विभिन्न मतों, सोच, विवेक का इस्तेमाल करते हुए जनता और समाज की बेहतरी के लिए निर्णय कैसे लिए जाएंगे? ध्यान देने वाली बात है कि जहां देश की विविधता को ध्यान में रखा जाता है और इसके मुताबिक स्वीकार्य व्यवस्था बन जाती है, वहां टकराव और टूटन नहीं होती है। जहां लोग व्यवहार तो विविधता के हिसाब से ही करते रहते हैं, लेकिन स्वीकार्य व्यवस्था नहीं बन पाती है, वहां कुछ न कुछ आपसी दिक्कत होती रहती है। परंतु क्या बिना बंधुता, प्रेम और सम्मान के समाज व देश को एक बनाए रखा जा सकता है? लोकतंत्र का मूल आधार कुछ मूल्य, सिद्धांत होते हैं। जब ये सिद्धांत हमारे संस्कारों में आ जाते हैं, तब लोकतंत्र स्थापित होता है। लोकतंत्र की खूबसूरती इसी को कहते हैं। परंतु लोकतंत्र की इस खूबसूरती को ग्रहण लग रहा है। जनता को राजनीतिक व्यवहार, लोकतंत्र के बारे में प्रशिक्षित करना चाहिए।

# संविधान की धारा 51ए-एच और ऋग्वेद का नासदीय सूक्त



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

भला नासदीय सूक्त का संविधान की धारा 51 ए से क्या संबंध? मैं वेदों को ईश्वर (?) की वाणी नहीं मान पाता। मनुष्य को जिस किसी भी भाषा में जो कुछ भी उपलब्ध है, उसे ईश्वर की वाणी नहीं मान पाता। कोई दुराग्रह नहीं, आप ही बताइए जो चीज दिमाग में न घुसे, उसे कैसे मान लिया जाए?

डॉ.आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'शूद्र कौन थे' में पुरुष सूक्त की विशद विवेचना की है, बल्कि हिंदू समाज में शूद्रों की स्थिति की बदहाली का नैरेटिव वे ऋग्वेद के इसी सूक्त से शुरू करते हैं। क्योंकि ब्राह्मणों में इसकी महिमा का बखान करने तथा नित्य पूजा और मांगलिक अनुष्ठानों में इसका पाठ करने की व्यापक परंपरा थी। पुरुष सूक्त के बाद वे अन्य वेदों व ब्राह्मणों में वर्ण की ईश्वरीय उत्पत्ति का संदर्भ देते हुए स्मृतियों पर उतर आते हैं और उन्हीं के विस्तृत विमर्श के आधार पर अपना प्रमेय निर्मित करते हैं, किंतु ऋग्वेद की ही में सृष्टि का प्रारंभ आदिपुरुष मनु से बताया गया है, न की विराट पुरुष के चार भिन्न अंगों से उत्पन्न चार भिन्न पुरुषों से।

आपातकाल के दौरान भारतीय संविधान में जो संशोधन हुए, उनमें से एक है नए शीर्षक 'मौलिक कर्तव्य' के अंतर्गत धारा 51 ए का सन्निवेश। आपातकाल के बाद भी इसके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं हुई। लिहाजा यह उसी तरह संविधान का हिस्सा बना हुआ है जैसे मौलिक अधिकार। यहां धारा 51 ए का खंड (एच) उद्धृत है: "यह भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा (एच) वैज्ञानिक स्वभाव, मानवतावाद और जांच और सुधार की भावना विकसित करना। (जोर दिया गया)

भला नासदीय सूक्त का संविधान की धारा 51 ए से क्या संबंध? मैं वेदों को ईश्वर (?) की वाणी नहीं मान पाता। मनुष्य को जिस किसी भी भाषा में जो कुछ भी उपलब्ध है, उसे ईश्वर की वाणी नहीं मान पाता। कोई दुराग्रह नहीं, आप ही बताइए जो चीज दिमाग में न घुसे, उसे कैसे मान लिया जाए? दिमाग मेरा बनाया हुआ तो है नहीं, न कभी मुझसे पूछा गया कि कैसा दिमाग चाहिए? अब जो मिला है, उसमें जो बात न घुसे तो कैसे कहें कि वह सच है? यह तो सरासर बेईमानी होगी। मुझसे नहीं होगी। कोई आग्रह नहीं, बस असमर्थता। मेरी सीमित जानकारी के अनुसार वेदों में, बल्कि समस्त श्रुति-साहित्य (संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद) में, कहीं नहीं कहा गया है कि श्रुतियां ईश्वर की वाणी हैं। श्रुति माने जो लेखन कला की ईजाद के पहले सुनने और याद करने की परंपरा से पीढ़ी-दर-पीढ़ी चला आया था-ईश्वर से सुना हुआ नहीं।

वेद अपौरुषेय हैं-यह भी परवर्ती भाष्यकारों, खासकर मीमांसकों की उद्भावना है। वेदों या श्रुतियों में कहीं वेदों को 'अपौरुषेय' नहीं कहा गया है। कहने वाले भाष्यकारों के दिमाग में आ गया होगा, मेरे दिमाग में नहीं आता। आपके दिमाग में आए तो आप अपौरुषेय मानिए, न आए तो न मानिए।

इतना अवश्य मानता हूं कि मौलिक विचार निर्वैयक्तिक होते हैं। एक ही विचार भिन्न समय और भिन्न स्थान पर परस्पर असंबद्ध लोगों ने व्यक्त किए हैं तो विचार व्यक्ति में बनते नहीं, उसके माध्यम से व्यक्त होते हैं। शायद इसीलिए उसकी संज्ञा 'व्यक्ति' है। विचार चेतना में कहीं से अकस्मात आ टपकते हैं। कहां से? पता नहीं।

ऋग्वेद का नासदीय सूक्त अच्छा लगता है, क्यों अच्छा लगता है? इसका कोई जवाब है? किसी को कोई चीज क्यों अच्छी लगती है, वह सचमुच बता सकता है? बात सिर्फ इतनी है कि मुझे नासदीय सूक्त मनुष्य के दिमाग में सहज रूप से उठने वाले प्रश्नों की सुंदर, काव्यात्मक अभिव्यक्ति लगता है तो नासदीय सूक्त (ऋग्वेद, मंडल-10, सूक्त-129) की कुल सात ऋचाएं मूल (वैदिक संस्कृत) में काम चलाऊ हिंदी अनुवाद के साथ प्रस्तुत हैं: नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योमा परो यत्। किमावरीवः कुह कस्य शर्मन्नम्भः किमासीद् गहनं गभीरम्॥1॥ (तब न अनस्तित्व था, न अस्तित्व। न वायुमंडल था, न उसके परे आकाश। इसे कौन आच्छादित करता था और कहां? कहां था इसका आश्रय? क्या तब केवल जल था-अतल गहराई वाली गहन, गंभीर जल?)

न मृत्युरासीदमृतं न तर्हि न रात्र्या अह्न आसीत् प्रकेतः। अनीदवातं स्वधया तदेकं तस्माद्धान्यन्न परः किं चनास॥2॥ (मृत्यु नहीं थी तब, न ही थी अमरता। रात्रि और दिन के विभाजन का कोई संकेतक नहीं था। बस एक ही तत्व था- प्रश्वास-रहित, स्वयं की प्रकृति से प्रश्वसित। उसके अतिरिक्त कुछ भी तो नहीं था।) तमआसीत्तमसा गूहमग्रेऽप्रकेतं सलिलं सर्वमा इदम्। तुच्छ्येनाभ्वपिहितं यदासीत् तपसस्तन्महिनाजायतैकम् ॥3॥ (अंधकार था तब-अंधकार से ही आच्छादित अंधकार। अभेद्य जल-सा परस्पर मिला हुआ, अस्त-व्यस्त सा कुछ। वह जो रिक्त, निराकार, अरूप ऊष्मा (तप) थी, वही अपनी महिमा से एक इकाई बनकर उत्पन्न हुई।)

कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्। सतो बंधुमसति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा॥4॥ (प्रारंभ में संकल्प उठा, संकल्प जो आदिम बीज और चेतना का अंकुर था। तब मनीषी कवियों ने, अपनी हृदयस्थ विवक्षा से अस्तित्व का रिश्ता अनस्तिव में खोज निकाला।)

तिरश्चीनो विततो रश्मिरेषा मधः स्विदासीदुपरि स्विदासीत्। रेतोधा आसन् महिमान आसन् स्वधा अवस्तात् प्रयतिः परस्तात्॥ 5॥ (तब वह (अस्तित्व से अनस्तित्व की) विभाजन रेखा वितान की तरह तन गई। उस वितान के ऊपर क्या था, उसके नीचे क्या था? बस यहां सर्जक थे, विराट शक्तियां थीं, स्वायत्त क्रियाशीलता थी, तो वहां थी ऊर्जा।)

को अद्धा वेद कइह प्र वोचत् कुत आजाता कुत इयं विसृष्टिः। अर्वाग् देवा अस्य विसर्जनेनाऽथा को वेद यत आवभूव॥ 6॥ (कौन जानता है, कौन कह सकता है, यह (सृष्टि) ठीक कहां से उत्पन्न हुई, कहां से आई? देव तो सृष्टि के बाद की उपज हैं तो कौन जानता है, यह सर्वप्रथम कहां से प्रकट हुई।)

इयंविसृष्टिर्यत आबभूव यदि वा दधे यदि वा न। यो अस्याध्यक्षः परमे व्योमन् त्सो अङ्ग वेद यदि वान वेद॥ 7॥ (वह जो सृष्टि का आदि मूल है, यह उसकी निर्मिति है या उसकी निर्मिति नहीं है किसके नेत्र हैं, जो उच्चतम व्योम से इसका नियंत्रण करते हैं? और वह इसे जानता भी है या नहीं जानता?)

इसमें उसी पूछताछ की भावना (स्प्रिट ऑफ इंक्वारी) का दर्शन नहीं होता, संयोग से जिसका संदर्भ हमारे संविधान की धारा 51 ए (एच) में मिलता है?

डॉ.आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'शूद्र कौन थे' में पुरुष सूक्त की विशद विवेचना की है, बल्कि हिंदू समाज में शूद्रों की स्थिति की बदहाली का नैरेटिव वे ऋग्वेद के इसी सूक्त से शुरू करते हैं। क्योंकि ब्राह्मणों में इसकी महिमा का बखान करने तथा नित्य पूजा और मांगलिक अनुष्ठानों में इसका पाठ करने की व्यापक परंपरा थी। पुरुष सूक्त के बाद वे अन्य वेदों व ब्राह्मणों में वर्ण की ईश्वरीय उत्पत्ति का संदर्भ देते हुए स्मृतियों पर उतर आते हैं और उन्हीं के विस्तृत विमर्श के आधार पर अपना प्रमेय निर्मित करते हैं, किंतु ऋग्वेद की ही में सृष्टि का प्रारंभ आदिपुरुष मनु से बताया गया है, न की विराट पुरुष के चार भिन्न अंगों से उत्पन्न चार भिन्न पुरुषों से।

वेदों के प्रसिद्ध विद्वान कोलब्रुक का मत है कि पुरुष सूक्त की भाषा, छंद और शैली सृष्टि से संबंधित अन्य सूक्तों से बिल्कुल भिन्न है। मैक्समूलर का स्पष्ट मत है कि अपने कथ्य और शब्द योजना में पुरुष सूक्त बहुत बाद की रचना है। स्पष्ट है कि कालांतर में पेशों के आनुवंशिक तथा वर्णों का सोपानीकरण हो जाने के बाद उन्हें दैवीय आधार देने के लिए निहित स्वार्थवश पुरुष सूक्त को ऋग्वेद में घुसा दिया गया और विडंबना देखिए कि इस सूक्त का प्रक्षिप्तीकरण ऋग्वेद के उसी दसवें मंडल में किया गया जिसमें नासदीय सूक्त था, जो अन्य धर्मों के बरअक्स सृष्टि के बारे में सबसे ईमानदार जिज्ञासा की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है। दुनिया में सृष्टि पर किया गया पहला चिंतन। (ऋग्वेद को विश्व का आदि काव्यग्रंथ तो सभी विद्वान मानते हैं।)

## प्रसंगवश

# बंधनों से मुक्त औरत की तलाश में

संविधान में समानता के अधिकार के बावजूद वे अधिकारहीन हैं। अधिकांश औरतें आज भी पुरुष जगत के अंतर्गत ही जिंदगी जी रही हैं। वे हर समय पुरुष के पूरक की तरह सेवा करती रहती हैं। वे जहां एक ओर पुरुष के पूरक की तरह काम करती हैं वहीं दूसरी ओर उसे चुनौती भी देती हैं। इस विरोधाभासी स्थिति के कारण ही वे समाज में अपनी जगह बनाती हैं। औरत बचपन से यही सीखकर बड़ी होती है कि औरत को पुरुषों की बातें माननी चाहिए फिर कालांतर में इसी धारणा से वह मुठभेड़ करती है।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

औरत की समूची संरचना इस कदर बनी होती है कि वह आलोचना, जांच-पड़ताल आदि से बचती है। वह पुरुष के मूल्यांकन और राय की आराधना करती है। स्त्री की दृष्टि में शक्ति ही महान है इसलिए वह पुरुष की शक्तिशाली के रुप में पूजा करती है। स्त्री में अनुकूलन की प्रबल प्रवृति होती है। सीमोन के शब्दों में कहें तो पुनर्निर्माण और विध्वंस उसका सहज स्वभाव नहीं है। वह विद्रोह की अपेक्षा समझौते पसंद करती है। चूंकि स्त्री को घर-परिवार की चौखट से बांध दिया गया है। फलतः वह उसी में रमण करती रहती हैं। ऐसी स्थिति से लोकमंगल और स्वतंत्रता के बारे में उससे सकारात्मक पहल की उम्मीद कम ही करें। स्त्री को समर्थ बनाने के लिए उसे घर से बाहर निकालना जरूरी है। उसको सार्वजनिक तौर पर विभिन्न सवालों पर बोलना चाहिए। स्त्री के लिए अस्पृश्यता के सभी दायरों तोड़ने की जरूरत है।

औरत सुरक्षित रहे, आत्मनिर्भर बने और मानवीय जीवन जिए इसके लिए उसके अंदर स्वतंत्रता का बोध पैदा करने की जरूरत है। आजादी के बाद भारतीय समाज में औरत के शरीर पर सबसे ज्यादा हमले हुए हैं, लेकिन औरत की देह और कामुकता को लेकर वाद-विवाद-संवाद गायब रहा है। औरत पर हमले उन समाजों में ज्यादा होते हैं, जहां औरत के शरीर और कामुकता पर खुलकर बातें नहीं होतीं। औरत को बचाने के लिए उसके बारे में बातें करना जरूरी हैं। औरत पर बातें करो, कामुकता के सवालों पर विभिन्न दृष्टियों से बातें करो, औरत पर हमले कम हो जाएंगे।

# अब तो युवजन को भी कैंसर होने लगा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

जरूरी नहीं कि हरेक को कैंसर हो, ऐसा कहने वाले अनेक डॉक्टर्स और जानकार मिलेंगे, लेकिन सही वही है, जो रिसर्चर लोग कहते हैं। देश में कितने लोग साइंटिफिक जर्नल्स पढ़ते हैं?

मसालेदार, जायकेदार नॉनवेज और शराब के सेवन से देश में कैंसर के रोगी और कैंसर से मरने वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ रही है। नियमित रूप से मांस खाने वाले और इसके साथ किसी भी तरह की वाइन का सेवन करने वालों को मालूम होना चाहिए कि देश में जो लोग कैंसर से पीड़ित हैं उनमें से अधिकांश को कार्सिनोमा और सार्कोमा, यही दो मुख्य प्रकार के कैंसर होते हैं।

कार्सिनोमा ऐसा कैंसर है, जो अंतरंगों-जैसे कि पाचन प्रणाली में आंत की भीतरी परत को बनाने वाले कोशिकाएं, की पतली चमड़ी के अलावा बाहर की चमड़ी के कोशिकाओं को भी प्रभावित करते हुए विकसित होता है, सार्कोमा हड्डियों की मज्जा सॉफ्ट टिश्यू मांसपेशियों और हड्डी को जोड़ने वाले सख्त टिश्यू टेंडन के अलावा रक्तवाहिकाओं में भी विकसित होता है। गट बैक्टीरिया अर्थात् हमारे पेट में रहने वाले दोस्त माइक्रोब्स (सूक्ष्म जीवाणु, जैसे कि ई-कोलाई) और अन्य जीवाणु (माइक्रोबायोम अर्थात् पाचन प्रणाली में रहने वाले सूक्ष्म जीवाणुओं का संसार) और उदर में प्रवेश करने वाली वसा (फैट्स) की किस्म का अंत और पेट के कैंसर की उत्पत्ति से गहरे संबंधों पर होने वाले शोधकार्य से अनेक नई बातें मालूम हुई हैं।

अब तो युवजन को भी कैंसर होने लगा है। मेरे एक परिचित के 41 वर्षीय दामाद को कार्सिनोमा हुआ। सवा महीना एम्स दिल्ली में भर्ती रहने के बाद ही यह मालूम हुआ कि उन्हें कार्सिनोमा है। पहले तो डॉक्टर्स जूझते रहे कि सही डायग्नोसिस नहीं हो रही है। मालूम हुआ कि 40-45 वर्ष के बीच की आयु के मेरे एक और परिचित के दामाद की मृत्यु पेट में कैंसर की वजह से हुई। पहले वाले केस में इन्हें नियमित रूप से मीट या चिकन खाने की आदत रही, लेकिन दूसरे केस में कार्सिनोमा का कारण फैट मेटाबोलिज्म में कोई गड़बड़ हो सकती है। आजकल अनेक तरह के रिफाइंड कुकिंग ऑयल्स बाजार में मिलते हैं। 'देसी' घी के नाम पर मालूम नहीं कैसा 'ग्रीज' हमें थमा दिया जाता हैं। इसमें पाम आयल तो शर्तिया मिलाया जाता है, लेकिन गांव से गाय या भैंस के दूध से निकाला गया घी जिसे दूध से बनी दही को बिलोकर या मथकर मक्खन को गर्म करके निकाला जाता है वही हमारे लिए शुद्ध और सुरक्षित आहार है। अगर नहीं तो देसी खान-पान, शुद्ध खाद्य सामग्री और गांव एवं अपने स्वास्थ्य के बीच एक संबंध को टटोलें तब हमें यह अहसास भी होगा कि गांव संस्कृति का बने रहना हमारे लिए कितना जरूरी है।

जरूरी नहीं कि हरेक को कैंसर हो, ऐसा कहने वाले अनेक डॉक्टर्स और जानकार मिलेंगे, लेकिन सही वही है, जो रिसर्चर लोग कहते हैं। देश में कितने लोग साइंटिफिक जर्नल्स पढ़ते हैं? एक लाख में से एक व्यक्ति! रोजाना के बड़े अखबार में भी मुश्किल से एक छोटी-सी, दबी-सी खबर एक कोने में दुबकी दिखाई देती है। कैंसर होगा तो आमजन को और बहुत देर बाद ही कैंसर होने की बाबत भी पता चलता है। अमूमन यह दूसरी और तीसरी स्टेज में मालूम होता है और वह भी उस डॉक्टर को जो होशियार हैं और सेहत संबंधी किसी और विकार के इलाज के लिए जांच करते समय बस यूं ही मालूम हो जाता है। तब अचानक ब्लड रिपोर्ट या टिश्यू सैंपल से कैंसर होने का पता चलता है।

अंतरंगों की जांच किसी नॉन-इन्वेजिव तकनीक से की गई हो, तब भी यह अचानक से मालूम होता है। सरकार न तो आयल को रिफाइन करने की फैक्ट्री बंद करेगी, न देशी घी में मिलावट को और न ही फल, सब्जियों और खाद्यान्न और दलहन वाली फसलों में इंसेक्टिसाइड का प्रयोग। न नॉन-अल्कोहलिक सॉफ्ट कोल्ड ड्रिंक्स की खपत कम होगी और न ही जल-जमीन और वायु प्रदूषण कम होगा और न ही हमारी आदतें बदलेंगी। डॉक्टर्स और रिसर्चर्स तो कहते हैं कि मॉडरेट एक्सरसाइज भी अगर की जाए तो भी खराब खाने से यह हमारी कुछ तो रक्षा करता ही है, लेकिन असली बात यह है कि खराब खाने का सेवन करने वाला ही तो है, जो मामूली एक्सरसाइज नहीं करता। इन सबसे बचने के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान से संबद्ध राष्ट्रीय पोषण संस्थान ने अभी कुछ सप्ताह पहले ही डाइटरी गाइड लाइंस फॉर इंडियंस अर्थात् भारतीय लोगों के लिए उपयुक्त आहार दर्शिका जारी है, जिसे निःशुल्क इंटरनेट से डाउनलोड किया जा सकता है। इसका भी पालन किया जाए तो भी देश में कैंसर के मामलों में 50-60 प्रतिशत तक कटौती हो सकती है। ऐसा कोई दावा या प्रमाण तो नहीं, लेकिन ऑब्जरवेशन के मुताबिक यह बात सही है।

## सोशल फोरम

# पूरा तंत्र ही बदलना होगा

ये बहुत ही दुखद है कि बलात्कार कई श्रेणियों में बांट दिया गया है। अगर महिला को कोई क्षति नहीं पहुंची है (शारीरिक रूप से, मानसिक की परवाह यहां कौन करता है) तो ज्यादातर ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। दूसरी कैटेगरी में महिला के साथ दरिंदगी करना जैसे मामले और फिर कम उम्र की बच्चियों के साथ हैवानियत, जो कि किसी को भी हिला दें।

इस कैटेगरी में आने वाले बलात्कार कुछ दिनों के लिए लोगों के जेहन में छाए रहते हैं। लोग कैंडल मार्च करते हैं, इंसाफ की मांग करते हैं, धरना प्रदर्शन, जुलूस वगैरह और फिर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार। अरे हां! आजकल इसे सांप्रदायिक बनाने की भी बाते की जाती हैं जिसको वजह बनाकर कुछ दिन नफरत भी फैलाई जाती है और आरोपी के धर्म को देखकर कुछ उनके बचाव में भी उतरते हैं। तब बहुत शर्म महसूस होती है जबकि लोगों कों धर्म के चक्कर में किसी महिला का दर्द नहीं दिखता।

मेरा यही मानना है कि रेप बस एक रेप है, उसे कैटेगराइज्ड नहीं किया जा सकता और न ही किसी धर्म से जोड़ा जा सकता। क्योंकि मेरी समझ से किसी भी क्राइम के पीछे एक इंटेशन होता है, अगर हम रेप की वजह सेक्सुअल सेटिस्फेक्शन मान रहे तो शायद हम गलत हैं? सामान्यतः कोई भी व्यक्ति इस अवस्था में कैसे सेटिस्फाई हो सकता है? ये एक मनो अवस्था है शायद साइकोलॉजिकल डिसआर्डरनेस जैसा कुछ। ऐसा व्यक्ति समाज में कैसे रह सकता है?



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

हमें एक पूरा तंत्र ही बदलना होगा, क्योंकि न तो सजा से कुछ हो सकता है न ही हमारी विचारधारा से। हमें शुरू से ही शुरू करना होगा। बच्चों की शिक्षा को बिना लड़की लड़के के अंतर बताए ही शुरू करनी होगी। न कोई लड़की पटाखा है न ही माल, न ही किसी के कपड़े किसी का चरित्र डिसाइड करते हैं। ऐसी सभी लोककथाओं या दंतकथाओं को हटाना होगा, जो बिना सोचे समझे ही बना दी गईं। न तो कोई पावरफुल हो, न ही कमजोर, एक स्वस्थ वातावरण में ही स्वस्थ बचपन होगा और वही युवा देश का बेहतर भविष्य बनेगा।

-फेसबुक वॉल से

# सवालों और विवादों के घेरे में प्रतियोगी परीक्षाएं



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं।

हाल ही में मेडिकल के क्षेत्र में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली नीट परीक्षा विवादों एवं सवालों के घेरे में खड़ी है। मामले के ऊपर राजनीतिक रंग भी चढ़ने लगा है। आरोपों एवं प्रत्यारोपों की बौछार जारी है। इसी बीच लखनऊ की एक छात्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी फटी हुई ओएमआर शीट दिखाते हुए कहा है कि परीक्षा में उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। उसने दोबारा अपनी ओएमआर शीट का मूल्यांकन करने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। छात्रा के अनुसार परीक्षा परिणाम आने पर संबंधित पेज नहीं खुल रहा था और स्क्रीन पर लिखकर आ रहा था कि अपना परिणाम जनरेट नहीं हुआ है। कुछ समय पश्चात छात्र के पास एनटीए से मेल आया जिसमें उल्लेख किया गया था कि छात्रा का रिजल्ट जनरेट नहीं हो सकता, क्योंकि उसकी ओएमआर शीट फटी हुई थी। छात्रा का आरोप है कि उसकी ओएमआर शीट को जानबूझकर फाड़ा गया है। छात्रा की फटी हुई ओएमआर शीट में हल किए गए सभी सवाल स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं। यहां एक गंभीर प्रश्न यह उठता है कि आखिरकार नीट जैसी बड़ी परीक्षा में इस तरह के विवादपूर्ण मुद्दे कैसे पैदा हो रहे हैं? ऐसा बताया गया है कि जिन छह परीक्षा केंद्रों के 1563 अभ्यर्थियों को कृपांक मिला है, वहां के अभ्यर्थियों के द्वारा ओएमआर शीट फटी होने एवं परीक्षा के लिए समय कम मिलने की शिकायत की गई थी।

हालांकि नीट रिजल्ट के बाद दाखिल की गई याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान गुरुवार को एनटीए ने कहा कि वे ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 छात्रों के ग्रेस मार्क्स रद्द करके री-एग्जाम कराने को तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा के 14 परीक्षा केंद्र विदेशों में भी बनाए गए थे एवं परीक्षा के लिए 24 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। यद्यपि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का कहना है कि जांच का असर किसी भी अन्य परीक्षा केंद्र एवं परीक्षार्थी के परिणाम पर कदापि नहीं होगा, किंतु सवाल यह उठता है कि आखिरकार ऐसी स्थिति क्यों बनी कि छह केंद्रों पर परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिल पाया। कारण यह बताया जाता है कि पहले प्रश्नपत्र गलत वितरित हुआ और उसके बाद जब तक सही प्रश्नपत्र वितरित किया गया तब तक काफी देर हो चुकी थी। प्रश्नपत्र के गलत वितरित होने पर आखिरकार किसको दोषी ठहराया जाना चाहिए? परीक्षा केंद्रों पर सारी व्यवस्थाएं क्यों पुख्ता नहीं थीं? यह तो सर्वथा अनुचित है कि परीक्षा केंद्र के द्वारा बरती गई अनियमितताओं की भरपाई अभ्यर्थियों को कृपांक देकर की जाए। क्या कहीं न कहीं यह बाकी अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं। सर्वप्रथम तो ऐसे परीक्षा केंद्रों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए जिनके द्वारा इतनी बड़ी परीक्षा को लेकर गंभीरता का परिचय नहीं दिया गया। हाल ही में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) जूनियर डॉक्टर नेटवर्क के द्वारा परीक्षा में अनियमितताओं की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो के द्वारा कराए जाने की मांग की गई है। नीट जैसी परीक्षा में इस तरह की गड़बड़ियों का पाया जाना निश्चित रूप से पूरे देश के परीक्षा तंत्र को प्रश्न चिन्हों के घेरे में खड़ा कर देता है। कुल मिलाकर अनेक ऐसे सवाल हैं, जो परीक्षा को एवं परीक्षा नियामक एजेंसी को आरोपों के घेरे में खड़ा कर देते हैं। निश्चित रूप से इस मामले की एक उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए एवं इस जांच में जिस-जिस स्तर पर अनियमितता एवं ढिलाई उजागर होती हैं, उन सभी स्तरों पर कड़ी कार्रवाई भी की जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कहीं न कहीं युवाओं का भविष्य, उनके सपने एवं अंततः देश का भविष्य एवं उसकी प्रगति सब कुछ इन अनियमितताओं एवं धांधलियों की भेंट चढ़ जाएंगे। परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं भी अनवरत रूप से बढ़ती जा रही हैं। किसी एक परीक्षा के पेपर का लीक होना, इसका सीधा सा अर्थ है -लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य दांव पर लग जाना एवं उनका अमूल्य समय बर्बाद होना। शासन स्तर से इन सभी अनियमितताओं पर कड़ाई के साथ नकेल कसने की जरूरत है ताकि उन सभी अभ्यर्थियों के मार्ग में जोकि पूरी तन्मयता के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने में लगे हुए हैं, किसी तरह की कोई अड़चन उत्पन्न न होने पाए।

# देर आए दुरुस्त आए

देर आए दुरुस्त आए। अंततः उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने 30 जून या 31 दिसंबर को सेवानिवृत्ति सरकारी कर्मचारियों को उनके पिछले वर्ष की गई सेवा की एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे शासन पर न केवल मुकदमों का बोझ कम होगा, बल्कि उसकी छवि एक आदर्श सेवायोजक की बनेगी। हालांकि बहुत बाद में अस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य ने अपने कार्मिकों को यह सुविधा अगस्त 2023 में ही दे दी है।



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

वार्षिक वेतन वृद्धि सरकारी कार्मिकों द्वारा बीते वर्ष में किए गए संतोषजनक कार्यों के एवज में दिया जाता है। अमूमन यह सुविधा सभी कार्मिकों को मिलती है। बशर्ते किसी की वार्षिक वेतन वृद्धि दंड स्वरूप रोकी न गई हो। वेतन में यह बढ़ोतरी वर्ष में एक बार 1 जुलाई या 1 जनवरी को दिए जाने की व्यवस्था है। अर्थात् एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने के अगले दिन। साल भर की सेवा पूर्ण करके 31 दिसंबर या 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर उनके वेतन में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं जोड़ी जाती थी, नतीजतन पेंशन में लगातार नुकसान होता था। वर्षों से इस विसंगति को कर्मचारियों ने स्वयं या उनके संगठनों ने समय-समय पर नियोक्ताओं के समक्ष रखा, लेकिन उन्हें बीते वर्ष की सेवा के एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी गई। उच्च न्यायालय व सुप्रीम कोर्ट के दृष्टांतों के बावजूद यहां बुढ़ापे में सेवानिवृत्त को कोर्ट-कचहरी करनी पड़ती थी। शीर्ष न्यायालय तक का अभिमत है कि वार्षिक वेतन वृद्धि बीते वर्ष की सेवा के बदले में अर्जित राशि है और इसे देने के लिए अगले दिन अर्थात् पहली जनवरी या पहली जुलाई को सेवा में न रहना कोई शर्त नहीं हो सकता। शीर्ष न्यायालय के सिद्धांतगत निर्णय पर शासन की अनदेखी उस समय भारी पड़ने लगी, जब न्यायालयों ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर जुर्माना लगाना शुरू किया। इस तरह के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा नगर आयुक्त, नगर निगम, मेरठ पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाने से विषय की गंभीरता समझ में आई। प्रश्नगत विषय पर सुप्रीम कोर्ट का निदेशक (प्रशासन मानव संसाधन) के.पी. टी. सी. एल. व अन्य बनाम सीपी मुंडिनामणि व अन्य (2023 एस.सी.सी. ऑनलाइन एस.सी. 401) मामले में दिया गया निर्णय बहुत ही स्पष्ट है। सुप्रीम कोर्ट ने अभिनिर्धारित किया है कि सरकारी कर्मचारियों को केवल इसलिए वार्षिक वेतन वृद्धि से वंचित नहीं किया जा सकता कि वे वेतन वृद्धि अर्जित करने के अगले ही दिन सेवानिवृत्त होने वाले हैं। न्यायालय ने यह भी कहा है कि वेतन वृद्धि अगले वर्ष अच्छा प्रदर्शन करने के लिए "प्रोत्साहन" नहीं है, बल्कि बीते वर्ष में की गई सेवा के कारण है।

30 जून या 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो चुके या होने वाले कार्मिको को एक वेतनवृद्धि का लाभ दिए जाने का प्रदेश मंत्रिमंडल का निर्णय कार्मिक व नियोक्ता के मध्य अंतहीन मुकदमों का अध्याय समाप्त करेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य सरकार ने एक आदर्श नियोक्ता के रूप में आगे आकर संवैधानिक न्यायालयों द्वारा तय किए गए कानून के अनुरूप निर्णय लेकर न्यायपालिका का भी सम्मान किया है। वैसे लोकसभा चुनाव के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लिया गया यह निर्णय कर्मचारियों की नाराजगी को कम करने का भी काम करेगा।

# अफसर कर रहे मनमानी, जनता की बढ़ी परेशानी

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी

**अमृत विचार।** ब्लॉक मुख्यालयों पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी बढ़ती जा रही है। देर से आना, जल्दी जाना, समय से अपने पटल पर न बैठना इनकी आदत बन गई है। उच्चाधिकारियों के आदेश का भी कोई असर नहीं। इसका खामियाजा आमजनता भुगत रही है।

जिले में अफसर हों या कर्मचारी आफिस में बैठने का कोई समय नहीं है। भीषण गर्मी और धूप में अपने काम के लिए आने वालों ग्रामीणों को बिना काम हुए निराश होकर लौटना पड़ रहा है। गुरुवार सुबह अमृत विचार के संवाददाता ने जब सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों के आने, उपस्थित रहने और कामकाज के बारे में पड़ताल की तो स्थिति निराशाजनक मिली। **प्रस्तुत है रिपोर्ट..**

**10 बजे** ब्लॉक परिसर का मुख्य गेट खुल गया है। विभिन्न कार्यालयों के भी ताले खुले हैं। खंड विकास अधिकारी कक्ष में बैठे हैं। कनिष्ठ लिपिक भी समय से कार्यालय में मौजूद दिखीं। दो आंकिक लिपिक मौजूद नहीं रहे।

**10:30 बजे** मनरेगा सेल में एपीओ सहित नौ लोगों की तैनाती है। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी की कुर्सी खाली पड़ी रही। एपीओ के बारे में बताया गया कि वह जामो, जगदीशपुर ब्लाकों का काम भी देख रहे हैं। सप्ताह में मात्र दो दिन सोमवार व मंगलवार को ही यहां आते हैं। तकनीकी सहायक हस्ताक्षर बनाकर क्षेत्र भ्रमण पर रहते हैं। मनरेगा सेल में केवल कंप्यूटर ऑपरेटर सुनीता काम करती दिखी।

"हमारे पास बाजार शुकुल व शाहगढ़ ब्लॉक का भी अतिरिक्त चार्ज है। इसलिए एक एक दिन में एक जगह ही रहना संभव हो पाता है। कर्मचारियों को कार्यालय समय से आने को कहा गया है। मनमानी करने वाले कर्मियों की जांच कराकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।"
–अंजलि सरोज, बीडीओ बाजार शुकुल



मनरेगा सेल में खाली पड़ी अधिकारी की कुर्सी।

### सुबह 10:40 - ब्लॉक शुकुल बाजार

सहायक विकास अधिकारी अपनी मर्जी से आते–जाते हैं। उन पर किसी का कोई अंकुश भी नहीं है। यहां उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं होती है। उनके आफिस में भी कुर्सियां खाली पड़ी हैं। अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा तो कभी ब्लॉक आते ही नहीं। उनके द्वारा किए जाने वाले कामों के मूल्यांकन मनरेगा के तकनीकी सहायकों से कराया जाता है। अशोक कुमार एडीओ पंचायत की भी कुर्सी खाली रही। पूछने पर पता चला साहेब मीटिंग में गए है। इनको भी जब काम से फुरसत होती है तो यह अपने कार्यालय में बैठते हैं। यहां सफाई कर्मियों से कार्यालय का काम करवाया जाता है। यहां दो सफाई कर्मी कार्यालय में काम करते मिले। राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के तहत तीन कर्मचारी नियुक्त हैं। इनमें से कंप्यूटर ऑपरेटर आजाद तो कार्यालय में समय से उपस्थित दिखे। एक महिला खंड समन्वयक रीना श्रीवास्तव भी कार्यालय में समय बाकी एक खंड समन्वयक अनुपस्थित रहे। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय में पांच कर्मचारियों की नियुक्ति है। मनोज कुमार मिश्र को यहां का बतौर सहायक विकास अधिकारी प्रभार दिया गया है। वह भी कार्यालय में नहीं बैठते हैं। अन्य कर्मियों के सहारे ही यह कार्यालय खुलता है।



## नहरों में नहीं पानी, किसानों की बढ़ी परेशानी

**संवाददाता, तिलोई, अमेठी, अमृत विचार।** क्षेत्र में स्थित चारों तरफ नाहर नैया होने के बावजूद पानी न आने से किसान धान का बेड़न नहीं डाल पा रहे हैं। धान की नर्सरी डालने के लिए वक्त बीता जा रहा है। नहर में पानी न होने कारण किसान परशान हैं। साधन संपन्न किसान तो किसी तरह से धान की नर्सरी डाल रहे हैं लेकिन जिनके पास कोई साधन नहीं है वह नर्सरी नहीं कर पा रहे हैं। जिन कुछ बढ़े किसान धान की बेड़न तो कर दिये लेकिन पंपिंग सेट से बेड़न को ज़िन्दा रख पाना काफी महंगा पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि पानी की समस्या के चलते धान की खेती पीछे जा रही है।

### एक नजर

#### किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास दुकानदार को भेजा जेल

**अमेठी।** फुरसतगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास में आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 28 वर्षीय आरोपी दुकानदार ने घटना को उस समय अंजाम दिया जब किशोरी दुकान पर सामान लेने आई थी। आरोप है कि पहले उसने पीड़िता को अश्लील वीडियो दिखाए। इसके बाद छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी ने किसी तरह छुड़ाकर वहां से भाग गई। घर पहुंचकर उसने यह बात अपने पिता को बताई। पिता ने फुरसतगंज पुलिस को तहरीर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा जा चुका है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

#### अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में हडकंप

**अमेठी।** फुरसतगंज थाना क्षेत्र के धरम सराय मजरे पीढ़ी के पास स्थित खलसा ताल के समीप अज्ञात महिला का शव मिला है। महिला की उम्र लगभग 30 वर्ष होगी। स्थानीय लोगों ने झाड़ियों में महिला का शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। महिला के शरीर पर गुलाबी व हरे रंग की चेकदार सलवार व सूट था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने आस पास के गांव के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन देर शाम खबर लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

#### रेल का इंजन खराब होने से दो घंटे खड़ी रही ट्रेन

**जगदीशपुर, अमेठी।** पटना से चंदीगढ को जाने वाली पाटिलपुत्र ट्रेन गुरुवार को इंजन के खराब होने से निहालगढ़ स्टेशन पर दो घंटे खड़ी रही। दूसरा इंजन आने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया। गर्मी अधिक होने से लोग बेहाल हो गए। इस दौरान ट्रेन में लोग बैठे–बैठे परेशान हो गए।

# सड़क निर्माण में गुणवत्ता पर दें विशेष ध्यान

## जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। सड़कों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समयावधि के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई, खंड लोनिवि, पीआईयू, पीएमजीएसवाई ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रांन्तीय खंड लो.नि.वि., निर्माण खंड लो.नि.वि., ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, मंडी परिषद निर्माण खंड अयोध्या तथा जिला पंचायत की जनपद में निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा की। डीएम ने संबंधित कार्यदायी एजेंसियों एवं अधिकारियों को बरसात पहले सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। कहा कि यदि कहीं पर कोई विवाद की स्थिति है तो उसका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित कराएं और शीघ्रता से निर्माण कार्य पूर्ण कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अधिशासी अभियंता लो.नि.वि. शैलेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


गौरीगंज ब्लॉक का निरीक्षण करतीं डीएम निशा अनंत। अमृत विचार

### गौरीगंज ब्लॉक कार्यालय का किया निरीक्षण

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने गौरीगंज विकासखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कनिष्ठ सहायक कंचन सिंह बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिले, इस पर डीएम ने स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए। कार्यालय परिसर, कार्यालय पटल का निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति को जाना एवं साफ–सफाई की व्यवस्था के साथ ही अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढंग से रखे जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, खंड विकास अधिकारी गौरीगंज सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ता बैठक कर बसपा ने की हार के कारणों की समीक्षा

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के परिणामों की घोषणा के बाद बहुजन समाज पार्टी ने गुरुवार को दो जिलों की संयुक्त कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गई। कार्यकर्ता बैठक को बसपा के मुख्य सेक्टर प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने सम्बोधित किया। बैठक लगभग दो घंटे विलम्ब से शुरू हुई।

बैठक में सभी पदाधिकारियों से उनके लोकसभा क्षेत्र से बसपा की हार के कारणों के सम्बन्ध में लिखित जानकारी ली गई। सेक्टर प्रभारियों से भी लिखित जानकारी मांगी गई है। अमेठी और सुल्तानपुर जिले की संयुक्त बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल मिर्जापुर चले गए।

प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को किसी भी तरह से निराश होने के बजाय दोगुनी ताकत से सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक मुक्ति और समतामूलक समाज की स्थापना के लिए काम करने को प्रेरित किया। कहा कि कांग्रेस, भाजपा सहित सभी विपक्षी दल जातिवादी मानसिकता के कारण एक साज़िश के तहत बहुजन समाज पार्टी के विरोध में काम कर रहे हैं। अखिलेश यादव और लालू यादव सहित सभी नेताओं ने बसपा को इंडिया एलाइंस में शामिल होने नहीं दिया, अब भाजपा की बी टीम कहकर बहन मायावती और बीएसपी की छवि खराब करने की असफल कोशिश कर रहे हैं।

# राजीव नगर में गरजा बुलडोजर, 65 मकान ध्वस्त

### कार्रवाई
- आदर्श स्टेशन योजना के तहत स्टेशन का होना है कायाकल्प
- स्थानीय निवासियों में मचा रहा हाहाकार, जमकर हुआ विरोध

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट रेलवे स्टेशन का अमृत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्प कराया जाना है। उसी को लेकर राजीव नगर बस्ती की और बाउंड्री बाल बनवाई जाएगी। जिसकी जद में राजीव नगर खंती के कई मकान खड़े हुए हैं। गुरुवार को आरपीएफ इंस्पेक्टर की मौजूदगी में अवैध बने मकान पर रेलवे पर जमकर बुलडोजर गरजा। जिससे कई परिवार बेघर हो गए। आशियाना उजड़ता देख परिवार मौके पर ही फूट-फूट कर रोता रहा।

गंगाघाट रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के लिए राजीव नगर बस्ती की ओर 80 मीटर जमीन अधिग्रहित की जानी थी। जिसको लेकर रेलवे द्वारा राजीव नगर बस्ती में बने अवैध मकानों को नोटिस भी जारी की गई थी कि अपने अतिक्रमण स्वतः हटा ले नहीं तो बलपूर्वक उनके अतिक्रमण हटाए जाएंगे। इसके बावजूद राजीव नगर खंती में रहने वाले लोगों ने अपने अवैध निर्माणों को नहीं हटाया जिस। पर गुरुवार सुबह आरपीएफ इंस्पेक्टर हरीश कुमार आरपीएफ कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद पोकलैंड मशीन से राजीव नगर खंती में बने मकान पर बुलडोजर चलवा दिया। वही रेलवे की कार्रवाई देख आगे बने मकानों में लोग स्वतः अपने मकान तोड़ने लगे और घरों का रखा सामान बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर ले जाने लगे। सुबह से दोपहर तक करीब 65 मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। अवैध मकानों पर जमकर रेलवे का बुलडोजर गरजा। जिससे कई परिवार बेघर हो गए। तेज धूप में खुले आसमान के नीचे मकान टूटने पर रोते बिलखते रहे। वहीं मासूम बच्चे भी तेज धूप में रोते रहे। इसके बावजूद रेलवे के अधिकारी नहीं पसीजे और एक के बाद एक कच्चे पक्के मकानों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। जिससे लोग अपना सामान बटोर कर सुरक्षित स्थानों की ओर चले गये।



राजीव नगर बस्ती में मकान ध्वस्त करता बुलडोजर। अमृत विचार

### बस्ती वालों ने पोकलैंड मशीन चालक को दौड़ाया

तीन दिन पहले पोकलैंड मशीन चलाने वाले चालक बस्ती वालों ने पीटने की नियत से दौड़ा लिया था, जिस पर वह भागकर किसी तरह स्टेशन पहुंचा और अधिकारियों को अवगत कराया। जिसके बाद रेलवे विभाग ने गुरुवार को बड़ी कार्यवाही की। यहां के लोग करीब तीन से चार दशक से रह रहे हैं। अचानक रेलवे ने उनके आशियाने उजाड़ दिये। जिसे देख लोग फूट फूट कर रोते रहे। कार्यवाही के दौरान बच्चे भूख प्यास से तड़प रहे थे, वहीं उनके परिजन घरों का सामान बटोरने में लगे हुये थे। इसके बावजूद रेलवे के अधिकारी नहीं पसीजे।

## कई महीनों से नहीं बन रहे आधार, लोग परेशान

**शुकुल बाजार, अमेठी, अमृत विचार।** पिछले कई महीनों से क्षेत्र में कहीं भी आधार कार्ड नहीं बन रहा है, जिससे लोग परेशान हैं। उप डाकघर शुकुल बाजार में आधार कार्ड बनाने की मशीन भी है फिर भी आधार कार्ड नहीं बनाया जा रहा है। स्कूलों में पंजीकरण कराने वाले बच्चों को इस आधार कार्ड की जरूरत है परंतु कार्ड न बनने से वह भी सरकारी सुविधा नहीं पा रहे हैं। आधार कार्ड संशोधन व नए तरीके से आधार कार्ड उप डाकघर शाखा शुकुल बाजार में बन रहे थे। पिछले कई महीनो से आधार कार्ड न बनने से ग्रामीणों को डाक घर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड की आवश्यकता पड़ती है। डाक अधीक्षक सुल्तानपुर एमएम हसन ने बताया कि सॉफ्टवेयर में खराबी होने के कारण दो दिन पहले ही हमारे यहां मशीनें आई हैं, ठीक करवा कर जल्द ही शुकुल बाजार डाकघर भिजवा दी जाएंगी।

### सार-संक्षेप


नीट परीक्षा परिणाम को लेकर ज्ञापन सौंपते कांग्रेस के कार्यकर्ता।

#### नीट में धांधली का आरोप, युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**अमेठी, अमृत विचार।** मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट परीक्षा में एक ही सेंटर के कई टॉपर निकलने के बाद धांधली का आरोप लगाकर सपा के बाद अब कांग्रेस भी सड़क पर उतर आई है। गुरुवार को बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा को दोबारा आयोजित करने की मांग की है। 4 जून को मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली नीट परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ है। रिजल्ट आने के बाद एक ही सेंटर के कई छात्र टॉपर निकले जिसके बाद परीक्षा में धांधली का आरोप लगने लगा है। गुरुवार को यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष शुभम सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम सिंह ने कहा कि नीट परीक्षा में भ्रष्टाचार हुआ है। जो परिणाम आए हैं वो चौकाने वाले हैं और देश के 24 लाख नीट परीक्षार्थियों के जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया गया है। अमेठी का यूथ कांग्रेस नीट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ है। आज राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम को दिया गया है। हमारी मांग है की परीक्षा को रद्द करके फिर से परीक्षा कराई जाए।

#### पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर, तीन घायल


**अमेठी, अमृत विचार।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के बदलापुर मोड़ ठेंगहा के पास गुरुवार की सुबह पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपति सहित तीन लोग घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को अमेठी सीएचसी भर्ती कराया है। जहां से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ठेंगहा निवासी राम शंकर तिवारी अपनी पत्नी उर्मिला व नाती के साथ बाइक से अमेठी जा रहे थे। रास्ते में बदलापुर मोड़ के पास प्रतापगढ़ की तरफ से आ रहे अनियंत्रित पिकअप वाहन ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी को अमेठी सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। संग्रामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक ईश नारायण मिश्र ने बताया कि पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# जनता के साथ मिलकर करेंगे काम : किशोरी लाल

संवाददाता, अमेठी, जगदीशपुर

**अमृत विचार।** नवनिर्वाचित सांसद किशोरी लाल शर्मा ने धन्यवाद कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जगदीशपुर क्षेत्र में मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया।

विकास खण्ड जगदीशपुर स्थित अशोक मैरिज हाल मे कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए अमेठी सासंद किशोरीलाल शर्मा ने कहा कि मैं अमेठी की जनता एवं सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं। आप लोगों ने हमें भारी मतो से जिताकर सेवा करने का जो मौका दिया उसके लिए हम अमेठी की जनता के सदैव आभारी रहेंगे। अमेठी का विकास करने के लिए हम तन मन धन से तत्पर रहेंगे। किसी के साथ अन्याय न हो, सभी को इंसाफ मिले इसके लिए हम हर तरह से तैयार हैं। कार्यकर्ताओं को बस इतना ध्यान अवश्य रखना होगा कि गलत काम के लिए किसी अधिकारी के पास सिफारिश करने से बचें। सांसद ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका नारा था कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। कहा कि जो राम कण-कण में व्याप्त हैं, उन्हें भला कौन ला सकता है। वहीं विकास खंड शाहगढ़ के अन्तर्गत श्री निषाद राज इंटर कालेज किटियांवा में कार्यकर्ता आभार समारोह का आयोजन किया गया।


कार्यक्रम में नव निर्वाचित सांसद को बुक भेंट करते आप के जिला सह संयोजक।



## शेमफोर्ड स्कूल में शर्बत बांटा गया

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** शेमफोर्ड स्कूल धरौली में शेमफोर्ड स्कूल की तरफ से शर्बत व बूंदी का वितरण किया गया। स्कूल के प्रबंधक रंजीत सिंह के निर्देशन में स्कूल के संरक्षक समाजसेवी विनोद सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल के प्रधानाचार्य अंजनी कुमार तिवारी मौजूद रहे।

# ईदगाहों व मस्जिदों के आस–पास हो साफ–सफाई

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** आगामी बकरीद के मौके पर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर गुरुवार को डीएम निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बैठक की। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही हिन्दू-मुस्लिम समाज के धर्मगुरू एवं प्रतिष्ठित नागरिक मौजूद रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायतों को नगरीय क्षेत्रों तथा जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में तथा ईदगाहों व मस्जिदों के आस पास साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों तथा निर्धारित स्थलों पर कूडा ट्राली तथा बडे डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। कुर्बानी दिये जाने वाले पशुओ के अवशेष को दबाने के लिए गड्ढे खुदवा लें। कहा कि ऐसे स्थानो को अवश्य चिन्हित कर लें जहां पर मन्दिर तथा मस्जिद पास-पास में है। ऐसे स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत सप्लाई की व्यवस्था सुचारू रूप से आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उपस्थित लोगों से कहा कि अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें कि सोशल मीडिया पर कुर्बानी से संबंधित चलचित्र एवं अफवाहों संबंधी चलचित्र का प्रेषण न किया जाये। साथ ही उन्हें अवगत करायें कि ऐसा करने वालों को चिन्हित करते हुए प्रशासन एवं पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उन्होने सभी एसडीएम व सीओ को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के कडे. इन्तजाम किये जाये। कानून एवं शान्ति व्यवस्था हर हाल में कायम रहनी चाहिए। समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस व थाना अध्यक्ष सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या न हो जिसके लिए पहले से ही तैयारी पूर्ण कर लें।

सोशल मीडिया पर विशेष रूप से नजर रखी जाये। अनावश्यक एवं भड़काऊ पोस्ट शेयर करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनपद के सभी निकाय क्षेत्रों, ग्राम पंचायतों में साफ सफाई, विद्युत तथा जलापूर्ति पर विशेष रूप से फोकस किया जाये। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप विद्युत की सप्लाई सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी किसी भी दशा में नहीं दी जानी चाहिए इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करें कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी पशु की कुर्बानी नहीं दी जायेगी। कुर्बानी के उपरान्त बचे हुए अवशेष को सही एवं उचित स्थान पर डिस्पोज करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नमाज केवल ईदगाहों/मस्जिदों में ही पढ़ी जाये।

सार्वजनिक स्थलों/सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाये। बकरीद पर विशेष ऐहतियात बरतें साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि नमाज के समय कोई व्यवधान उत्पन्न न हो आने-जाने वाले मार्ग किसी भी दशा में बाधित नहीं होने चाहिए।


तरण ताल में तैराकी का जौहर दिखाते खिलाड़ी। अमृत विचार

## तैराकी प्रतियोगिता में हुआ खिलाड़ियों का चयन

**अमेठी, अमृत विचार।** खेल निदेशालय के निर्देशानुसार जिला क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2024–25 में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक तैराकी प्रतियोगिता हेतु जिला स्तर चयन/ट्रायल्स 13 जून 2024 को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में सम्पन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने बताया कि उक्त आयोजित जूनियर बालक तैराकी प्रतियोगिता के अन्तर्गत 50 मी0 फ्रीस्टाइल इवेन्ट में जूनियर ग्रुप–1 में खिलाड़ी अर्पित यादव तथा जूनियर ग्रुप–2 में शैलेश शर्मा का चयन किया गया।

## फुटबाल प्रतियोगिता के लिए किया गया चयन

**अमेठी, अमृत विचार।** खेल निदेशालय के निर्देशानुसार जिला क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि सम्बन्धित खेल के प्रदेशीय संघ के समन्वय से जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता हेतु जिला स्तर चयन/ट्रायल्स गुरुवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में सम्पन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने बताया कि उक्त जूनियर फुटबाल बालक वर्ग प्रतियोगिता के तहत चयनित खिलाड़ियों में शिवकुमार, अनुभव अग्रहरी, अब्दुल अलीम अन्सारी, यश अग्रहरी, हिमांशु मौर्य, नरसिंह गुप्ता, अर्श आलम, अर्नव जायसवाल व मो. आशिक का चयन किया गया।

# यमुनापार में पासर गैंग का आतंक ट्रांसपोर्टर को घेरकर मारी गोलियां

## मौके पर मिले खोखे, पदम एनक्लेव अपार्टमेंट गेट के सामने हुई घटना से दहशत

**रंगदारी न देने पर हुआ विवाद, गाड़ियों पर ईंट-पत्थर और लाठियां चली तो भागे बदमाश**

संवाददाता, प्रयागराज, नैनी।


गोलियों से क्षतिग्रस्त हुई फ़ार्च्युनर कार।


नैनी का डांडी स्थित पदम इन्क्लेव जहां हुई थी घटना।

**अमृत विचार:** कोतवाली नैनी अंतर्गत रीवा राजमार्ग स्थित डांडी बाजार में पदम एनक्लेव अपार्टमेंट के सामने गुरुवार को पदम पहुंचे कार सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ आठ राउंड गोली चला दी। गोलियों की तड़तड़ाहट से आस पास के लोग दहशत में आ गये। जिसके बाद अपार्टमेंट के कुछ लोग निकले और कार पर डंडा और ईंट चलाने लगे। इससे कार सवार फायरिंग करते हुए मौके से भाग निकले। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और काफी देर तक छानबीन की। पुलिस मौके से एक फार्च्युनर कार भी कब्जे में लिया है। घटना की जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक प्रदीप पाण्डेय पुत्र आद्या प्रसाद पाण्डेय पि. पूरे सूरदास थाना झूंसी के रहने वाले है। वह पेशे से ट्रांसपोर्टर है। वहीं शिवकुटी मेंहदौरी के रहने वाले रेहान खान पुत्र जुम्मन आस ट्रक पासिंग को लेकर उनकी पुरानी अदावत चल रही है। आरोप है कि रेहान, आशुतोष केशरवानी, मोनू खान उनसे रंगदारी मांग रहे थे। बुधवार की देर रात चाक़घाट रीवा के कुछ लोगो के साथ रेहान ने प्रदीप पाण्डेय के मुंशी प्रदीप जायसवाल को नैनी स्थित बैद्यनाथ कंपनी के सामने रोककर मारा पीटा था। इस मामले में प्रदीप ने नैनी पुलिस को तहरीर दी थी। जिस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गयी थी। प्रदीप के मुताबिक पिछले तीन दिनों से रेहान और उसके साथी बात चीत करने के लिए नैनी के अलग अलग जगहों पर बुला रहे थे। गुरुवार की भोर में भी प्रदीप पांडेय को बात करने के लिए नैनी डांडी के पदम इन्क्लेव में बुलाया था। जहां पहले से रेहान अपने साथियों के साथ मौजूद था। प्रदीप के मुताबिक वह अपने ड्राइवर आनंद कुमार व साथी धीरज पाण्डेय को लेकर डाड़ी अपनी फ़ार्च्युनर कार से पदम इन्क्लेव पहुंचे हुए थे। उस दौरान कार सवार कुछ लोगो ने उन्हें घेर लिया और गाली गलौच शुरु कर दी। जिसके बाद विवाद बढ़ गया। तभी कार सवारों घर साथ अपार्टमेंट में रहे कुछ लोगो ने भी उनके ऊपर ताबड़तोड़ गोलियां चलाना शुरु कर दिया। जिसके बाद प्रदीप अपनी जान बचाते हुए वहा से भाग निकले। पीड़ित ने मामले में रेहान, मोनू, आशुतोष केशरवानी व दिव्यांश केसरवानी के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। इंस्पेक्टर नैनी का कहना है कि मामले पदम तहरीर मिलने के बाद सभी के नामजद विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### रेहान कराता था ट्रकों को पास, मिलता था कमीशन

सूत्रों के मुताबिक प्रदीप पाण्डेय पहले अपनी गाड़ियों में लदी गिट्टियों को रेहान के माध्यम से पास कराता था। बाद में प्रदीप की सेटिंग बन जाने के बाद प्रदीप ने खुद अकेले काम करना चाहा। यह बात रेहान और उसके साथियों को नागवार गुजरी। जिसको लेकर रेहान और प्रदीप के बीच अदावत शुरु हो गयी और विवाद बढ़ने लगा।

### यमुनापार में फैला सक्रिय है गैंग

पासर गैंग की बात करें तो यमुनापार में पासर गैंग सक्रिय है। नैनी के लेप्रोसी चौराहे पर रात आठ बजे से ही पासर गैंग ट्रकों को पास कराने के लिए पहुंच जाते है। नो इंट्री हो या न हो। इनके लिए कोई फर्क नही पड़ता है। नए पुल पर रात में खड़े होकर यह ट्रकों को पास कराने का काम करते है।

> गोली चलने की सूचना आई है, लेकिन अभी कंफर्म नहीं है कि गोली चली है या नहीं। दो पक्षों के ट्रक का विवाद है। क्या मामला है पता किया जा रहा है। एक पक्ष के घर पदम इन्क्लेव के पास मारपीट की सूचना आई है। कांच तोड़े गए हैं। अभी पता लगाया जा रहा है। दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गयी है। कार्रवाई की जाएगी।
>
> – श्रद्धा नरेंद्र पांडेय, डीसीपी यमुना नगर

# फ्रॉड करने वाले गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

संवाददाता, नैनी

**अमृत विचार:** कोतवाली नैनी पुलिस की टीम ने बड़े पैमाने पर आनलाईन गेम के माध्यम से करोड़ो रूपये का फ्राड करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के दो वांछित शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन मोबाइल, एक लैपटाप बरामद किया है।

गिरफ्तार साइबर अपराधियों के द्वारा पूछताछ में खुलासा हुआ कि बड़े पैमानें पर उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ में करोड़ों रूपये का साइबर फ्राड करने वाले कई गैंग संचालित होने की जानकारी प्राप्त हुई। पकड़े गए अभियुक्त मनीष राव सोमटकर उर्फ चिन्टू पुत्र हेमन्त राव सोमटकर निवासी आदर्श नगर हाउसिंग बोर्ड थाना जामुल मिलाई छत्तीसगढ एवं मनीष सोनी पुत्र ओमप्रकाश सोनी निवासी अर्जुन नगर कैम्प एक थाना वैशाली नगर जिला भिलाई छत्तीसगढ़ हैं। लेजर आदि गेमिंग ऐप साइट का इस्ट्राग्राम, फेसबुक तथा मल्टीमिडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल कर नवयुवकों को लुभावने स्लोगन देकर व धन कमाने का लालच देकर गेम खिलाने के नाम पर करोड़ो रूपये घर बैठे जीतने का लालच देकर आनलाइन ठगी करते है और किसी भी गेम का एक्सिस कन्ट्रोल साइबर फ्राड अपने हाथ में रखते हैं। छोटे-छोटे एमाउन्ट की जीत दिलाकर उसको बहुत बड़ी रकम जीतने का लालच दिखाते है और उसके बाद लाखों रूपये की ठगी कर जनमानस को बर्बाद कर रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तगण से पूछताछ में पाया गया कि एक दिन में करीब 8 लाख से 25 लाख रूपये की ठगी गैंग द्वारा एक दिन में की जाती है। बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल व छत्तीसगढ़ के कुछ अन्य स्थानों पर साइबर ठगों द्वारा गैंग संचालित किये जा रहे है। जिनके विरूद्ध छापेमारी की कार्यवाही करायी जा रही है।

## एसडीओ से मारपीट के मामले में पांच लोगों पर केस दर्ज

**संवाददाता, गौरा, प्रतापगढ़। अमृत विचार:** फतनपुर थाना क्षेत्र के पूरे गोसाई में बुधवार को बिजली चेक करने गए एसडीओ व विद्युत कर्मियों से अभद्रता एवं मारपीट की गई थी। मामले में एसडीओ की तहरीर पर ठेकेदार सहित पांच लोगों के खिलाफ मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। गौरा उपखंड अधिकारी वीरेंद्र कुमार मौर्य बुधवार को पूरे गोसाई सुवंसा में बिजली चेक करने के लिए अवर अभियंता अभय यादव व लाइनमैनों की टीम के साथ गए थे। शाम करीब साढ़े चार बजे एक ठेकेदार अपने सहयोगियों जमकर मारपीटा, मोबाइल भी तोड़ दिया था। गौरा विद्युत उपकेंद्र पर भी राम अवधेश, अभिषेक मिश्र सहित विद्युत कर्मियों के साथ भी अभद्रता व मारपीट की गई। मामले में बुधवार की रात में एसडीओ वीरेंद्र कुमार मौर्य की तहरीर पर भोजेमऊ निवासी अन्नू सिंह, सुल्तानपुर के रंजीत यादव विलिंग सुपरवाइजर, अभिषेक मिश्र विष्णुपुर रानीगंज, आजाद तिवारी चंदेलेपुर सहित चार नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग के लिए व्याख्याताओं का होगा साक्षात्कार

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार:** महंगे कोचिंग संस्थाओं की फीस का खर्च वहन न करने वाले मेधावियों के सपनों को पंख लगेंगे। मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग के जरिए उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत जिले में वर्ष 2023 से एमडीपीजी कालेज से हुई थी। कोचिंग में पढ़ाने के लिए व्याख्याताओं का साक्षात्कार विकास भवन में लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जा रहा है। इस योजना के तहत संघ लोक सेवा आयोग, जेईई व अन्य भर्ती बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। 19 जून को विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा के निर्देशन में साक्षात्कार कराया जाएगा। व्याख्याताओं के चयन के बाद जून माह के आखिरी सप्ताह में प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। अभ्युदय कोचिंग के जिला समन्वयक डा. डीपी पांडेय ने बताया कि अभ्युदय योजना के अंतर्गत कोचिंग में पढ़ाने के लिए 19 जून को विकासभवन में व्याख्याताओं का साक्षात्कार लिया जाएगा। जून के अंतिम सप्ताह में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन होने के बाद एक जुलाई से एमडीपीजी कालेज में कोचिंग चलेगी।

# योग सप्ताह दिवस की बनी रूपरेखा, उद्घाटन कल

**प्रतापगढ़। अमृत विचार:** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में 15 से 21 जून तक योग सप्ताह एवं 21 जून को 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। जिसमें क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. जयराम यादव ने बताया कि 15 जून को प्रातः 6 बजे शहीद उद्यान कम्पनी गार्डेन में योग सप्ताह दिवस का वृहद शुभारम्भ किया जायेगा। आयुष विभाग एवं नगर विकास द्वारा योगाभ्यास शहीद उद्यान में व सभी बीडीओ द्वारा योगाभ्यास ब्लाक सभागार में किया जायेगा। 16 जून को समस्त एपीएचसी व बेल्हा देवी परिसर में योगाभ्यास, 17 जून को डायट संस्थान, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर व शहीद उद्यान में योगाभ्यास किया जायेगा। 18 जून को समस्त बीज गोदामों, 19 जून को ब्लाक स्तर, सभी आईटीआई कालेजों व व्यापार मण्डल द्वारा निर्धारित स्थलों पर, 20 जून को कालेज, महाविद्यालयों में योगाभ्यास किया जायेगा।

# किशोर की गला रेतकर बेरहमी से हत्या, बाग में फेंका शव

संवाददाता, लालगंज, प्रतापगढ़

**लाई चना का ठेला लगाता था किशोर, घटना के कारण की जांच में जुटी पुलिस**

**अमृत विचार:** लाई चना का ठेला लगाने वाले किशोर की गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को बाग में फेंक दिया गया। शव मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गई। किशोर की मौत से परिजन रो रो कर बेहाल हैं। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

उदयपुर थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी अखिलेश गुप्ता के 17 वर्षीय पुत्र अजय गुप्ता की गुरुवार रात गला रेत कर हत्या कर दी गई। वह लाई चना भूनकर ठेले पर बेचता था। गुरुवार की शाम वह कुम्हीआइमा बाजार में ठेला लेकर गया था। वहां से देर शाम तक घर वापस न लौटने पर परिवार के लोग परेशान हो गये। कोई फोन कॉल न आने पर उसकी तलाश करने लगे। किशोर के परिवार के लोगों के साथ गांव वाले भी खोजबीन में जुट गए। घर से करीब एक किमी दूर मऊहरिया के पास उसका लाई चने का ठेला मिला तो लोगों में अनहोनी की आशंका बढ़ गई। खोजबीन में जुटे लोगों को रात करीब 9.30 बजे पूरे भगवत अधिया की बाग में अजय गुप्ता का शव पड़ा मिला। उसकी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। शव देखते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। सूचना पर थाने की पुलिस फोर्स के अलावा सीओ राम सूरत सोनकर पहुंचे। जांच पड़ताल कर परिजनों से पूछताछ की। सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि अजय की किसी ने गला रेत कर हत्या कर दी है। घटना के कारणों को जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ड्यूटी के बाद कमरे में मृत मिला जीआरपी सिपाही

**प्रतापगढ़, अमृत विचार:** जीआरपी में तैनात सिपाही ड्यूटी के बाद कमरे पर गया था। अगले दिन उसका शव विस्तर पर मिला। परिजनों को खबर देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। गाजीपुर के नोनहरा, फुलहरी गांव के 38 वर्षीय शहनवाज खान प्रतापगढ़ जीआरपी में सिपाही पद पर तैनात थे। वह इन दिनों बीमार चल रहे थे। बुधवार को ड्यूटी करने के बाद कमरे पर आराम करने चले गए थे। गुरुवार सुबह ड्यूटी पर नहीं पहुंचे तो साथी सिपाही बुलाने के लिए कमरे पर पहुंच गए। कई बार आवाज लगाने के बाद भी जवाब नहीं आया तो सिपाहियों ने इसकी जानकारी जीआरपी एसओ व भंगवा चुंगी चौकी इंचार्ज अंकित श्रीवास्तव को दी। उनके आने के बाद दरवाजा तोड़ कर गया तो शहनवाज विस्तर पर मृत पड़े हुए थे। लोगों ने हार्टअटैक से मौत की आशंका जताई। सूचना पर पहुंचे परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर घर चले गए।

# त्योहारों को लेकर डीएम-कमिश्नर ने की बैठक

संवाददाता, प्रयागराज।


त्योहारों को लेकर बैठक करते डीएम और कमिश्नर।

**साफ-सफाई, बिजली, पानी की व्यवस्था का दिया निर्देश**

**अमृत विचार:** बकरीद और गंगा दशहरा पर्व को सौहार्द पूर्वक मनाने के लिए पुलिस आयुक्त रमित शर्मा व जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने गुरूवार को जिला पंचायत सभागार में तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने कहा कि किसी नई परम्परा की शुरूआत न की जाये, निर्धारित परम्परा के अनुसार ही त्योहारों को मनाया जाये। उन्होंने बकरीद एवं गंगा दशहरा त्यौहार को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखे जाने के लिए कहा है। कोई भी अनावश्यक पोस्ट न डाले, जिससे महौल खराब हो। कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न की जाये। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए है।

वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनायें। बैठक में पीस कमेटी के सदस्यों के द्वारा दिए गए सुझावों पर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। उन्होंने साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओ को पूरा करने के लिए विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दे। सार्वजनिक स्थल पर कुर्बानी के अवशेष न रखे जाये। वहां की सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये एवं अवशेष को निर्धारित स्थल पर रखकर निस्तारित किया जाये। सुअर पालकों से एनओसी ले लिया जाये ताकि सुअर इधर-उधर न घूमने पायें। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त एन कोलांची, डीसीपी गंगापार अभिषेक भारती, यमुनापार श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय एवं नगर, डीसीपी यातायात, एडीएम सिटी मदन कुमार व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सर्राफा कारोबारी से फायर कर 10 लाख रुपये की लूट

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार:** दुकान बंदकर घर जा रहे सर्राफा कारोबारी पर पल्सर सवार बदमाशों ने फायर कर आभूषण से भरा झोला व नकदी लूट ली। जिसमें 35 हजार रुपये नगद समेत 10 लाख की लूट बताई गई। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश हवाई फायर करते हुए भाग निकले। सूचना पर पुलिस फोर्स पहुंची।

अमेठी जनपद के ज्ञानीपुर के रहने वाले महेंद्र कसौधन कोहड़ौर थाना क्षेत्र के मदाफारपुर बाजार में आभूषण की दुकान चलाते हैं। वह गुरुवार शाम को दुकान बंद कर अपने घर जा रहे थे। अकारी पट्टी के पास पहुंचे तो दो पल्सर से आये पांच बदमाशों ने असलहे के बल पर रोक लिया। सभी बदमाश मास्क लगाये थे, जिसमें दो लोग भगवा गमछा बांधे थे। रुकते ही महेंद्र की बाइक को धक्का देकर गिरा दिया और आभूषण से भरा झोला और नगदी ले लिया। पीड़ित ने बताया कि 35 हजार नगदी, 100 ग्राम सोना, साढ़े तीन किलो चांदी समेत 10 लाख रुपये की लूट हुई है। बदमाशों ने सराफा कारोबारी पर फायरिंग भी किया, संयोग रहा कि वह बाल - बाल बच गया। बदमाशों के जाने के बाद पीड़ित महेंद्र कसौधन ने डायल 112 से पुलिस को सूचना दी। बाद में चौकी प्रभारी एहसानुल हक, कोहड़ौर पुलिस भी पहुंची। सूचना पर एएसपी पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। पीड़ित से घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस बदमाशों की पड़ताल करने में जुट गई।

# महाकुंभ 2025 की भव्यता को बढ़ाएंगे 4 प्रमुख व 108 स्तम्भ

संवाददाता, प्रयागराज।

**मिन्टो पार्क में द्वादश ज्योतिर्लिंग, भारद्वाज पार्क में बनेगी नक्षत्र वाटिका**

**अमृत विचार:** महाकुंभ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं के अनुभव को और दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत शहर के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रयागराज के बहुप्रसिद्ध मिन्टो पार्क में श्रद्धालुओं को द्वादश ज्योतिर्लिंगों का दर्शन कराने का भी प्रबन्ध किया जा रहा है।

पार्क के एक चिह्नित स्थल पर 12 दीवालों पर द्वादश ज्योतिर्लिंग चित्रित किए जाएंगे जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को उन सभी ज्योतिर्लिंगों का दर्शन उन दीवारों के माध्यम से कराया जा सके। इसी क्रम में मनुष्य जीवन में नक्षत्रों के हिसाब से प्रभाव डालने वाले वृक्षों की जानकारी के लिए भरद्वाज पार्क में नक्षत्र वाटिका की स्थापना भी की जाएगी, जहां 27 नक्षत्रों के हिसाब से 27 प्रकार के महत्वपूर्ण पौधे लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त अयोध्या में राममंदिर तक जाने वाले पहुंच मार्ग पर लगाए गए विभिन्न स्तंभों से प्रेरणा लेते हुए शहर के विभिन्न स्थानों पर फसाड लाइटिंग से सुसज्जित लगभग 108 स्तम्भ भी लगाये जायेंगे। साथ ही विभिन्न मार्गों से शहर में आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत हेतु चार बड़े द्वार भी लगाये जाएंगे।

# शांतिपूर्ण ढंग से मनाए त्यौहार : जिलाधिकारी

संवाददाता, मिर्जापुर

**गंगा दशहरा व बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न**

**सोशल मीडिया पर न डाले भ्रामक फोटो, संबंधित के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : एसपी**


गंगा दशहरा व बकरीद को लेकर बैठक करतीं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन।

**अमृत विचार:** आगामी गंगा दशहरा व ईद-उल-जुहा (बकरीद) त्यौहार को जनपद में शान्तिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में दोनो समुदायों के धार्मिक गुरू व गणमान्य लोगों के अलावा पुलिस अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में प्रत्येक थानाध्यक्ष के द्वारा अपने-अपने क्षेत्रो के बारे में सम्पन्न होने वाले त्यौहारो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर विभिन्न थानों से आए मुस्लिम व हिन्दू धर्म गुरूओ व गणमान्य व्यक्तियो के द्वारा बताए गए सुझावों व समस्याओं को अमल करते हुये जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को समाधान हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि जनपद मीरजापुर हमेशा से गंगा जमुनी तहजीब के रूप में जाना जाता है, आगे भी सभी से अपील की जाती है कि शान्तिपूर्ण ढंग से त्योहार को सम्पन्न कराने के लिये आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाए। उन्होंने सभी उप जिला मजिस्ट्रेटो व पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर नमाज अदा करने के स्थल व ईदगाह के आस पास बेहतर साफ सफाई, पेयजल, नगरीय क्षेत्रो में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत तथा ग्रामीण क्षेत्रो में ग्राम पंचायतों के द्वारा नालियों की सफाई सुनिश्चित कराया जाए। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने कहा कि जनपद का गौरवशाली इतिहास रहा है कि अमन चैन भाई चारे के साथ मिल जुलकर त्यौहार मनाएं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो या अन्य कोई फोटो को आगे न बढ़ाया जाए, यदि ऐसा कही किसी व्हाटसएप पर आता है और वायरल करता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## सार-संक्षेप


### अतीक अहमद की संपत्ति गैंगस्टर एक्ट में कुर्क

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार:** माफिया अतीक अहमद की सम्पत्ति पर प्रयागराज पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। गुरुवार पुलिस ने अतीक अहमद की एक और सम्पत्ति कुर्क करने का काम किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में किया है। अतीक अहमद ने इस सम्पत्ति को अपनी पत्नी शाइस्ता परवीन के नाम पर शाहगंज में खरीदी थी। इस खंडहर मकान को जिलाधिकारी के निर्देश पर कुर्क की गयी है। पुलिस के मुताबिक माफिया ने सरदार अब्दुल गफ्फार पुत्र मजीद अहमद निवासी मिंजहपुर से 1998 में अतीक ने अपनी पत्नी के नाम पर रजिस्ट्री कराया था। डीएम के निर्देश पर शाहगंज में रकबा 132.72 वर्ग मीटर में बने इस खंडहर मकान को कुर्क किया गया है। पुलिस ने बोर्ड लगाकर इसकी मुनादी भी कराई है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़। अमृत विचार:** कुंडा थाना क्षेत्र के मौली गांव के रहने वाले मोतीलाल सरोज का 20 वर्षीय पुत्र अभिषेक दिल्ली में फर्नीचर का काम करता था। बुधवार रात में अभिषेक ट्रेन से दिल्ली से प्रयागराज पहुंचा। कुण्डा के लिए बस पर बैठ लिया। बाबूगंज बाजार के पास बस से उतरकर पैदल ही घर के लिए चल दिया। रेलवे लाइन पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। दोपहर करीब पौने दो बजे ट्रैक पर शव देख वहां पर एक्सप्रेस को लोको पायलट ने रोक दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेब में मिले आधार कार्ड से परिजनों को खबर दी। मौत की खबर सुनकर परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### व्यापारी राजीव आहूजा का निधन, शोक संवेदना का तांता



**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार:** व्यापारी राजीव आहूजा का बीमारी के चलते इलाज के दौरान बुधवार रात निधन हो गया। उनके निधन पर व्यापारियों, नेताओं प्रबुद्धजनों, डाक्टरों और सामाजिक संस्थाओं ने शोक जताया है। उनके दहिलामऊ स्थित आवास पर शोक जताने वालों का सुबह से तांता लगा रहा। दोपहर में सई नदी के किनारे श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। राजीव आहूजा, व्यापारी नेता और सरस्वती शिशु मंदिर अजीत नगर के प्रबंधक, भारत विकास परिषद के पदाधिकारी संजीव आहूजा के बड़े भाई थे। छोटे भाई आशीष आहूजा जो कि पेशे से डाक्टर हैं, विदेश में रहते हैं, उन्होंने जिम्मेदारी निभाई।

### हजारों वर्ष से दलित वर्ग का इतिहास रहा है समृद्धः पुरी शंकराचार्य



**संवाददाता, झूंसी, प्रयागराज। अमृत विचार:** पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने अपने छह दिवसीय प्रवास के दौरान बृहस्पतिवार को झूंसी के शिवगंगा आश्रम में भक्तों को रामचरित मानस की चौपाइयों के साथ विभिन्न धार्मिक विषयों पर बात की। भक्तों से कहा कि बिना भक्ति के भगवान का मिलना संभव नहीं है। उन्होंने देश में लगातार दलितों के नाम पर हो रही रही राजनीति पर चिंता जताई। एक भक्त ने पुरी शंकराचार्य से सवाल किया कि कुछ स्वार्थ लोगों के बहकावे में आने के कारण दलित वर्ग समाज की मुख्य धारा से दूर होता जा रहा है। इसके जवाब में पुरी शंकराचार्य ने कहा कि हजारों वर्ष पूर्व भी इस दलित वर्ग का इतिहास समृद्ध रहा है। काशी में अगर ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यों का ही वर्चस्व होता तो राजा हरिश्चंद्र को खरीदने की क्षमता डोम राजा में कहां से आ जाती। इस मौके पर शंकराचार्य के निजी सचिव निर्विकल्पानंद ब्रह्मचारी, प्रफुल्ल ब्रह्मचारी, हृषिकेश ब्रह्मचारी, रामकैलाश पांडेय, अशोक शुक्ला, नरेंद्रदेव त्रिपाठी, उमेश शुक्ला, केएन पांडेय, पवन, आयुष सिंह आदि मौजूद रहे।

### जमानत के लिए 40 किमी की दूरी तय करते हैं वादकारी


तहसील भवन कोरांव।

**संवाददाता, कोरांव/नैनी, प्रयागराज। अमृत विचार:** तहसील कोरांव उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बॉर्डर पर स्थित है। अंतिम गांव बड़ोखर व चीराव है जो 35 किलोमीटर से कम की दूरी पर तहसील से नहीं है। सरकार द्वारा कमिश्नरेट लागू किए जाने के पश्चात 151, 107, 116 के तहत तहसील में उप जिलाधिकारी कोरांव द्वारा ली जाने वाली जमानत को सरकार ने अब कमिश्नरेट मेजा तथा खीरी थाना की जमानत कौंधियारा कमिश्नरेट को सौंप दिया गया। इसके कारण लोगों को जहां लंबी दूरी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में सांसद डॉक्टर रीता बहगुणा जोशी ने कोरांव में जमानत की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया था किंतु समस्या जस की तस बनीं रही। इससे जहां अधिवक्ताओं के विधि व्यवसाय पर प्रभाव पड़ा वही वादकारियों की समस्याएं भी बढ़ी। इस संबंध में बार एसोसिएशन कोरांव के अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी द्वारा कई बार जिलाधिकारी प्रयागराज को लिखित रूप से आवेदन देते हुए कोरांव में ही पूर्ववत जमानत की व्यवस्था बहाल किए जाने हेतु पत्राचार किया गया किंतु इसका भी कोई हल नहीं निकल सका। इससे अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस मुद्दे पर कभी भी अधिवक्ता विरोध करने के साथ ही साथ तालाबंदी तक करने पर विचार कर रहे हैं। वही अधिवक्ताओं ने नवनियुक्त सांसद कुंवर उज्जवल रमण से समस्या के निस्तारण कराए जाने की अपेक्षा की है।

### सात सफाई कर्मियों को जिलाधिकारी ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार:** जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय के अधीन विभिन्न स्थलों पर तैनात 7 सफाई कर्मियों के मृत्युपरान्त उनके आश्रितों को भरण-पोषण हेतु मृतक आश्रित पर नियुक्ति प्रदान की गई। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में मृतक आश्रित पद पर नियुक्ति रेखा देवी पत्नी स्व. सुभाष कुमार सेठ, सोनाली कुमार पत्नी स्व. विनोद आनंद, रूबी अंसारी पत्नी स्व. मजहर अली, शीला देवी पत्नी स्व. राधेश्याम चन्द्र, लीलावती देवी पत्नी स्व. अशोक कुमार, ऋषभ सिंह गोड़ पुत्र स्व. प्रियंक कुमार गोड़ एवं दुर्गेश कुमार पुत्र स्व. शान्ति देवी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

### जिला अस्पताल में ब्लड कम्पोनेन्ट सप्रेशन यूनिट शुरू

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार:** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केके राय ने गुरूवार को जिला अस्पताल में ब्लड कम्पोनेंट सेपरेशन यूनिट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ब्लड सेंटर इंचार्ज डॉ सैफ हुसैन खान, डॉ नरेन्द्र कुमार, वरिष्ठ परामर्शदाता एवं औषधि निरीक्षक चन्द्रेश द्विवेदी, वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन हृदय कुशवाहा, अरूण सिंह सहित समस्त ब्लड सेंटर स्टाफ उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राय ने कहा कि जिला अस्पताल को यह लाइसेंस मिलना बहुत ही गर्व एवं खुशी की बात है, वे इसके लिए काफी समय से प्रयासरत थे। सभी की मेहनत एवं लगन से आज उन्हें यह शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि जिला अस्पताल और पूरे जिले के लिए बहुत बड़ी है। इस उपलब्धि पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित समस्त स्टाफ को बधाई दिया। वहीं औषधि निरीक्षक चंद्रेश द्विवेदी ने ब्लड सेंटर को सुचारू रूप से चलाने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। ब्लड सेंटर प्रभारी डॉ. सैफ हुसैन खान ने सभी अतिथियों आभार व्यक्त करते हुये कहा कि अस्पताल और निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को रक्त से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### दो दर्जन से अधिक युवकों ने किया रक्तदान

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार:** विश्व रक्तदान दिवस की पूर्व संध्या पर पिता—पुत्र ने एक साथ रक्तदान करके समाज को संदेश दे दिया। इसी क्रम में दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष अनिल अस्थाना के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक नवयुवकों ने रक्तदान करके किसी के जीवन हेतु प्रेरणादायी कदम उठाया। महासमिति द्वारा आईएमए के अध्यक्ष डॉ अरुण मिश्रा, डॉ मेजर एके मौर्य और बीएन दूबे की देख—रेख में तपती धूप में गजब के जज्बे के साथ दो दर्जन से अधिक नवयुवकों ने उत्साहपूर्वक स्वैच्छिक रक्तदान किया। उक्त कार्यक्रम आईएमए भवन लाइन बाजार में हुआ। शिविर में महासमिति के पदाधिकारियों के अलावा जनपद के अन्य हिस्सों से लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर में महासमिति के सचिव राजन अग्रहरी व उनके पुत्र रजत अग्रहरी ने एक साथ रक्तदान करके समाज में फैले भ्रम के भय को सिरे से खारिज करके यह बताया कि रक्तदान एक सकारात्मक सोच है। इससे डराने की आवश्यकता नहीं है। इस अवसर पर संरक्षक निखिलेश सिंह, राधेकृष्णा मुन्ना ओझा, शशांक सिंह, विजय बागी, राहुल पाठक, मनीष देव, महेश जायसवाल, मनीष गुप्ता, निशाकांत, अमित गुप्ता, करन बिन्द, राजन अग्रहरी, लालता सोनकर, कृष्णा सोनी, श्रीपाल यादव, रवि शर्मा, विष्णु, सचिन सोनी, दीपक श्रीवास्तव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### बाइक सवार दो युवक खड़े टेलर में जा घुसे, आईं गंभीर चोटें

**संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार:** जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्ति नगर मुख्य मार्ग पर घाटमपुर पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार दो युवक गोलू सिंह पुत्र सागर सिंह 24 वर्ष निवासी कोतवाली कानपुर व गोविंद कुमार दुबे पुत्र सुरेंद्र कुमार दुबे 27 वर्ष निवासी अस्सी घाट वाराणसी। वाराणसी से अहरौरा ग्राम सभा छातो एक्वा जंगल वाटर पार्क में युवक द्वारा झूला लगाया गया है उसी के संबंध में जा रहा था कि घाटमपुर पेट्रोल पंप के पास खड़ा टेलर में पीछे से जा घुसा जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गये सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा अहरौरा सीएससी पर लाया प्राथमिक उपचार करने के उपरांत वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

# छिनैती के 4 दोषियों को 2 साल कैद

## न्यायालय ने प्रत्येक दोषी पर 500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में 13 साल पूर्व व्यापारी अमरचन्द सोनी से सोने चांदी से भरा बैग छीनने व हमला करने के चार दोषियों को एसीजेएम अमित सिंह ने दो-दो साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 500 रुपए अर्थदंड भी लगाया है।

लोक अभियोजक उषा सिंह के मुताबिक भरथीपुर निवासी अमरचन्द सोनी पुत्र जयनारायन से 2 जनवरी 2011 को सोने चांदी से भरा बैग छीनने के आरोप में दोषियों पर केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 19 अप्रैल 2011 को आरोप पत्र न्यायालय भेजा। दौरान विचारण कोर्ट में अभियोजन की तरफ से पेश गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भरथीपुर निवासी जब्बार, गफ्फार, इमरान और राजकुमार को न्यायालय ने दोषी पाते हुए दो-दो साल की सजा सुनाई है।



दीवानी न्यायालय परिसर में अधिवक्ता व वादकारी।

### महिला आरक्षी से दुराचार के मामले में आदेश 21 जून को

**सुलतानपुर :** हलियापुर थाने की महिला आरक्षी से दुराचार करने के आरोपी पूर्व थानाध्यक्ष नीशू तोमर के खिलाफ सीजेएम कोर्ट ने पुलिस रिपोर्ट खारिज कर दुराचार तथा अन्य आरोपों में संज्ञान लिया था। पूर्व थानाध्यक्ष नीशू तोमर ने सेशन कोर्ट में निगरानी दायर कर सीजेएम के आदेश को चुनौती दी है। महिला आरक्षी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि सेशन जज जेपी पांडेय ने याचिका पर सुनवाई कर आदेश के लिए 21 जून की तारीख नियत की है। साल 2021 में हलियापुर थाने में तैनात रही एक महिला आरक्षी ने तत्कालीन थानाध्यक्ष नीशू तोमर पर मानसिक तथा शारीरिक उत्पीड़न कर अश्लील वीडियो बनाने, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुराचार करने, मारपीट, धन हड़पने और गबन के आरोपों में मुकदमा दर्ज कराया था।

### आरोपी ने किया सरेंडर, कोर्ट ने दिया रिहाई का आदेश

**सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र कोतवाली देहात के गंगापुर में 27 साल पूर्व अवैध चाकू की बरामदगी के मामले में 19 साल से जारी गैर जमानतीय वारंट पर गोसाईगंज थानाक्षेत्र के ऊघड़पुर निवासी आरोपी पृथ्वीपाल ने अधिवक्ता रजनीश शुक्ल के जरिए कोर्ट में सरेंडर कर दिया। एसीजेएम प्रथम ने आरोपी के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट निरस्त कर रिहाई का आदेश दिया है। अधिवक्ता रजनीश शुक्ल के मुताबिक आरोपी के खिलाफ कोतवाली देहात के तत्कालीन दीवान बृजलाल सरोज ने 2 फरवरी 1997 को अवैध चाकू बरामदगी दिखाकर केस दर्ज कराया था। आरोपी पूर्व में जमानत पर था,जिसके खिलाफ कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

### पूर्व खेल मंत्री ओपी सिंह के मामले में सुनवाई 27 को

**सुलतानपुर, सुलतानपुर :** पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को सुनवाई कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण टल गई। पूर्व मंत्री के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए 27 जून की तारीख नियत की है। मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप मे सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है। मोतिगरपुर थाने के उप-निरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था।

### अपहरण व धमकी देने के तीन आरोपियों की जमानत खारिज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** धनपतगंज थाना क्षेत्र के एचपीसीएल पेट्रोल पंप से दो माह पूर्व अपहरण करने व पेट्रोल पंप मैनेजर व कर्मचारी के रोकने पर हत्या की धमकी देने के रेगनिया थाना आमस गया निवासी पवन कुमार सिंह, गगन थाना क्षेत्र अकबरपुर नेवादा बिहार के आरोपी रंजन कुमार और छोटकी चिलमी गया बिहार निवासी आरोपी गौरव सिंह की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी है। एडीजीसी विजय शंकर शुक्ल के मुताबिक धनपतगंज थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप मैनेजर वीरेंद्र कुमार ड्यूटी पर थे। तभी बीते 19 अप्रैल दो बजे के करीब सफेद रंग की सफारी स्टॉर्म पर सवार आरोपी आये व वही से बाहर जाते समय अज्ञात व्यक्ति को जबरन अपनी सफेद रंग की सफारी में बैठाने लगे। मैनेजर व कर्मचारीगण के मना करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और अज्ञात व्यक्ति का अपहरण कर भाग गये। मैनेजर की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज किया तथा विवेचना के बाद धनपतगंज पुलिस ने आरोपितों को संलिप्त पाया। तीसरे दिन दो वाहन, तमंचा कारतूस और नकदी समेत गिरफ्तार किया गया। अपहृत आस मोहम्मद ने आरोपियों पर हत्या करने के लिए अपहरण की बात कही। जेल में बंद आरोपियों की जमानत पर हुई सुनवाई में कोर्ट ने आरोपों को गंभीर पाते हुए जमानत खारिज कर दी। इसी मामले में सह आरोपी साजिद, सज्जाद, विक्की शर्मा और संतोष की जमानत पूर्व में कोर्ट ने खारिज कर दी है।

# अंबेडकर नगर के हिस्ट्रीशीटर को एसटीएफ ने सुलतानपुर में दबोचा

संवाददाता, सुलतानपुर



हिस्ट्रीशीटर शैलेंद्र सिंह बब्लू।

**कामयाबी**

- 25 हजार रुपये का इनामी है हिस्ट्रीशीटर शैलेंद्र सिंह बब्लू

**अमृत विचारः** अंबेडकर नगर जिले का अपराधी लगातार आपराधिक घटनाओं का अंजाम दे रहा था। पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। उस पर 25 हजार का ईनाम भी घोषित है। बुधवार की देर शाम अयोध्या एसटीएफ ने मुखबिर खास की सूचना पर उसे सुलतानपुर से पकड़ने में सफलता पाई है।

अंबेडकरनगर के भीटी थाना क्षेत्र के बनगांव निवासी शैलेन्द्र सिंह उर्फ बब्लू वर्ष 2006 से अपराधिक घटनाएं कारित कर रहा था। गृह जिले में दर्जन भर मुकदमे दर्ज होने के बाद दूसरे जनपद में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने लगा। शैलेन्द्र की आपराधिक घटनाए बढ़ती जा रही थी। उसके खिलाफ अंबेडकर नगर में 13 आपराधिक मामले तो सुलतानपुर के लंभुआ थाने में एक, गोसाईगंज थाने में दो व चांदा थाने में एक मुकदमा दर्ज था। इतना ही प्रदेश की राजधानी के चिनहट में भी धोखाधड़ी का केस दर्ज था। हिस्ट्रीशीटर की तलाश में अयोध्या एसटीएफ लगी हुई थी। एसटीएफ़ को सूचना मिली कि हिस्ट्रीशीटर सुलतानपुर जिले के चांदा थाना क्षेत्र के ईशीपुर अंडर पास पर खड़ा है और कही जानें की फिराक में है। सूचना पर सक्रिय हुई एसटीएफ उसे गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

### पानी के विवाद में छह लोगों का शांतिभंग में चालान

**हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचारः** स्थानीय थाना क्षेत्र के मटिहरा गांव में पानी के विवाद को लेकर झगड़ा कर रहे दो पक्षों को मौके पर पंहुची पुलिस ने समाझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन दोनों पक्ष आपस में झगड़ा विवाद करते रहे जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों से छह लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग के अंदेशा में एसडीएम न्यायालय में चालान कर भेज दिया।हलिया थाना क्षेत्र के मटिहरा गांव में पानी के विवाद को लेकर आपस में झगड़ रहे दोनों पक्षों से छह लोगों को चौकी प्रभारी मतवार रविप्रकाश मय हमराह कांस्टेबल मनोज कुमार व अशोक कुमार के साथ मौके पर पंहुचकर समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन दोनों पक्षों के द्वारा नहीं मनाने पर प्रथम पक्ष से बुध्दसेन व रामरक्षा व दूसरे पक्ष से अवधेश, बृजेश, उमेश, मोनू को गिरफ्तार कर थाने पर लाकर सभी लोगों का शांतिभंग के अंदेशा में चालान एसडीएम न्यायालय लालगंज में कर दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि पानी को लेकर विवाद कर रहे लोगों का शांतिभंग के अंदेशा में एसडीएम न्यायालय लालगंज में चालान कर दिया गया है।

# सीडीओ ने बैठक कर जानी बैंकों की प्रगति

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गुरुवार को सीडीओ अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में डीसीसी/डीएलआरसी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिसमें सीडीओ बैंकों की प्रगति जान उनकी समीक्षा की।

बैठक में सीडीओ ने पीएम स्वनिधि योजना, बैंकों में आधार बनने की प्रगति, वार्षिक ऋण योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, पीएमईजीपी योजना, ऋण जमानुपात, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया योजना, अटल पेंशन योजना, एनआरएलएम योजना एवं एनएसएफआई योजना की प्रगति जान उनकी समीक्षा की। बैठक में फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, फिनो पेमेंट्स बैंक एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा बैठक में भाग नहीं लिए जाने पर स्पष्टीकरण जारी करने हेतु निर्देशित किया। इस मौक़े पर डीडीओ अजय पांडेय, जिला कृषि अधिकारी सदानन्द चौधरी, आरबीआई के दिशान्त चन्द्रायण, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड अभिनव द्विवेदी सहित अन्य बैंकर्स मौजूद रहे।

### भूमि के विवाद में मारपीट दो महिलाएं घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर। अमृत विचार :** जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो महिलाओं को चोट आई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली के जाटोली बनके गांव में बुधवार की रात जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष की सरोजा यादव तथा दूसरे पक्ष की लाली को चोट आई। पुलिस ने सरोजा की तहरीर पर हेमंत, अंसिक, साहित्य तीन लोगों के विरुद्ध तथा लाली की तहरीर पर सरोजा, रवि यादव, भूमिका एवं अनामिका के विरुद्ध बृहस्पतिवार को केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत चितावनपुर, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर**

पत्रांकः मेमो/ग्रा0पं0 निविदा सत्र 2024–25 दिनांक13.06.2024

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत चितावनपुर विकास खण्ड सीटी मीरजापुर में वर्ष 2024–25 पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त, मनरेगा, शौचालय, एस.एल.डब्ल्यू.एम, स्वच्छ भारत मिशनफेज–2RGSAयोजनान्तर्गत निर्माण कार्य कराने हेतु सामग्री आपूर्ति के लिए अल्पकालिक निविदा प्रकाशन हेत भेजा जा रहा हैं जिसका विवरण इस प्रकार हैः–ईट, ईट का टुकड़ा, गिट्टी, सीमेंट, लाल बालू, महीन बालू, लोकल बालू, स्टोन डस्ट, पत्थर चौका, पत्थरईट, लोहे की सरिया, दरवाजा, खिड़की, ह्यूमपाइप, पी0बी0सी0 पाइप, स्ट्रीटलाइट, सोलरलाइट, सोलरपम्प, विद्युतउपकरण, आंगनबाड़ी केन्द्र, समरसेबुल/पानीटंकी इत्यादि अन्य आवश्यकता सामग्री भी गुणवत्तामानक के अनुसार होना चाहिए। टिन नम्बर एवं पैन धारक सम्बन्धित वाणिज्यकर विभाग में पंजीकृत हो, वे ग्राम पंचायत कार्यालय मे दिनांक 18.06.2024 तक अपराह्न 2.00 बजे तक निविदा दे सकते है।निविदा के शर्ते एवं आवेदन फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय के ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी से किसी भी कार्य दिवसमें 11.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है। निविदा समिति के समक्ष दिनांक 19.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी। निविदादाता फर्म निविदा खुलते समय उपस्थित रह सकते है। अधोहस्ताक्षरी के पास बिना किसी कारण बताये निविदा खोलने/निरस्त करने का अधिकार होगा।

विजय शंकर, गाम प्रधान, ग्राम पंचायत चितावनपुर, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

पंकज सिंह, ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0/सचिव, ग्राम पंचायत चितावनपुर, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत कंतित ग्रामीण, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर**

पत्रांकः मेमो/ग्रा0पं0 निविदा सत्र 2024–25 दिनांक13.06.2024

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कंतित ग्रामीण विकास खण्ड सीटी मीरजापुर में वर्ष 2024–25 पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त, मनरेगा, शौचालय, एस.एल.डब्ल्यू.एम, स्वच्छ भारत मिशनफेज– 2 RGSA योजनान्तर्गत निर्माण कार्य कराने हेतु सामग्री आपूर्ति के लिए अल्पकालिक निविदा प्रकाशन हेत भेजा जा रहा हैं जिसका विवरण इस प्रकार हैः–ईट, ईट का टुकड़ा, गिट्टी, सीमेंट, लाल बालू, महीन बालू, लोकल बालू, स्टोन डस्ट, पत्थर चौका, पत्थरईट, लोहे की सरिया, दरवाजा, खिड़की, ह्यूमपाइप, पी0बी0सी0 पाइप, स्ट्रीटलाइट, सोलरलाइट, सोलरपम्प, विद्युतउपकरण, आंगनबाड़ी केन्द्र, समरसेबुल/पानीटंकी इत्यादि अन्य आवश्यकता सामग्री भी गुणवत्तामानक के अनुसार होना चाहिए। टिन नम्बर एवं पैन धारक सम्बन्धित वाणिज्यकर विभाग में पंजीकृत हो, वे ग्राम पंचायत कार्यालय मे दिनांक 18.06.2024 तक अपराह्न 2.00 बजे तक निविदा दे सकते है।निविदा के शर्ते एवं आवेदन फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय के ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी से किसी भी कार्य दिवसमें 11.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है। निविदा समिति के समक्ष दिनांक 19.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी। निविदादाता फर्म निविदा खुलते समय उपस्थित रह सकते है। अधोहस्ताक्षरी के पास बिना किसी कारण बताये निविदा खोलने/निरस्त करने का अधिकार होगा।

उमाशंकर यादव, गाम प्रधान, ग्राम पंचायत कंतित ग्रामीण, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

पंकज सिंह, ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0/सचिव, ग्राम पंचायत कंतित ग्रामीण, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत दुहौवां, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर**

पत्रांकः मेमो/ग्रा0पं0 निविदा सत्र 2024–25 दिनांक13.06.2024

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत दुहौवां विकास खण्ड सीटी मीरजापुर में वर्ष 2024–25 पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त, मनरेगा, शौचालय, एस.एल.डब्ल्यू.एम, स्वच्छ भारत मिशनफेज– 2 RGSA योजनान्तर्गत निर्माण कार्य कराने हेतु सामग्री आपूर्ति के लिए अल्पकालिक निविदा प्रकाशन हेत भेजा जा रहा हैं जिसका विवरण इस प्रकार हैः–ईट, ईट का टुकड़ा, गिट्टी, सीमेंट, लाल बालू, महीन बालू, लोकल बालू, स्टोन डस्ट, पत्थर चौका, पत्थरईट, लोहे की सरिया, दरवाजा, खिड़की, ह्यूमपाइप, पी0बी0सी0 पाइप, स्ट्रीटलाइट, सोलरलाइट, सोलरपम्प, विद्युतउपकरण, आंगनबाड़ी केन्द्र, समरसेबुल/पानीटंकी इत्यादि अन्य आवश्यकता सामग्री भी गुणवत्तामानक के अनुसार होना चाहिए। टिन नम्बर एवं पैन धारक सम्बन्धित वाणिज्यकर विभाग में पंजीकृत हो, वे ग्राम पंचायत कार्यालय मे दिनांक 18.06.2024 तक अपराह्न 2.00 बजे तक निविदा दे सकते है।निविदा के शर्ते एवं आवेदन फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय के ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी से किसी भी कार्य दिवसमें 11.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है। निविदा समिति के समक्ष दिनांक 19.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी। निविदादाता फर्म निविदा खुलते समय उपस्थित रह सकते है। अधोहस्ताक्षरी के पास बिना किसी कारण बताये निविदा खोलने/निरस्त करने का अधिकार होगा।

मनोज कुमार, गाम प्रधान, ग्राम पंचायत दुहौवां, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

पंकज सिंह, ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0/सचिव, ग्राम पंचायत दुहौवां, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत समोगरा, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर**

पत्रांकः मेमो/ग्रा0पं0 निविदा सत्र 2024–25 दिनांक13.06.2024

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत समोगरा विकास खण्ड सीटी मीरजापुर में वर्ष 2024–25 पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त, मनरेगा, शौचालय, एस.एल.डब्ल्यू.एम, स्वच्छ भारत मिशनफेज– 2 RGSA योजनान्तर्गत निर्माण कार्य कराने हेतु सामग्री आपूर्ति के लिए अल्पकालिक निविदा प्रकाशन हेत भेजा जा रहा हैं जिसका विवरण इस प्रकार हैः–ईट, ईट का टुकड़ा, गिट्टी, सीमेंट, लाल बालू, महीन बालू, लोकल बालू, स्टोन डस्ट, पत्थर चौका, पत्थरईट, लोहे की सरिया, दरवाजा, खिड़की, ह्यूमपाइप, पी0बी0सी0 पाइप, स्ट्रीटलाइट, सोलरलाइट, सोलरपम्प, विद्युतउपकरण, आंगनबाड़ी केन्द्र, समरसेबुल/पानीटंकी इत्यादि अन्य आवश्यकता सामग्री भी गुणवत्तामानक के अनुसार होना चाहिए। टिन नम्बर एवं पैन धारक सम्बन्धित वाणिज्यकर विभाग में पंजीकृत हो, वे ग्राम पंचायत कार्यालय मे दिनांक 18.06.2024 तक अपराह्न 2.00 बजे तक निविदा दे सकते है।निविदा के शर्ते एवं आवेदन फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय के ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी से किसी भी कार्य दिवसमें 11.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है। निविदा समिति के समक्ष दिनांक 19.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी। निविदादाता फर्म निविदा खुलते समय उपस्थित रह सकते है। अधोहस्ताक्षरी के पास बिना किसी कारण बताये निविदा खोलने/निरस्त करने का अधिकार होगा।

मालती देवी, गाम प्रधान, ग्राम पंचायत समोगरा, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

पंकज सिंह, ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0/सचिव, ग्राम पंचायत समोगरा, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर



### वर्ग पहेली-100

**बाएं से दाएं**

2. मुकुट के आकार की एक प्रकार की तिकोनी टोपी जो किसी समय मुसलमान फ़कीर पहना करते थे।
4. लालच, लोभ।
5. 1. निगलने की क्रिया या भाव 2. निगलना।
7. दे. पंचमेल।
8. 1. घिसने

**ऊपर से नीचे**

1. 1. कीचड़, फिसलन 2. भीड़–भाड़ 3. उलझन, दुविधा 4. व्यर्थ का विवाद।
3. 1. जो किसी तीव्र मनोविकार के कारण ज्ञान या विवेक खो बैठा हो, जिसकी दिमागी हालत ठीक न हो, बावला, विक्षिप्त, सनकी 2. प्रेम या क्रोध में आपे से बाहर व्यक्ति, दीवाना 3. बहुत मूर्ख।
5. 1. गीला और नरम, आर्द्र और कोमल 2. करुणा
6. 1. कामवासना संबंधी 2. भौतिक या शारीरिक।
7. स्नान, सिंचाई, छिड़काव।



### वर्ग पहेली -99 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जी | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 अ | ■ |
| वि | ■ | 3 द | 4 ब | का | ना | ■ |
| त | ■ | ■ | ग | ■ | ड़ी | ■ |
| ■ | 5 ब | 6 त | र | स | ■ | 7 ख |
| 8 झ | ड़ | क | ना | ■ | 9 मौ | न |
| ■ | ■ | री | ■ | ■ | ■ | ख |
| 10 ऐ | ल | ब | म | ■ | 11 था | ना |

### सुडोकू -13

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 8 | | | 4 | | 6 |
| | 4 | | 7 | | | | 3 | |
| 1 | | | 2 | 6 | 4 | | | 7 |
| 4 | 7 | | | 5 | | | | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | | | | 9 | | | 2 | 1 |
| 5 | | | 3 | 7 | 1 | | | 9 |
| | 3 | | | | 2 | | 5 | |
| 2 | | 8 | | | 6 | | 7 | |

### सुडोकू - 12 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 2 | 6 | 4 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 6 | 7 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 1 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 1 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थितिः 14 जून शुक्रवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–ज्येष्ठ, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–अष्टमी 15 जून 12.03 तक तत्पश्चात नवमी।

**आज का पंचांग**




**दिशाशूल**–पश्चिम। **ऋतु**–ग्रीष्म।
चन्द्रबल– मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल–भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–उत्तराफाल्गुनी पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** – आज पिता की सेहत की चिंता हो सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। संपत्ति विवादों को टालने का प्रयास करें। सरकारी कार्यों में आपको कुछ असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा।

**वृष** – आज संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर आपको काफी सावधान रहना होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। स्वजनों से मतभेद उभर सकते हैं। आपको अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिए।

**मिथुन** – आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी, किंतु स्वास्थ्य को लेकर कष्ट हो सकता है। अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। वैवाहिक जीवन में तालमेल बनाकर रखें। अपने काम की जिम्मेदारी दूसरों पर न डालें।

**कर्क** – आज व्यवसाय में आय वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। भाई–बहनों के माध्यम से आपको लाभ प्राप्त होगा। आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। आपके रुके हुए काम गति में आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपका मान–सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह** – आज नए काम को लेकर आप उत्साहित रहेंगे। विवादित मामलों का समाधान निकालने में सफलता मिलेगी। आप सामाजिक कार्यक्रमों में व्यस्त रहेंगे जिससे कारण सामाजिक लोगों से आपके संबंध घनिष्ठ होंगे।

**कन्या** – आज आपको अनुभवी लोगों की सलाह से काफी लाभ हो सकता है। आपको अपने सम्मान की चिंता रहेगी। वैवाहिक जीवन को लेकर तनाव हो सकता है,लेकिन दोपहर के बाद आप समझदारी पूर्वक इन समस्याओं का समाधान प्राप्त कर लेंगे।

**तुला** – आज लोग आपको धोखा देने का प्रयास कर सकते हैं। नए कार्यों को लेकर जल्दबाजी न करें। आपको सावधानी पूर्वक परिस्थितियों का आकलन करना चाहिए। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे, लेकिन इसके बावजूद आपके मन में एक अजीब सा अज्ञात भय भी हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज आपकी परिस्थितियां काफी अनुकूल रहने वाली हैं। शेयर मार्केट में निवेश कर सकते हैं। मित्रों से उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। सामाजिक कार्यक्रमों में आप अपनी सहभागिता बढ़ा सकते हैं। पारिवारिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी।

**धनु** – आज पारिवारिक व्यवसाय में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। शत्रुओं के ऊपर आपको विजय मिलेगी। राजनीतिक लोगों के लिए दिन अच्छा है। जॉब में अचानक पदोन्नति के योग बन रहे हैं।

**मकर** – आज वैवाहिक जीवन में असंतोष बढ़ सकता है। आप अपने विचारों को थोपने से बचें। संभव है कि कुछ समय पश्चात आप स्वयं अपनी ही बातों से सहमति न रखें। आपके मन में किसी पुरानी बात को लेकर चिंता रहेगी। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है। शाम को मन कुछ उदास रहेगा। अपने काम के प्रति मन में नकारात्मक भाव जाग सकता है। सुबह आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन के कारण अति आत्मविश्वास में गलतियां कर सकते हैं।

**मीन** – आज आप अपने ऊपर बड़ी जिम्मेदारी ले सकते हैं जिसका कुछ दबाव भी आपको देखने को मिलेगा। शाम के समय आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जॉब को लेकर आप कुछ यात्रा कर सकते हैं। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे।

### आज की फिल्में

**B4U Movies**
- शिव शक्ति — सुबह : 10.46
- मजाल — रात : 07.00

**Sony Pix**
- द डार्क नाईट राइसेस — सुबह : 10.44
- रैमपेज — रात : 09.00

**&pictures**
- रोड साइड राउडी — सुबह : 11.31
- वेलकम बैक — शाम : 05.13

**Zee Cinema**
- गुमनाम — सुबह : 09.30
- आरआरआर — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
- महा चोर — सुबह : 08.35
- जुग जुग जियो — शाम : 05.58

**आज की सुपरहिट फिल्म**



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा– यह सामने वाला होटल कितना साफ है। हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा–मेहरबानी करो यार, कम–से–कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।

लड़के वाले– आपकी लड़की क्या करती है?
लड़की वाले– जी, इम्पोर्ट–एक्सपोर्ट का काम करती है।
लड़के वाले– समझे नहीं।
लड़की वाले– गूगल से शायरियां उठाती है और वॉट्सऐप पर चिपकाती है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,810.90 | 23,398.90 |
| बढ़त | 204.33 | 75.95 |
| प्रतिशत में | 0.27 | 0.33 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शुक्रवार, 14 जून 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 930 फ्लैग 1065 बोल्ड 1105 डीएमओ 850।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूं (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000

**चावल (प्रति क्वि.)**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मन्सूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500

**दाल दलहन**
चना देशी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राज्मा सफेद 13000-14000
राज्मा काला 11500-12500
मूंगफली का दाना 11000-12000

**तेल तिलहन**
अलसी 5310-5510
लाही 4800-5200
काली सरसों 4900-5300
पीली सरसों 5600-5800 रुपये।

# विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कर दरें कम करने, आधार बढ़ाने की जरूरत

## भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने लिए कर विशेषज्ञों ने दी सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने लिए कर निर्धारण को लेकर अपने रुख में बदलाव करते हुए कर दरों में कटौती और आधार को बढ़ाकर कर राजस्व में वृद्धि करने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने यह बात कही है।

उन्होंने कर दरों को कम करने, कर-भुगतान आधार को बढ़ाने और इस प्रकार भारत की निवेश तथा विकास आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए साधन बनाने पर ध्यान देते हुए कर दरों से राजस्व की ओर बढ़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया। ईवाई इंडिया के वरिष्ठ साझेदार सुधीर कपाड़िया ने कहा-पारंपरिक उच्च कर दरों के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण कर उछाल नहीं आया है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए भारत में 1991 के बाद से सरकारों ने स्पष्ट रूप से मध्यम कर दरों की वकालत की है जिससे अधिक पारदर्शिता तथा अनुपालन को बढ़ावा मिलता है।

थॉट आर्बिट्रेज रिसर्च इंस्टिट्यूट के निदेशक कौशिक दत्ता ने 'थिंक चेंज फोरम' द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में कहा कि भारत का कर-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात एक संपन्न असंगठित क्षेत्र की उपस्थिति से प्रभावित है, जो अब भी अर्थव्यवस्था में 30 से 35 प्रतिशत का योगदान देता है। दत्ता ने कहा कि सरल जीएसटी व्यवस्था से वे औपचारिक अर्थव्यवस्था में शामिल हो सकेंगे, 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' ले सकेंगे और प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे।




### भारत अब भी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के समूह में

सेंटर फॉर डेवलपमेंट इकनॉमिक्स के पुलिन बी. नायक ने कहा-भारत अब भी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के समूह में है। प्रति व्यक्ति आय कम होने के कारण आयकरदाता कम हैं। कर की दरें बहुत अधिक रखना भी एक अनुचित विचार है क्योंकि इससे कर चोरी को बढ़ावा मिलेगा। नायक ने कहा कि कर-जीडीपी अनुपात को बढ़ाना बहुत बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि इससे सरकार सार्वजनिक वस्तुओं, बुनियादी ढांचे और सामाजिक क्षेत्र पर खर्च करने में सक्षम होगी। थिंक चेंज फोरम के महासचिव रंगनाथ तन्निर ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कराधान में सुधार समय की मांग है। सरकार को जल्द से जल्द कर की दरें कम करने और करदाताओं का आधार बढ़ाने पर विचार करना चाहिए।

## अंबुजा सीमेंट्स ने पेन्ना सीमेंट का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने बृहस्पतिवार को 10,422 करोड़ रुपये के उपक्रम मूल्य पर पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीसीआईएल) का अधिग्रहण करने की घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि इस अधिग्रहण के लिए दोनों कंपनियों ने एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस समझौते के तहत अंबुजा सीमेंट्स पीसीआईएल के मौजूदा प्रवर्तक समूह पी प्रताप रेड्डी एवं परिवार से कंपनी के 100 प्रतिशत शेयर खरीदेगी। हैदराबाद स्थित पेन्ना सीमेंट के अधिग्रहण से अडाणी समूह की सीमेंट उत्पादन क्षमता में 1.4 करोड़ टन सालाना की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही अडाणी समूह की कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता 8.9 करोड़ टन प्रति वर्ष हो जाएगी।

# देश के पास गेहूं का पर्याप्त भंडार आयात शुल्क में नहीं होगा बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा-बदलाव का नहीं है इरादा**

सरकार ने कहा है कि देश के पास घरेलू जरूरतों को पूरा करने, कीमतों को स्थिर रखने के लिए और यदि जरूरी हो, तो बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए गेहूं का पर्याप्त भंडार है। इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया है कि अभी उसका इन अनाज के आयात शुल्क में बदलाव करने का कोई इरादा नहीं है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग गेहूं के बाजार मूल्य पर बारीकी से नजर रख रहा है। विभाग ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी।

बयान में कहा गया है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि बेईमान तत्वों द्वारा कोई जमाखोरी न हो और कीमतें स्थिर रहे, आवश्यकतानुसार उचित हस्तक्षेप किया जाएगा। रबी विपणन सत्र वर्ष 2024 के दौरान विभाग ने 11.2 करोड़ टन गेहूं उत्पादन की जानकारी दी है। सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 11 जून तक करीब 2.66 करोड़ टन अनाज खरीदा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए अनुमानित 1.84 करोड़ टन की आवश्यकता को पूरा करने के बाद, बाजार में हस्तक्षेप के लिए पर्याप्त गेहूं स्टॉक उपलब्ध होगा।



## सर्राफा

**कानपुर**
चॉंदी 999 (प्रति किलो) 90,500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल 100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम) 73,500
गिन्नी (प्रति नग) 54,800-55,000

**लखनऊ**
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) 72,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) 72,700
गिन्नी (प्रति 10 नग) 42, 500
चांदी (999) 89,000
चांदी तैयार 89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) 80, 000

**बरेली**
सोना जेवरात पक्के 71,500
सोना जेवरात गिन्नी 70,500
चांदी पक्की 876 (अनुमानित)

**मुरादाबाद**
सोना 24 कैरेट 71,400
चांदी आभूषण 89,750।

## एनसीएलटी ने दिवालियापन पूरा करने के लिए गो फर्स्ट को दिया 60 दिन का समय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) ने बंद हो चुकी विमानन कंपनी गो फर्स्ट को दिवाला प्रक्रिया पूरी करने के लिए 60 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। यह कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को पूरा करने के लिए गो फर्स्ट को दिया गया चौथा विस्तार हैं।

कंपनी खरीदार खोजने के लिए संघर्ष कर रही है। इससे पहले दिवाला अधिकरण ने आठ अप्रैल को 60 दिन का विस्तार दिया था जो तीन जून 2024 को समाप्त हो गया था। गो फर्स्ट को अब तीन अगस्त 2024 तक की मोहलत दी गई है। दिल्ली स्थित एनसीएलटी पीठ ने विस्तार देते हुए कहा-यह अंतिम विस्तार है। दो सदस्यीय पीठ ने विस्तार की मांग करने पर समाधान पेशेवर को भी कड़ी फटकार लगाई। 'रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल' (आरपी) की ओर से पेश हुए वकील ने अधिकरण को सूचित किया कि वे यह विस्तार दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले के बाद उत्पन्न असाधारण स्थिति के कारण मांग रहे हैं, जिसमें डीजीसीए को उसके सभी 54 विमान का पंजीकरण रद्द करने को कहा गया था।

## सोने के दाम में 50 और चांदी में 550 रुपये की आई गिरावट

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 550 रुपये लुढ़ककर 90,950 रुपये प्रति किलो रह गई। पिछले सत्र में यह 91,500 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमतें 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हैं।

# बाजार में सेंसेक्स-निफ्टी ने छुआ नया रिकॉर्ड स्तर

**मुंबई, एजेंसी**

- **खरीदारी की बदौलत सेंसेक्स 204 और निफ्टी 75 अंक उछला**

विश्व बाजार के नकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, रियल्टी, इंडस्ट्रियल्स और आईटी समेत पंद्रह समूहों में हुई खरीदारी की बदौलत आज शेयर बाजार एक बार फिर ऊंचाई के नए शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 204.33 अंक उछलकर एक बार फिर 76,810.90 अंक के नए शिखर पर रहा। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 75.95 अंक चढ़कर 23,398.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.79 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,521.86 अंक स्मॉलकैप 0.89 प्रतिशत मजबूत होकर 50,678.94 अंक पर रहा।



इस दौरान बीएसई में कुल 3984 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2345 में लिवाली जबकि 1539 में बिकवाली हुई वहीं 100 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियां हरे जबकि 15 लाल निशान पर बंद हुईं। बीएसई में धातु, बैंकिंग, यूटिलिटीज, एफएमसीजी और दूरसंचार में 0.89 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर 15 अन्य समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे कैपिटल गुड्स 2.05, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.01, रियल्टी 2.15, कमोडिटीज 0.55, सीडी 0.88, ऊर्जा 0.54, हेल्थकेयर 0.69, इंडस्ट्रियल्स 1.67, आईटी 1.08, ऑटो 0.87, तेल एवं गैस 0.53, टेक 0.45 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.79 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा।

## राष्ट्रीय

# जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 4 आतंकियों के जारी किए स्केच

## डोडा आतंकी हमला: गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा

**ब्यूरो, जम्मू**

**अमृत विचार:** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में दो हमलों में शामिल 4 आतंकियों के स्केच जारी किए और उनकी गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की।

गौरतलब है कि मंगलवार को भद्रवाह के चत्तरगल्ला में 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त चौकी पर आतंकियों ने गोलीबारी की, जबकि बुधवार को जिले के गंडोह इलाके में तलाशी दल पर हमला किया गया, जिसमें एक पुलिसकर्मी समेत सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता ने कहा-जम्मू-कश्मीर पुलिस ने चार आतंकियों के स्केच जारी किए हैं, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे भद्रवाह, थाथरी, गंडोह के ऊपरी इलाकों में हैं और आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आतंकी के बारे में सूचना देने वाले को 5 लाख रुपये का नकद इनाम देने की भी घोषणा की गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस लोगों से इन आतंकियों की मौजूदगी और आवाजाही के बारे में सूचना देने की अपील करती है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने रियासी जिले में यात्री बस पर हमले में शामिल एक आतंकवादी का स्केच जारी किया और उसके बारे में सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

### आतंकियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी



केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए विभिन्न जिलों के वन क्षेत्रों में बृहस्पतिवार को व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक महिला ने दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर जम्मू के बाहरी इलाके नरवाल बाईपास क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस संबंध में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। पिछले चार दिन में आतंकवादियों ने रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार जगहों पर हमले किए, जिनमें नौ तीर्थयात्रियों और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की मौत हो गई तथा सात सुरक्षाकर्मी समेत कई अन्य घायल हो गए।

### रियासी बस हमले के 50 संदिग्ध हिरासत में

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर नौ जून को हुए आतंकवादी हमले के सिलसिले में पुलिस ने 50 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि कांडा इलाके में गहन पुलिस जांच में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनके अधार पर संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। जांच से उन लोगों की पहचान और गिरफ्तारी में मदद मिली है, जो हमले की साजिश रचने में संभावित रूप से शामिल हो सकते हैं। पुलिस ने गहन जांच के बाद छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए दूर-दराज के सुदूर इलाकों में अपनी तलाशी बढ़ा दी है। ज्ञातव्य है कि बस पर हमला पौनी के कांडा इलाके में हुआ था, जिसमें 10 लोग मारे गये थे और 33 घायल हुए थे। प्रवक्ता ने कहा-व्यापक जांच सुनिश्चित करने के लिए अरनास और माहोर के दूर-दराज के इलाकों तक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इन अभियानों का उद्देश्य और सबूतों को उजागर करना तथा उन आतंकवादियों को पकड़ना है जो इन दूरदराज के इलाकों में छिपे हो सकते हैं। कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने और क्षेत्र के सभी निवासियों तथा आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में सीआरपीएफ की बस में लगी आग

**रामबन/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की बस में तकनीकी खराबी के कारण आग लग गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बस श्रीनगर से जम्मू जा रही थी और इसमें सवार जवान सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ के काफिले की बस में दोपहर को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैटरी चश्मा के निकट आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और कोई हताहत नहीं हुआ है। वाहन को थोड़ा बहुत नुकसान हुआ है। रामबन के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विजय कोतवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग इंजन की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी।

# नागपुर के निकट कारखाने में हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत



नागपुर के पास एक विस्फोटक-निर्माण फैक्ट्री में विस्फोट के बाद एक घायल को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते लोग। • एजेंसी

**नागपुर, एजेंसी**

- **विस्फोटक कारखाने में दोपहर में हुई घटना, तीन लोग घायल**

महाराष्ट्र में नागपुर शहर के निकट विस्फोटक बनाने वाले एक कारखाने में बृहस्पतिवार अपराह्न हुए विस्फोट में पांच महिलाओं समेत छह श्रमिकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना नागपुर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमना गांव में चामुंडी एक्सप्लोसिव प्राइवेट लिमिटेड में दोपहर एक बजे हुई। नागपुर के पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने बताया कि कुल नौ घायलों को शहर के दो निजी अस्पतालों में लाया गया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि इनमें से पांच महिलाओं और एक पुरुष की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस समय विस्फोट हुआ तब ज्यादातर श्रमिक विस्फोटक सामग्री पैक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच जारी है। केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी ने हादसे पर संवेदना व्यक्त की। उनके कार्यालय ने एक बयान में कहा कि भाजपा नेता ने स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं से यहां शाम को आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम को रद्द करने की भी अपील की है। यह कार्यक्रम लोकसभा चुनावों के बाद गडकरी के फिर से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहर में उनके स्वागत के लिए आयोजित किया गया था। उन्होंने दावा किया कि विस्फोट के बाद से कारखाने के मालिक और प्रबंधक लापता हैं। उन्होंने कहा-उनके समर्थकों ने पीड़ितों के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की।

## एक नजर

### दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में एक दुकान में लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में बृहस्पतिवार को एक दुकान में आग लग गयी, लेकिन उसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि शाम पांच बजे चांदनी चौक इलाके से आग लग जाने के बारे में एक कॉल आयी। चांदनी चौक में नयी सड़क क्षेत्र के मारवाड़ी कटरा में आग लग गई थी। उन्होंने कहा कि 14 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई हैं।

### आतंकवादी के मददगार का मकान कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को आतंकवादियों के मददगार एक व्यक्ति के दो मंजिला मकान को कुर्क कर दिया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिले में गडोले इलाके के लोहार सेन्जी में स्थित रियाज अहमद भट के मकान पर पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत संभागीय आयुक्त कश्मीर के आदेश पर यह कार्रवाई की।

## शिक्षा और रोजगार देने में ट्रांसजेंडर को जाति से परे विशेष श्रेणी में रखें


**चेन्नई, एजेंसी**

- **मद्रास उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए की टिप्पणी**
- **कहा-सरकार ट्रांसजेंडर के लिए अलग मानदंड निर्धारित करे**

मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा है कि ट्रांसजेंडर को उनकी जाति से परे सिर्फ विशेष श्रेणी के तौर माना जाना चाहिए। अदालत ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया कि शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश और रोजगार देने के लिहाज से ट्रांसजेंडर को महिला या पुरुष श्रेणी में न रखा जाए।

न्यायमूर्ति वी. भवानी सुब्बारायन ने 12 जून को पारित आदेश में कहा कि 'प्रत्येक रोजगार और शैक्षिक अवसरों' में सरकार ट्रांसजेंडर के लिए अलग मानदंड निर्धारित करे। सरकार सभी राज्य भर्ती एजेंसियों को निर्देश दे कि वे ट्रांसजेंडर को एक विशेष श्रेणी के रूप में निर्दिष्ट करें और उनके कट-ऑफ अंक के लिए अलग मानदंड निर्धारित करें। भविष्य में रोजगार के अवसरों और शिक्षण संस्थानों में अन्य विशेष श्रेणियों के लिए उपलब्ध उम्र में छूट ट्रांसजेंडर को भी दी जाए, भले ही उनकी जाति कुछ भी हो।

न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि भविष्य में ट्रांसजेंडर को पुरुष या महिला श्रेणी में नहीं माना जाएगा। अदालत ने ट्रांसजेंडर आर अनुश्री की याचिका को स्वीकार कर लिया। उन्हें 2017-18 के लिए संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के अवसर से वंचित कर दिया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता ने योग्य कट-ऑफ अंक प्राप्त किए हैं, इसलिए तमिलनाडु लोक सेवा आयोग याचिकाकर्ता को सत्यापन के लिए दस्तावेज अपलोड करने की अनुमति दे। न्यायाधीश ने कहा कि याचिकाकर्ता को अनुसूचित जाति की महिला श्रेणी में रखा गया था और तमिलनाडु लोक सेवा आयोग (टीएनपीएससी) ने उसे सत्यापन के लिए अपने दस्तावेज अपलोड करने की अनुमति नहीं दी थी, क्योंकि उसने अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए निर्धारित कट-ऑफ से कम अंक प्राप्त किए थे।



## पेमा खांडू बने तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री

**इटानगर, एजेंसी**

भाजपा के नेता पेमा खांडू ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

सीमावर्ती जिले तवांग के मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से निर्विरोध विधायक निर्वाचित हुए खांडू को राज्यपाल के टी परनाइक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और कई अन्य नेताओं की मौजूदगी में शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर पेमा खांडू और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि यह टीम राज्य का विकास और भी तेज गति से करना सुनिश्चित करेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा-अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर पेमा खांडू को बधाई।



## कर्नाटक में दूषित जल पीने से दो लोगों की मौत

**तुमकुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक के तुमकुरु जिले के मधुगिरि तालुका के चिन्नेनाहल्ली गांव में दूषित जल पीने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार बुधवार को यहां एक अस्पताल में जान गंवाने वाले चिक्कादासप्पा (76) और पेद्दान्ना (72) उन लगभग 100 लोगों में शामिल हैं, जो ग्रामीण मेले के दौरान टंकी और पेयजल इकाई का पानी पीने के बाद 10 जून को बीमार पड़ गए थे। जिले के प्रभारी मंत्री परमेश्वर आज अस्पताल पहुंचे और इलाज करा रहे लोगों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली।

# जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार को दिया एक महीने का समय

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी**

- **मराठा आरक्षण: मनोज ने अनिश्चितकालीन अनशन निलंबित किया**

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने छह दिन पहले आरक्षण के मुद्दे पर शुरू किया अपना अनिश्चितकालीन अनशन बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया और समुदाय की मांगों को स्वीकार करने के लिए महाराष्ट्र सरकार को एक महीने का समय दिया।

उन्होंने यह घोषणा उस समय की जब महाराष्ट्र के मंत्री और मराठा आरक्षण उप-समिति के सदस्य शंभूराज देसाई, शिवसेना सांसद सांदीपन भुमरे ने जालना जिले में उनके पैतृक गांव अंतरवाली सरती में उनसे मुलाकात कर इस मुद्दे पर चर्चा की। इससे पहले राज्य के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने भी अंतरवाली सरती में जरांगे से मुलाकात की। धरना स्थल पर लोगों को संबोधित करते हुए जरांगे ने कहा, "हम मराठा समुदाय की मांगों को पूरा करने के लिए सरकार को एक महीने का समय दे रहे हैं। लेकिन हम आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी भी जारी रखेंगे। अगर सरकार हमें आरक्षण नहीं देती है तो हम इसमें (चुनाव में) जाएंगे और इसे (आरक्षण) हासिल करेंगे।

उन्होंने कहा-अगर एक महीने में मांगें पूरी नहीं की गईं तो न तो विपक्ष के सदस्य और न ही सरकार में बैठे लोग हमारे पास आएं। हम (राज्य विधानसभा चुनावों में) उम्मीदवारों के नाम घोषित करके उन्हें हरा देंगे। जरांगे ने आठ जून से अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। वह मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं, जिसके तहत कुनबियों को मराठा समुदाय के सदस्यों के सगे सोयरे (रक्त संबंधी) के रूप में मान्यता दी गई है। साथ ही वह कुनबियों को मराठा के रूप में मान्यता देने के लिए एक कानून की भी मांग कर रहे हैं। कुनबी एक कृषि प्रधान समूह है, जो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में आता है। जरांगे मांग कर रहे हैं कि सभी मराठों को कुनबी प्रमाण पत्र जारी किए जाएं, जिससे वे आरक्षण के लाभ के लिए पात्र बन सकें। जरांगे से मुलाकात के बाद मंत्री देसाई ने कहा-इस मुद्दे पर कल एक बैठक बुलाई जाएगी। पिछले पांच महीनों में से दो महीने आदर्श आचार संहिता (लोकसभा चुनावों के लिए) लागू होने में बीत चुके हैं।





# सुपर आठ में जाने के लिए पीएनजी से भिड़ेगी अफगानिस्तान की टीम

टरूबा (त्रिनिदाद), एजेंसी



अफगानिस्तान की टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में अनुभवहीन पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ सुपर आठ का टिकट पक्का करने की होगी। अफगानिस्तान अगर यह मैच जीतने में सफल रहा तो वह सुपर आठ में पहुंच जाएगा जिसका मतलब होगा की 2021 की उपविजेता न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाएगी।

इस ग्रुप से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को न्यूजीलैंड पर जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। रहमानुल्लाह गुरबाज (156 रन) और फजलहक फारूकी (नौ विकेट) वर्तमान में क्रमशः सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज और विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सबसे आगे है। गुरबाज के अलावा युवा गेंदबाज इब्राहिम जादरान ने भी अफगानिस्तान के लिए बल्ले से प्रभावी योगदान दिया है। उन्होंने 70 के उच्चतम स्कोर के साथ 114 रन बनाए। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज फारूकी ने कप्तान राशिद खान के साथ अच्छा संयोजन बनाया है। राशिद अब तक दो मैचों में छह विकेट ले चुके हैं। पीएनजी को अफगानिस्तान को खिलाफ उलटफेर करने के लिए अपने प्रदर्शन के स्तर को काफी ऊंचा करना होगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से होगा।

# अमेरिका और आयरलैंड के मुकाबले पर टिकी है पाकिस्तान की आस

फ्लोरिडा, एजेंसी



घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन से प्रभावित करने वाली अमेरिका की टीम शुक्रवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए के अहम मुकाबले में आयरलैंड का सामना करेगी तब इस मैच के परिणाम पर पाकिस्तान की भी नजर होगी।

अमेरिका के तीन मैचों में चार अंक है और इस मुकाबले के जीतकर उसके पास सुपर आठ में पहुंचने का सुनहरा मौका है। इससे 2009 की चैंपियन पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। पाकिस्तान को हराने के बाद भारत को कड़ी टक्कर देने वाले अमेरिका के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि आयरलैंड की टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी हैं। यह टीम शुरुआती दो मैचों में मिली हार को पीछे छोड़कर जीत की राह पर लौटने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगी। आयरलैंड के बल्लेबाजों ने भारत और फिर कनाडा के खिलाफ न्यूयॉर्क में काफी खराब बल्लेबाजी की है। अमेरिका के लिए नियमित कप्तान मोनाक पटेल की वापसी राहत की बात होगी। इस मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है और मैच रद होने पर पाकिस्तान की टीम सुपर आठ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। इस स्थिति में अमेरिका के पांच अंक हो जाएंगे और पाकिस्तान अधिकतम चार अंक तक ही पहुंच पाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा।

# दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरना है तो अर्शदीप को मिले तरजीह : कुंबले

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व स्पिनर बोले- मौजूदा फॉर्म को देखते हुए सिराज से आगे हैं अर्शदीप
- विविधता मुहैया कराते हैं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह



पूर्व महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि भारतीय टीम टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले मैचों में अगर दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला करती है तो मौजूदा फॉर्म को देखते हुए मोहम्मद सिराज की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में मौका मिलना चाहिए।

अर्शदीप ने बुधवार को करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के खिलाफ नौ रन देकर चार विकेट झटके। भारतीय टीम ने इस मैच को सात विकेट से जीता। तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह टीम के पहली पसंद के गेंदबाज है और कुंबले का मानना है कि इस विभाग में अर्शदीप और हरफनमौला हार्दिक पंड्या को यह जिम्मेदारी उठानी चाहिए। कुंबले ने कहा मुझे लगता है कि जिस तरह से अर्शदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी ओवर में गेंदबाजी की और उसके पास टी-20 क्रिकेट के लिए जिस तरह की विविधता है उससे लगता है कि वह निश्चित रूप से उसे मोहम्मद सिराज से आगे है। अगर भारत दो तेज गेंदबाजों और हार्दिक पंड्या के साथ जाने का विकल्प अपनाता है तो अर्शदीप विविधता भी मुहैया कराएंगे। अर्शदीप ने अब तक टी-20 विश्व कप के तीनों मैचों में भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 6.2 की इकॉनमी और 10.28 के स्ट्राइक रेट से सात विकेट लिए हैं। इसकी तुलना में सिराज ने तीन मैचों में 66 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ एक विकेट लिया है।

## खेल डायरी

### विल्सन बने चेन्नईयिन एफसी के सहायक कोच

**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग के 2024-25 सत्र से पहले भारत के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नोएल विल्सन को अपना सहायक कोच नियुक्त किया। बेंगलुरु के 44 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी विल्सन मुख्य कोच ओवेन कॉयले के साथ फिर से जुड़ गए हैं। इस जोड़ी ने इससे पहले जमशेदपुर एफसी में एक साथ काम किया था। इन दोनों की देखरेख में जमशेदपुर एफसी ने 2022 में पहली बार आईएसएल लीग विजेता शील्ड खिताब जीता था। विल्सन ने रमन विजयन की जगह ली। विल्सन ने कहा चेन्नईयिन एफसी का हिस्सा बनना हमेशा सम्मान और सौभाग्य की बात है। एक क्लब जिसने आईएसएल के दौ चैंपियनशिप और अन्य उपलब्धियां जीती हैं। मैं खिताब जीतने के क्लब के लक्ष्य को हासिल करने के लिए चेन्नईयिन एफसी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### विधात्री ने बढ़त के साथ शुरू किया करियर

**मैसुरु।** एमेच्योर खिलाड़ी के तौर पर हीरो महिला प्रो-गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) में जीत का स्वाद चख चुकी विधात्री उर्स ने गुरुवार को यहां अपने पेशेवर करियर का आगाज सातवें चरण के शुरुआती दौर शीर्ष स्थान के साथ किया। विधात्री ने एक अंडर 69 का कार्ड खेला। उन्होंने इस दौरान एक बोगी के मुकाबले दो बर्डी लगाए। वह जैस्मीन शेखर और अनन्या गर्ग से दो शॉट आगे हैं। दोनों खिलाड़ी एक ओवर 71 के कार्ड के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। शुरुआती छह होल में चार बोगी लगाने वाली खुशी खनिजाउ ने अच्छी वापसी की और वह दो ओवर के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर है।

### भारत के पुखराज सिंह पहले दौर के बाद बढ़त पर

**लांग एन (वियतनाम)।** भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में आठ अंडर 64 का कार्ड खेला जिससे वह वियतनाम मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में दो शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे। इस 85000 डालर इनामी प्रतियोगिता में कुल 142 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें सात भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अक्षय शर्मा (69) संयुक्त नौवें, सुनहित बिश्नोई (70) संयुक्त 18वें, अर्जुन प्रसाद और सप्तक तलवार (71) संयुक्त 33वें, खलिन जोशी (72) और अमन राज (72) संयुक्त 46वें स्थान तथा अनुभवी राहिल गंगजी (74) संयुक्त 77वें स्थान पर हैं।

### ओलंपिक की तैयारियों का खेल मंत्री ने लिया जायजा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पदभार संभालने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करके इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों का जायजा लिया। अनुराग ठाकुर की जगह खेल मंत्री का पद संभालने वाले मांडविया ने ओलंपिक भवन में उषा सहित आईओए के शीर्ष पदाधिकारियों से मुलाकात की। एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान सहित अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान मांडविया को पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों के बारे में बताया गया। मांडविया ने कहा आज मैंने पहली बार आईओए के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने मुझे पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी की जानकारी दी। सरकार हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। आईओए अध्यक्ष उषा इस बैठक से संतुष्ट दिखी और कहा कि मंत्री के साथ बातचीत पेरिस जाने वाले खिलाड़ियों के लिए अच्छा संकेत है।

### भारत में यूरो कप का बुखार, सोनी नेटवर्क पर प्रसारण

**मुंबई।** दुनिया भर में सर्वाधिक लोकप्रिय खेल फुटबाल की दिग्गज टीमों के बीच जोर आजमाइश शुक्रवार से जर्मनी में शुरु होने वाले यूईएफए यूरो 2024 में होगी वहीं इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के सोनी स्पोर्टस नेटवर्क में होने वाले प्रसारण के कमेंटरी बाक्स में भारत के दिग्गज फुटबॉलर सुनील छेत्री, बाइचुंग भूटिया के अलावा फ्रांस के पैट्रिस एवरा और डेविड जेम्सम मौजूद होंगे। एक महीने तक चलने वाली प्रतियोगिता का ग्रुप चरण 26 जून तक चलेगा जबकि नॉकआउट मुकाबले 29 जून से शुरू होंगे। जर्मनी को ग्रुप ए में रखा गया है जो शुक्रवार 14 जून को म्यूनिख फुटबॉल एरेना में स्कॉटलैंड के खिलाफ शुरुआती मैच खेलेंगे। सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 में प्रतियोगिता का प्रसारण हिन्दी में किया जाएगा। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने अपने लाइव स्टूडियो शो फुटबॉल एक्स्ट्रा के लिए एक्सपर्ट पैनलिस्टों के एक समूह की घोषणा की है।

# जीत के साथ सुपर आठ में पहुंची वेस्टइंडीज

## 13 रन से हारने के बाद ग्रुप सी में अंतिम पायदान पर पहुंची न्यूजीलैंड, आगे की राह कठिन



**68** रनों की शानदार पारी खेलकर शरफेन रदरफोर्ड ने वेस्टइंडीज टीम को संभाला

टरूबा, एजेंसी

शरफेन रदरफोर्ड नाबाद (68) की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद अल्जारी जोसेफ चार विकेट तथा गुडाकेश मोटी तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्वकप के मुकाबले में न्यूजीलैंड को 13 रनों से हरा दिया है। इस तीसरी जीत के साथ ही वेस्टइंडीज की टीम सुपर आठ में पहुंच गई है।

वेस्टइंडीज के 149 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में डेवन कॉन्वे (5) का विकेट गवां दिया। छठें ओवर में जोसेफ ने फिन ऐलन (26) आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। कप्तान केन विलियमसन (1) रचिन रविंद्र (10) को गुडाकेश मोटी ने आउट कर पवेलियन भेज दिया। 11वें ओवर में मोटी ने डैरिल मिचेल (12) को बोल्ड कर न्यूजीलैंड को पांचवां झटका दिया। जिमी नीशम (10), ट्रेंट बोल्ट (7) रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन फिलिप्स ने 33 गेंदों में सर्वाधिक 40 रन बनाए। मिचेल सैंटनर 21 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 136 रन ही बना सकी और 13 रन से मुकाबला हार गई। इस हार के साथ ही न्यूजीलैंड पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। वेस्टइंडीज के रदरफोर्ड को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 1.137 | 0 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.127 | 0 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.493 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 3.580 | 0 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.309 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 1 | -1.800 | 1 |
| ओमान (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.613 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | 5.225 | 0 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.425 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.075 | 0 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.024 | 0 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 1 | -0.539 | 1 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |

### स्कोर बोर्ड

**वेस्टइंडीज 149/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ब्रैंडन किंग कैच कॉन्वे बोल्ड नीशम | 9 | 12 | 0/1 |
| जॉनसन चार्ल्स बोल्ड बोल्ट | 0 | 5 | 0/0 |
| निकोलस पूरन कैच कॉन्वे बोल्ड साउदी | 17 | 12 | 3/0 |
| रॉस्टन चेज कैच रविंद्र बोल्ड फर्ग्युसन | 0 | 3 | 0/0 |
| रोवमन पॉवेल कैच कॉन्वे बोल्ड साउदी | 1 | 5 | 0/0 |
| शरफेन रदरफोर्ड नाबाद | 68 | 39 | 2/6 |
| अकील हुसैन कैच नीशम बोल्ड सैंटनर | 15 | 17 | 0/1 |
| आंद्रे रसल कैच फर्ग्युसन बोल्ड बोल्ट | 14 | 7 | 2/1 |
| रोमारियो शेफर्ड पगबाधा फर्ग्युसन | 13 | 13 | 0/1 |
| अल्जारी जोसेफ बोल्ड बोल्ट | 6 | 6 | 1/0 |
| गुडाकेश मोटी नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 6 रन, गेंदबाजी : बोल्ट 4-1-16-3, साउदी 4-0-21-2, फर्ग्युसन 4-0-27-2 नीशम 4-0-27-1, फिलिप्स 1-0-9-0, सैंटनर 2-0-27-1, मिचेल 1-0-19-0

**न्यूजीलैंड 136/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे कैच चेज बोल्ड हुसैन | 5 | 8 | 0/0 |
| फिन ऐलन कैच रसल बोल्ड जोसेफ | 26 | 23 | 3/1 |
| रचिन रविंद्र कैच रसल बोल्ड मोटी | 10 | 13 | 0/0 |
| केन विलियमसन कैच पूरन बोल्ड मोटी | 1 | 2 | 0/0 |
| डैरिल मिचेल बोल्ड मोटी | 12 | 13 | 1/0 |
| ग्लेन फिलिप्स कैच पॉवेल बोल्ड जोसेफ | 40 | 33 | 3/2 |
| जिमी नीशम कैच किंग बोल्ड जोसेफ | 10 | 11 | 0/1 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 21 | 12 | 0/3 |
| टिम साउदी कैच आउट जोसेफ | 0 | 1 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट कैच चेज बोल्ड रसल | 7 | 4 | 0/1 |
| लॉकी फर्ग्युसन नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्त : 4 रन, गेंदबाज : अकील हुसैन 4-0-21-1, रोमारियो शेफर्ड 3-0-36-0, आंद्रे रसल 4-0-30-1, अल्जारी जोसेफ 4-0-19-4, गुडाकेश मोटी 4-0-25-3, रॉस्टन चेज 1-0-4-0

# प्रणय और समीर क्वार्टर फाइनल में

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ओपन



भारत के अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय और समीर वर्मा ने गुरुवार को विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। प्रणय ने पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन 46 मिनट में 21-17, 21-15 से पराजित किया जबकि समीर को सिंगापुर के आठवें वरीय लोह कीन यूव को 21-14 14-21 21-19 से हराने के लिए एक घंटा ओर दो मिनट तक जूझना पड़ा।

प्रणय शुक्रवार को अगले दौर में जापान के दूसरे वरीय कोडाई नारोआका से भिड़ेंगे जबकि समीर का सामना चीनी ताइपे के चुन यी लिन से होगा। पुरुष एकल में भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जॉर्ज को हालांकि जापान के सातवें वरीय केंटा निशिमोटो से 20-22, 6-21 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू बर्निस तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे की तीसरी वरीयता प्राप्त यू पो पाई से होगा। अनुपमा उपाध्याय और मालविका बंसोड़ हालांकि महिला एकल में दूसरे दौर से बाहर हो गई। अनुपमा को इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ 11-21, 18-21 से जबकि मालविका को इंडोनेशिया की एक अन्य खिलाड़ी आठवीं वरीयता प्राप्त एस्टर नूरमी ट्राई वार्डोयो के खिलाफ 17-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला युगल में पंडा बहनों रुतपर्णा और श्वेतपर्णा का सफर भी खत्म हो गया। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पेई जिंग लाइ और चियू सीन लिम की मलेशियाई जोड़ी से हार गई।

# ध्वस्त हो जाएगा नासाउ स्टेडियम

न्यूयॉर्क, एजेंसी



- 100 दिनों में ड्रॉप-इन पिचों के साथ तैयार हुआ था स्टेडियम, कई खिलाड़ी हुआ घायल
- टी-20 विश्वकप में रोमांचक मैचों का बना गवाह, छोटे स्कोर पर सिमटी हैं कई दिग्गज टीमें

टी20 विश्व कप के लिए अस्थायी तौर पर तैयार यहां के नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान को अपने हिस्से के सभी मैचों की मेजबानी के बाद अब ध्वस्त कर दिया जाएगा। विश्व कप में कम स्कोर वाले कई रोमांचक मैचों के गवाह रहे इस मैदान पर आखिरी मुकाबले में सह मेजबान अमेरिका पर भारत ने सात विकेट की जीत दर्ज की।

लगभग 100 दिनों में तैयार किये गए इस स्टेडियम के लिए एडिलेड में तैयार हुई ड्रॉप-इन पिचों ने बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। स्टेडियम का निर्माण यहां के लॉन्ग द्वीप में 930 एकड़ के आइजनहावर पार्क के किनारे किया गया है। स्टेडियम में 10 ड्रॉप-इन पिचें थीं। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कुछ दिन पहले कहा गया था 12 जून को आखिरी मैच के आयोजन के बाद इस स्टेडियम को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसके हिस्सों को लास वेगास (फार्मूला वन रेस) और एक अन्य गोल्फ मैदान में वापस भेज दिया जाएगा, लेकिन विश्व स्तरीय क्रिकेट पिच को बरकरार रखा जाएगा। स्टेडियम को ध्वस्त करने में लगभग छह सप्ताह का समय लगेगा।

# विंबलडन में नहीं खेलूंगा : नडाल



**लंदन।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल उम्मीद के मुताबिक विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय स्वीडन के बस्ताद में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक की तैयारी करेंगे। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल ने गुरुवार को कहा कि वह ऑल इंग्लैंड क्लब के लिए घास के कोर्ट पर खेलने और फिर क्ले पर वापस आने की बजाय सिर्फ क्ले कोर्ट पर ही खेलना चाहते हैं। नडाल ने कहा, हमारा मानना है कि मेरे शरीर के लिए सबसे अच्छा यही है कि मैं सतह नहीं बदलूं। ओलंपिक के दौरान 27 जुलाई से रोलां गैरो पर टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह फ्रेंच ओपन का आयोजन स्थल है जहां नडाल ने रिकॉर्ड 14 खिताब जीते हैं। वह पिछले डेढ़ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

# विंबलडन की इनामी राशि हुई रिकार्ड पांच करोड़ पाउंड

**लंदन।** ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने गुरुवार को घोषणा की कि विंबलडन की कुल पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड पांच करोड़ पाउंड (लगभग छह करोड़ 40 लाख डॉलर) हो जाएगी जिसमें प्रत्येक एकल चैंपियन को 27 लाख पाउंड (34 लाख 50 हजार डॉलर) मिलेंगे। कुल इनामी राशि पिछले साल की तुलना में 53 लाख पाउंड (68 लाख डॉलर) अधिक है जो 11.9 प्रतिशत की वृद्धि है। यह 10 साल पहले इस ग्रासकोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रतियोगियों को दी गई दो करोड़ 50 लाख पाउंड (मौजूदा विनिमय दर पर तीन करोड़ 20 लाख डॉलर) से दोगुनी है। ऑल इंग्लैंड क्लब की नई अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा कि टिकटों की मांग इस साल से अधिक कभी नहीं रही। इस साल के विजेताओं को मिलने वाली राशि में प्रत्येक वर्ग में 3,50,000 पाउंड (लगभग 4,50,000 डॉलर) की बढ़ोतरी हुई है जो 14.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 2023 में 55,000 पाउंड (70,000 डॉलर) से बढ़ाकर 60,000 पाउंड (लगभग 76,000 डॉलर) मिलेंगे। क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार 14.9 प्रतिशत बढ़कर 48 लाख पाउंड (लगभग 60 लाख डॉलर) हो जाएगा।

# ओलंपिक कोटा देश का होता है, खिलाड़ी का नहीं : बिंद्रा

मुंबई, एजेंसी



ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने गुरुवार को कहा कि प्रतिभाशाली निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल का पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि कोटा देश का होता है किसी व्यक्तिगत खिलाड़ी का नहीं।

पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया था लेकिन वह भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के चयन ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए तथा संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता के बाद तीसरे स्थान पर रहे और इस तरह से भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं बना पाए। ओलंपिक के दिशा-निर्देशों के अनुसार कोई भी देश किसी एक स्पर्धा में ट्रायल्स में शीर्ष पर रहने वाले दो निशानेबाजों को ही भेज सकता है। बिंद्रा ने यहां एक कार्यक्रम से इतर कहा देखिए चयन के लिए एक उचित प्रक्रिया तैयार की गई है और उन्होंने भी उसका पालन किया है।

# मेरा आखिरी क्लब होगा इंटर मियामी : मेसी



**अटलांटा।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी का अपने देश अर्जेंटीना के किसी क्लब से जुड़कर खेल को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है और उन्होंने कहा कि इंटर मियामी उनका अंतिम क्लब होगा। अर्जेंटीना के कप्तान ने कहा मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा अंतिम क्लब होगा। आज की तारीख में मैं यही सोचता हूं कि यह मेरा अंतिम क्लब होने जा रहा है। मेसी अमेरिका में अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ कोपा अमेरिका की तैयारी कर रहे हैं। अर्जेंटीना इस टूर्नामेंट का पिछला चैंपियन है। मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में विश्व कप जीता था। बार्सिलोना के पूर्व स्टार मेसी का इंटर मियामी के साथ अनुबंध 2025 के सत्र के समापन तक है। यूरोप से यहां आने का फैसला मुश्किल था। विश्व चैंपियन बनने से बहुत मदद मिली, और चीजों को अलग तरह से देखने का मौका भी मिला। मैं खेल का आनंद लेने का प्रयास करता हूं। अर्जेंटीना के कई प्रशंसकों को उम्मीद थी कि मेसी अपने पहले क्लब न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज की तरफ से खेलकर अपने करियर का अंत करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# भारतीय मूल के नीति विशेषज्ञ तरल गिरफ्तार

ह्यूस्टन, एजेंसी

- ऑनलाइन गलत पहचान और मिथ्या प्रस्तुति के आरोप में टेक्सास रेंजर्स ने की कार्रवाई



भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक एवं तीस-वर्षीय नीति विशेषज्ञ एवं टेक्सास के कंट्री कमिश्नर पद के लिए उम्मीदवार तरल पटेल को टेक्सास रेंजर्स ने ऑनलाइन गलत पहचान और मिथ्या प्रस्तुति के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। गलत पहचान का अपराध टेक्सास चुनाव संहिता के तहत श्रेणी-'ए' का अपराध है।

फोर्ट बेंड काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी का पब्लिक इंटीग्रिटी डिवीजन टेक्सास रेंजर्स के साथ मिलकर प्रीसिंक्ट-तीन कमिश्नर पद के राजनीतिक उम्मीदवार पटेल के खिलाफ शिकायत की जांच कर रहा है। टेक्सास चुनाव संहिता में ऑनलाइन गलत पहचान के लिए थर्ड-डिग्री और पहचान की मिथ्या प्रस्तुति के लिए श्रेणी-ए के अपराध के आरोप मुख्य शिकायतें हैं। पटेल को घोर अपराध के लिए 20,000 और चूक के लिए 2,500 अमेरिकी डॉलर के बॉण्ड पर रखा गया है और अगर वह बॉण्ड राशि जमा नहीं कराते तो गुरुवार सुबह मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा।

# द.अफ्रीका में मंकीपॉक्स के पांच मामलों की पुष्टि

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने कहा है कि मई में मंकीपॉक्स के प्रकोप के बाद दक्षिण अफ्रीका हाई अलर्ट पर है, जिसमें प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए पांच मामले हैं तथा इनमें एक की मौत भी हुई है। फाहला ने मीडिया को बताया कि मंकीपॉक्स से पीड़ित सभी पांच मरीज तीन क्वाज़ुलु-नताल प्रांत से और दो गौतेंग प्रांत से हैं, जिनका कोई यात्रा इतिहास नहीं था। दो अब भी अस्पताल में भर्ती हैं और एक की सोमवार को जोहान्सबर्ग के एक अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने कहा डब्ल्यूएचओ के अनुसार सभी पांच मामलों को गंभीर मामलों के रूप में वर्गीकृत किया गया था, जिसके लिए भर्ती होने की आवश्यकता होती है।

# जी-7 यानि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं का समूह

### कब हुई पहली बैठक

शुरुआत में यह छह देशों का समूह था, जिसकी पहली बैठक 1975 में हुई थी। इस बैठक में वैश्विक आर्थिक संकट के संभावित समाधानों पर विचार किया गया था। अगले साल कनाडा इस समूह में शामिल हो गया और इस तरह यह जी-7 बन गया।

### कैसे करता है काम

जी-7 देशों के मंत्री और नौकरशाह आपसी हितों के मामलों पर चर्चा करने के लिए हर साल मिलते हैं। प्रत्येक सदस्य देश बारी-बारी से इस समूह की अध्यक्षता करता है और दो दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करता है। शिखर सम्मेलन के अंत में एक सूचना जारी की जाती है, जिसमें सहमति वाले बिंदुओं का जिक्र होता है।




जी-7 दुनिया की सात सबसे बड़ी कथित विकसित और उन्नत अर्थव्यवस्था वाले देशों का समूह है, जिसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमरीका शामिल हैं। इसे ग्रुप ऑफ़ सेवन भी कहते हैं। समूह खुद को कम्यूनिटी ऑफ़ वैल्यूज यानी मूल्यों का आदर करने वाला समुदाय मानता है। स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की सुरक्षा, लोकतंत्र और क़ानून का शासन और समृद्धि और सतत विकास, इसके प्रमुख सिद्धांत हैं।

### रूस क्यों नहीं शामिल

साल 1998 में इस समूह में रूस भी शामिल हो गया था और यह जी-7 से जी-8 बन गया था, लेकिन साल 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया हड़प लेने के बाद रूस को समूह से निलंबित कर दिया गया था। वहीं दो सालों से यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के कारण भी रूस को समूह में पुनः शामिल नहीं किया जा रहा है।

### भारत करता रहा है सुधार का आह्वान

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के शासनकाल के दौरान भी भारत ने पांच बार जी-7 (तत्कालीन जी-8 समूह) में भाग लिया था। भारत लंबे समय से वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक संस्थानों और समूहों में सुधार करने का आह्वान करता रहा है।

### जी-7, जी-20 में अंतर

जी-20 समूह देशों का एक बड़ा समूह है, जिसमें जी-7 समूह के सदस्य भी शामिल हैं। जी-20 समूह का गठन वर्ष 1999 में वैश्विक आर्थिक चिंताओं से निपटने हेतु और अधिक देशों को एक साथ एक मंच पर लाने के उद्देश्य से किया गया था। जी-20 समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था के तकरीबन 80 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। जी-7 के विपरीत, जो वैश्विक समुदाय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करता है। वहीं जी-20 में केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाज़ारों से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाता है।

## एक नजर

### रूस ने यूक्रेन के चार ड्रोन को मार गिराया

**मॉस्को।** रूस के हवाई सुरक्षा बलों ने यारोस्लाव क्षेत्र में यूक्रेन के तीन ड्रोन और व्लादिमीर क्षेत्र एक ड्रोन को मार गिराया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पिछली रात के दौरान यूक्रेन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र में लक्ष्यों के खिलाफ मानव रहित हवाई (यूएवी) वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमले करने के कई प्रयासों को रोक दिया गया था। ड्यूटी पर वायु रक्षा प्रणालियों ने यारोस्लाव क्षेत्र में तीन यूएवी और व्लादिमीर क्षेत्र में एक यूएवी को नष्ट कर दिया।

### हूती विद्रोहियों ने पोत पर मिसाइल से हमला किया

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा अदन की खाड़ी में गुरुवार को कथित रूप से एक पोत पर मिसाइल से हमला किया गया जिससे जहाज पर आग लग गई। ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड मारीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर' ने बताया कि यह हमला यमन के अपतटीय क्षेत्र में अदन की खाड़ी में हुआ। उसने कहा कि हमले के बाद पोत में आग लग गई। निजी सुरक्षा कंपनी 'एम्ब्रे' ने कहा कि व्यापारिक जहाज ने परेशानी में होने की सूचना देते हुए कहा कि उसपर एक मिसाइल से हमला हुआ है।

### लीबिया से 163 बांग्लादेशी प्रवासी निर्वासित

**त्रिपोली।** लीबिया से बंगलादेश के 163 नागरिकों को निर्वासित किया गया है। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने बुधवार को कहा कि उसने इस सप्ताह लीबिया से 163 प्रवासियों को उनके गृह देश बंगलादेश लौटने में सहायता की है। आईओएम ने ट्वीट किया आईओएम का स्वैच्छिक मानवीय वापसी (वीएचआर) कार्यक्रम फंसे हुए और कमजोर प्रवासियों की सहायता करना जारी रखता है जो लीबिया से अपने गृह देशों में लौटने के लिए सहायता का अनुरोध करते हैं।

### ईरान से फ्रांसीसी नागरिक रिहा : मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि ईरान ने फ्रांसीसी नागरिक लुइस अर्नोद को रिहा कर दिया है। मीडिया रिपोर्टों में मैक्रों के हवाले से यह जानकारी दी गयी। रिपोर्टों के मुताबिक मैक्रों ने कहा, लुईस अर्नोद रिहा हो गए हैं। ईरान में लंबे समय तक कैद रहने के बाद कल वह फ्रांस पहुंचेंगे। उन्होंने अर्नोद को रिहा करने में मदद के लिए ओमान को धन्यवाद दिया और ईरान से तीन अन्य फ्रांसीसी नागरिकों को अविलंब रिहा करने का आग्रह किया।

# यूक्रेन को 50 अरब डॉलर का ऋण

## जी-7 सम्मेलन में यूक्रेन में जारी युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाने की संभावना

बोर्गो एग्नाजिया (इटली), एजेंसी

- इटली की प्रधानमंत्री बोलीं- बैठक का संदेश ग्लोबल साउथ के साथ संवाद और एकता का हो
- जी-7 शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले पहले पोप बनेंगे पोप फ्रांसिस




जी-7 उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन की शुरुआत गुरुवार को अमेरिका द्वारा यूक्रेन को 50 अरब डॉलर के ऋण के लिए समर्थन देने के प्रस्ताव पर सहमति के साथ हुई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने दक्षिणी इटली के एक रिसॉर्ट में आयोजित शिखर सम्मेलन में जी-7 के राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत करते हुए कहा कि वह चाहती हैं कि इस बैठक का संदेश 'ग्लोबल साउथ' के साथ संवाद और एकता का हो। जी-7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन में जारी युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाया रहने की संभावना है।

पोप फ्रांसिस जी-7 शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले पहले पोप बनेंगे। पोप के यूक्रेन पर रूस के हमले और गाजा में इजराइल-हमास संघर्ष के शांतिपूर्ण अंत के लिए अपनी अपील को भी दोहराने की उम्मीद है। जी7 में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे इटली ने कई अफ्रीकी नेताओं को भी आमंत्रित किया है। अन्य अतिथियों में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन शामिल हैं। अमेरिकी प्रस्ताव में रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन की मदद के लिए 50 अरब अमेरिकी डॉलर का ऋण देने की बात शामिल है।

### शामिल नहीं होंगे सऊदी अरब के प्रधानमंत्री

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद इटली में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बुधवार को बताया कि इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जियो मेलोनी को भेजे गए एक संदेश में सऊदी प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन के निमंत्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि वह हज सीज़न के कार्यों की देखरेख से संबंधित प्रतिबद्धताओं के कारण सम्मेलन में भाग नहीं ले पाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्राउन प्रिंस ने सऊदी अरब-इटली संबंधों की गहराई पर भी ध्यान दिया और सम्मेलन की सफलता की कामना की। जी7 सम्मेलन 13-15 जून तक इटली के अपुलीया क्षेत्र में होगा।

### हो सकती है बाइडन और मोदी की मुलाकात

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मिलने की संभावना है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए एयर फोर्स वन के विमान में इटली प्रस्थान के दौरान सुलिवन ने संवाददाताओं से कहा, उन्हें (बाइडन को) उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी वहां आएंगे। भारत ने फिलहाल औपचारिक रूप से उनकी (मोदी) उपस्थिति की पुष्टि नहीं की है लेकिन हमें उम्मीद है कि दोनों नेता एक-दूसरे से मिल सकते हैं। मुलाकात कैसी होगी फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है क्योंकि कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर बृहस्पतिवार को इटली के लिए रवाना होंगे। इटली ने 14 जून को होने वाले 50वें जी7 शिखर सम्मेलन के लिए भारत को आउटरीच कंट्री के तौर पर आमंत्रित किया है। क्वात्रा ने मोदी की इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की पुष्टि की।

# यूक्रेन को 50 नए बख्तरबंद वाहनों की आपूर्ति शुरू

**ओटावा।** कनाडा के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने गुरुवार को कहा कि कनाडा ने यूक्रेन के लिए विशेष रूप से तैयार किये गये पहले चार बख्तरबंद वाहन भेजे है। ब्लेयर ने 'एक्स' पर लिखा, यूक्रेन के लिए कनाडाई श्रमिकों द्वारा निर्मित 50 नए बख्तरबंद वाहनों में से पहले चार यूक्रेन के सशस्त्र बलों के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, पहले 10 बख्तरबंद एम्बुलेंस हैं, जो चिकित्सा उपकरण और कवच के साथ आते हैं जो यूक्रेन के सैनिकों को सुरक्षित निकालने और घायल कर्मियों का इलाज करने में सक्षम बनाएंगे।

# अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पर हुआ मुकदमा

वाशिंगटन, एजेंसी

- सीमा पर शरणार्थियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने पर हुई कार्रवाई



अप्रवासी अधिकार संगठनों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन के हालिया निर्देश को लेकर बाइडन प्रशासन पर मुकदमा किया। बाइडन ने हाल ही में दक्षिणी सीमा पर शरणार्थियों के प्रवेश पर प्रभावी रूप से रोक लगा दी थी, जिसका विरोध करते हुए समूह ने दावा किया कि राष्ट्रपति का यह निर्णय ट्रंप प्रशासन के दौरान उठाये गये कदम से बहुत अलग नहीं है, जिसपर अदालतों ने रोक लगा दी थी।

लास अमेरिकाज इमिग्रेंट एडवोकेसी सेंटर और आरएआईसीईएस की ओर से अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) और अन्य ने यह मुकदमा दाखिल किया है। यह मुकदमा सीमा पर बाइडन की व्यापक कार्रवाई की वैधता की पहली परीक्षा है।

# एलन मस्क और स्पेसएक्स पर मुकदमा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- यौन उत्पीड़न और कार्यशैली को चुनौती देने के कारण नौकरी से निकालने का लगाया आरोप



स्पेसएक्स और उसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क पर कंपनी के आठ पूर्व कर्मचारियों ने मुकदमा दायर किया है। इन पूर्व कर्मचारियों का आरोप है कि मस्क ने कंपनी में व्याप्त यौन उत्पीड़न और शत्रुतापूर्ण कार्यशैली को चुनौती देने के कारण उन्हें नौकरी से निकालने का आदेश दिया।

कैलिफोर्निया राज्य की अदालत में मुकदमा दायर करने वाले कर्मचारियों ने कंपनी के प्रबंधन को 2022 में लिखे खुले पत्र में अपनी शिकायतों का विवरण दिया, जिसे उन्होंने कंपनी के इंट्रानेट (किसी कंपनी द्वारा उपयोग किया जाने वाला निजी नेटवर्क) के माध्यम से साझा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अगले दिन चार लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया और अन्य को बाद में आंतरिक जांच के बाद नौकरी से निकाला गया। जनवरी में संघीय राष्ट्रीय श्रम संबंध बोर्ड ने नौ बर्खास्त कर्मचारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों के आधार पर स्पेसएक्स के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज कराई।

# चीन में पढ़ने वाले छात्रों के एफएक्यू जारी किए गए

बीजिंग, एजेंसी

- साल 2016, 2017 और 2018 बैच के भारतीय छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जून और जुलाई में भारत लौटने वाले हैं

भारतीय दूतावास ने चीन में अध्ययन कर रहे भारतीयों के लिए अपनी वेबसाइट पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) प्रकाशित किए हैं ताकि उन्हें चीनी कॉलेजों से प्राप्त दस्तावेजों व डिग्रियों के सत्यापन से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा सके। साल 2016, 2017 और 2018 बैच के भारतीय छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जून और जुलाई में भारत लौटने वाले हैं, ऐसे में चीनी कॉलेजों से प्राप्त डिग्री के लिए आवश्यक दस्तावेजीकरण से संबंधित कई प्रश्न बुधवार को प्रकाशित किए गए हैं।

एफएक्यू में इन दस्तावेजों के सत्यापन के लिए दूतावास और शंघाई व गुआंगजू में भारतीय वाणिज्य दूतावासों द्वारा ली जाने वाली फीस, त्वरित आधार पर दस्तावेजों के सत्यापन में लगने वाला समय, भारत में स्वीकृति के लिए दूतावास से दस्तावेजों के सत्यापन की आवश्यकता, भारत में विभिन्न चिकित्सा परिषदों द्वारा दूतावास को भेजे गए दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया आदि के बारे में कई प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं। चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत और वाणिज्य दूत नितिनजीत सिंह ने छात्रों से अनुभव जाने।

# नए विचार पेश करने से हमास का इनकार

गाजा, एजेंसी

- गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव पर किए गए दावों का किया खंडन

हमास ने गाजा युद्धविराम प्रस्ताव के लिए नए विचार पेश करने से इनकार किया है। हमास ने बुधवार को उन दावों का खंडन किया कि उसने गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव के लिए नए विचार पेश किए हैं। एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

हमास के एक करीबी सूत्र ने बताया कि हमने जो कुछ किया वह मध्यस्थों द्वारा गत पांच मई को प्रस्तुत की गई बातों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करना था और हमने किसी भी नए विचार या प्रस्ताव पर चर्चा नहीं की। सूत्र ने दावा किया कि प्रस्ताव में ऐसे खंड शामिल हैं कि अगर बातचीत से सकारात्मक परिणाम नहीं निकलते हैं तो यह इज़रायल को दूसरे चरण के बाद युद्ध फिर से शुरू करने की अनुमति देते हैं। सूत्र ने कहा हमने इजरायल को युद्ध फिर से शुरू करने से रोकने और समझौते के चरणों की शर्तों के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय गारंटी का अनुरोध किया।

सूत्र ने बताया कि हमास ने स्थायी युद्धविराम, गाजा पट्टी से इजरायली सेना की वापसी, विस्थापित लोगों की उनके घरों में वापसी, गाजा के पुनर्निर्माण और नाकाबंदी की समाप्ति की मांग की है। हमास ने यह बात अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के एक बयान के जवाब में दी है। ब्लिंकन ने कहा था कि हमास ने युद्धविराम और बंधक समझौते में कई परिवर्तन का सुझाव दिया था।

### गाजा में मृतकों की संख्या 37,202 हुई

**गाजा, एजेंसी।** गाजा पट्टी पर जारी इजरायली हमलों में मृतकों की संख्या बढ़कर 37202 हो गयी है। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों की ओर से जारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना की कार्रवाई में 38 फिलीस्तीनी मारे गए और 100 अन्य घायल हो गए। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 में फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 37,202 हो गई और 84,932 लोग घायल हो गए। बयान में कहा गया कि भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे में दबे रहे। सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए इजरायल ने गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर हमला किया।

# आईएसआई पर परेशान करने का आरोप लगाया

लाहौर, एजेंसी

- आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद अब्बास ने लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पिछले साल मई में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रहे आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश ने खुफिया एजेंसी आईएसआई पर अपने पक्ष में फैसले कराने के मकसद से उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान करने का आरोप लगाया है।

आतंकवाद रोधी अदालत (सरगोधा) के न्यायाधीश मोहम्मद अब्बास ने लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मलिक शहजाद अहमद खान को एक पत्र लिखकर बताया है कि आईएसआई के अधिकारियों ने उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान किया है।

### तोड़फोड़ के मामले में इमरान खान बरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, उनके सहयोगी शाह महमूद कुरैशी और पूर्व मंत्री शेख राशिद को तोड़फोड़ के एक मामले में गुरुवार को बरी कर दिया। यह मामला 2022 में तोड़फोड़ में कथित संलिप्तता के आधार पर इस्लामाबाद के आई-9 थाने में दर्ज किया था।

# बॉलीवुड हलचल

## आनंद महिंद्रा ने कल्कि के हीरो बुज्जी की सवारी की

**मुंबई, एजेंसी।** महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा ने कल्कि 2898 एडी के पांचवे हीरो बुज्जी की सवारी की है। आगामी विज्ञान कथा महाकाव्य कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने हाल ही में हैदराबाद में एक भव्य कार्यक्रम में भविष्य के वाहन बुज्जी का अनावरण किया, जो फिल्म के पांचवें और अंतिम नायक हैं। बुज्जी इस फिल्म में प्रभास के किरदार भैरवा का सबसे अच्छा दोस्त है। आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया पर कल्कि 2898 एडी के निर्देशक नाग अश्विन और बुज्जी के लिए उनके दृष्टिकोण की काफी प्रशंसा की थी। आनंद महिंद्रा अब आखिरकार बुज्जी से मिल चुके हैं। बुज्जी से मिलने के तुरंत बाद, आनंद महिंद्रा ने इसमें घूमने का अनुभव करने का फैसला किया। इस ऐतिहासिक मुलाकात का एक वीडियो साझा करते हुए, निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर लिखा, "#बुज्जी की मुलाकात <bha>@</bha>आनंदमहिंद्रा से हुई नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 27 जून को रिलीज होगी।

## करण की किल का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मा प्रोडेक्शन के बैनर तले बनीं करण जौहर की फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म किल में मुख्य भूमिका लक्ष्य लालवानी ने निभायी है। किल के ट्रेलर की शुरुआत लक्ष्य नाम के सैनिक से होती है, जो ट्रेन में अपनी गर्लफ्रेंड तान्या मानिकतला को प्रपोज करता है। हालांकि, उनका ये रोमांटिक सफर कुछ ही देर में एक बुरे सपने में बदल जाता है, क्योंकि ट्रेन में गुंडों की एक टोली आ जाती है और तान्या के किरदार को बंदी बना लेती है। इसके बाद शुरू होता है खूनी खेल। लक्ष्य, एक अचानक रक्षक से राक्षस बन जाता है। इसके बाद एक-एक कर वो गुंडों को ढूंढ- ढूंढ कर मारता है। कुछ ही देर में चलती ट्रेन लाशों से भर जाती है। धर्मा प्रोडक्शंस और गुनीत मोंगा की सिख्या एंटरटेनमेंट ने किल का प्रोडक्शन किया है।

## आईपीएस ऑफिसर किरण बेदी पर बनेगी बायोपिक

**मुंबई, एजेंसी।** देश की पहली महिला आईपीएस ऑफिसर किरण बेदी पर बायोपिक बनायी जा रही है। ड्रीम स्लेट पिक्चर्स ने हाल ही में इस बायोपिक का ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दिया है, जिसका नाम बेदी : द नेम यू नो है। इस बायोपिक में किरण बेदी की जिंदगी के उन हिस्सों को बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा, जो अबतक कोई नहीं जानता. किन चुनौतियों का उन्हें सामना करना पड़ा? उनके माता-पिता से लेकर बाकी चीजें भी बायोपिक में दिखेंगी। फिल्म के निर्देशक कुशल चावला अपने इंस्टा हैंडल पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, ''यह रहा! कुशल चावला की लिखित और निर्देशित डॉ. किरण बेदी के जीवन पर बायोपिक फीचर फिल्म हमारी अनाउंसमेंट है। उम्मीद है आपको मोशन पोस्टर देखने में आनंद आया होगा।

**खगोल विज्ञान** | नासा का रोवर्स मंगल से पृथ्वी पर पहुंचा रहा है जानकारी

# सौर तूफानों से बुरी तरह जूझ रही मंगल की धरती

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सूर्य से निकलने वाले सौर तूफानों से लालग्रह मंगल की धरती इन दिनों बुरी तरह जूझ रही है। मंगल पर मौजूद नासा के रोवर्स के जरिए यह जानकारी सामने आई है। मंगल की धरती पर अंतरिक्ष मौसम के पड़ने वाले प्रभावों को लेकर वैज्ञानिक निरंतर अध्ययन कर रहे हैं।

पृथ्वी से बाहर इंसान के लिए दूसरा घर बसाने का सपना मंगल ग्रह पर साकार हो सकता है, जिसके चलते मंगल के वातावरण व जलवायु का निरंतर अध्ययन किया जा रहा है। मंगल पर पृथ्वी जैसा मौसम नहीं है। हालाकि मंगल पर धूलभरे हल्के तूफान उठते हैं, जो महीनों तक सक्रिय रह सकते हैं। साथ ही वसंत व शीत का मौसम रहता है, लेकिन मानसून जैसी बारिश नही होती। जिस कारण मंगल को निर्जीव व वियावान माना जाता है। ध्रुवीय हिस्सों में जमी हुई बर्फ रहती है। इस मौसम से परे मंगल पर एक बड़ी बाधा अंतरिक्ष मौसम है। जिस कारण सौर विकिरण मंगल की धरती के वातावरण को बुरी तरह प्रभावित करता है। जिसकी जानकारी नासा का क्यूरियोसिटी रोवर हरपल जुटा रहा है। नई जानकारी के अनुसार 20 मई को भीषण सौर तूफान मंगल की धरती से टकराया था।

इस घटना मे बढ़ी मात्रा में सौर कण क्यूरियोसिटी रोवर पर लगे कैमरे में कैद हो गए। इतना भीषण सौर तूफान पहले कभी नही देखा गया था। यदि इस तरह का तूफान पृथ्वी से टकरा जाय तो बड़ी हानि पहुचा जाता। नासा के अनुसार गहरे अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं कैसे घटित होती हैं और मंगल ग्रह पर पहले अंतरिक्ष यात्रियों को कितना विकिरण जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। जिस कारण यह जानकारी महत्वपूर्ण हो चली है।

### एक्स 12 श्रेणी का हुआ था विस्फोट

**नैनीताल :** नासा के अनुसार मंगल ग्रह पर हुई अभी तक कि सबसे बड़ी घटना 20 मई को हुई थी। सौर विस्फोट में सौर ज्वाला की तीव्रता एक्स 12 आंकी गई थी। यह वास्तव में भयानक सौर ज्वाला थी। ईएसए और नासा के संयुक्त मिशन सोलर ऑर्बिटर अंतरिक्ष यान ने इस विस्फोट को देखा था।



सौर तूफानों से घिरी मंगल की धरती।